नई दिल्ली

शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 177

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 29
न्यून. 17

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com






HONDA The Power of Dreams | How we move you. CREATE • TRANSCEND, AUGMENT

The Honda Joy Fest

Bring Home a Honda, Bring Home Joy

*GET GST BENEFIT UP TO ₹14000/-

इंस्टेंट कैशबैक ₹5000/-* तक | लोन 100%* तक

कम ब्याज दर @6.99%* | कम EMI ₹49* प्रतिदिन

Scan to download MyHonda-India Customer Connect App




अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

*Terms and Conditions apply.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in


# मौजूदा 56 बिलियन डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक दोगुना करेंगे भारत-ब्रिटेन

**गुरुवार को मुंबई में आयोजित किए गए भारत-ब्रिटेन सीईओ फोरम को संबोधित करते हुए बोले प्रधानमंत्री मोदी**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मुंबई में आयोजित किए गए भारत-ब्रिटेन सीईओ फोरम को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई अस्थिरता के बीच यह वर्ष भारत-ब्रिटेन संबंधों के मध्य स्थिरता बढ़ाने वाला रहा है।

जिसमें बीते जुलाई महीने में दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता यानी 'सीटा' पर हस्ताक्षर किया जाना बेहद महत्वपूर्ण है। ये समझौता केवल एक व्यापार संबंधी समझौता नहीं है। बल्कि विश्व की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच साझा प्रगति, समृद्धि और समान रूप से आम जनता का रोडमैप है। दोनों देशों को एक-दूसरे के बाजारों तक पहुंच बढ़ाने के साथ ही इससे एमएसएमई को भी काफी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही भारत और ब्रिटेन में लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए दरवाजे भी खुलेंगे। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी है। गौरतलब है कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर बीते 8 अक्टूबर से भारत के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उनके साथ 125 सदस्यीय वृहद व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी स्वदेश पहुंचा। ⏩ शेष पेज 5 पर




### यूं बढ़ें जटिल खनिजों, रेयर अर्थ पर आगे

*पीएम ने कहा कि भारत में नीति संबंधी स्थिरता, अपेक्षित नियम और बड़े पैमाने पर मांग मौजूद है। जिससे इंफ्रास्ट्रक्चर, फार्मा, ऊर्जा, वित्त सहित हर क्षेत्र में काफी अवसर मौजूद हैं। टेलीकॉम, एआई, सेमीकंडक्टर, बायोटेक, क्वांटम, साइबर-स्पेस जैसे क्षेत्रों में हमारे बीच सहयोग की अनगिनत संभावनाएं हैं। हम सह-डिजाइन, विकास की ओर बढ़ रहे हैं। यही समय है जब हम सहयोग की इन संभावनाओं को ठोस बनाने की दिशा में आगे बढ़ें। जटिल खनिजों, रेयर अर्थ, एपीआई जैसे सामरिक क्षेत्रों में हमें ढांचागत तरीके से आगे बढ़ना चाहिए। जिससे हमारे संबंधों को भविष्य की दिशा मिलेगी। फिनटेक में भारत का सामर्थ्य दुनिया के सामने है। दुनिया के 50 फीसदी रियल टाइम डिजिटल ट्रांजेक्शन भारत में हो रहे हैं। वित्तीय सेवाओं में ब्रिटेन का अनुभव, भारत का डीपीआई मिलकर पूरी मानवता का हित कर सकते हैं।*

एक्स पोस्ट में बोले प्रधानमंत्री

## ट्रंप की शांति योजना के पहले चरण पर हुए समझौते का पीएम ने किया स्वागत

- बंधकों की रिहाई और गाजा के लोगों को मानवीय सहायता बढ़ने से आएगी स्थायी शांति



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बीते करीब दो साल से भीषण जंग से जूझ रहा गाजा धीरे-धीरे ही सही आखिरकार शांति की ओर बढ़ रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता में इजरायल और हमास के बीच शांति योजना के पहले चरण को लेकर एक समझौते पर सहमति बनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका स्वागत किया है। गुरुवार को एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की शांति योजना के पहले चरण को लेकर हुए समझौते का हम स्वागत करते हैं। यह इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के मजबूत नेतृत्व को दर्शाता है। भारत आशा करता है कि बंधकों की रिहाई और गाजा के लोगों को मानवीय सहायता बढ़ने से बहुप्रतीक्षित राहत मिलेगी और क्षेत्र में स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त होगा।

### ऐसा होगा योजना का पहला चरण

*राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच हाल ही में अमेरिका में हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद पश्चिम-एशिया में शांति की राह खुली है। ट्रंप ने इसके लिए एक 20 सूत्रीय शांति योजना का प्रस्ताव रखा था। फिलहाल पहले चरण के तहत इलाके में जो चीजें धरातल पर क्रियान्वित होती हुई नजर आएंगी। उनमें गाजा के स्थानीय लोगों तक मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए पांच क्रासिंग खोली जाएंगी, करीब 20 इजरायली बंधकों की रिहाई होगी, गाजा वापसी से जुड़े नक्शे में बदलाव के साथ इजरायल भी अपनी जेलों में बंद फिलिस्तीन के कैदियों को रिहा करेगा।*

### ट्रंप ने सराहे सभी पक्षों के प्रयास

*ट्रंप ने एक्स पोस्ट में कहा कि मुझे ये घोषणा करते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि इजरायल और हमास दोनों ने हमारी शांति योजना के पहले चरण पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। जिसका अर्थ यह है कि जल्द ही सभी बंधकों की रिहाई हो जाएगी और* ⏩ शेष पेज 5 पर

### ट्रंप, नेतन्याहू से पीएम मोदी ने की बात

*प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बातचीत भी की है। एक्स पर अपनी दो पोस्ट में उन्होंने यह जानकारी दी। जिसमें कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के साथ बातचीत में मैंने उन्हें एतिहासिक गाजा शांति योजना की सफलता की बधाई दी। साथ ही व्यापार वार्ता में हासिल की गई अच्छी प्रगति की समीक्षा की। आगामी हफ्तों के दौरान निकट संपर्क में बने रहने के लिए हमने बातचीत के दौरान सहमति जताई है। इसके अलावा इजराइल के पीएम के साथ संवाद में उन्हें राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा तैयार की गई गाजा शांति योजना को लेकर बधाई दी। साथ ही कहा कि बंधकों की रिहाई को लेकर हुए समझौते का हम स्वागत करते हैं। भारत गाजा के लोगों के लिए मानवीय सहायता बढ़ाने के पक्ष में है। दुनिया के किसी भी भाग में कहीं पर भी आतंकवाद के सभी रूपों और प्रकारों को अस्वीकार करने को लेकर प्रतिबद्धता भी जताई।*


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### रिंकू सिंह को अंडरवर्ल्ड से धमकी, पांच करोड़ मांगे



**अलीगढ़।** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी अलीगढ़ के रिंकू सिंह को अंडरवर्ल्ड से धमकी देने का मामला सामने आया है। छह माह पहले उनकी प्रमोशनल टीम को मैसेज भेजकर पांच करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। मुंबई क्राइम ब्रांच ने दो लोगों को गिरफ्तार करके इसका खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार ये धमकी 'डी कंपनी' यानी मोस्ट वॉन्टेड गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम गैंग ने दी थी। अलीगढ़ पुलिस ने भी रिंकू के परिवार से संपर्क किया।

### इनोवेशन के मामले में भारत तीसरे स्थान पर



**नई दिल्ली।** भारत इनोवेशन के मामले में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस बात को देश में फाइल होने वाले पेटेंट्स साबित कर रहे हैं। साल 2025 में अब तक कुल 80,000 से ज्यादा पेटेंट्स हो चुके हैं। 2014 में इनकी संख्या केवल 40,000 थी। यानी 10 साल में फाइल होने वाले पेटेंट्स की संख्या में 100% से भी ज्यादा है। नई दिल्ली में आयोजित इंडिया मोबाइल कांग्रेस में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर ने कहा कि नवाचार को राष्ट्रीय आंदोलन का रूप दिया है।

बैठक के बाद दोनों देशों के बीच हुए दर्जन-भर समझौते

# भारत-ब्रिटेन की बढ़ती साझेदारी वैश्विक स्थिरता और आर्थिक प्रगति का महत्वपूर्ण आधार

- दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच महाराष्ट्र में हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद दिए साझा बयान में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
- दोनों शीर्ष नेताओं ने हिंद-प्रशांत, पश्चिम-एशिया में शांति-स्थिरता, यूक्रेन संघर्ष पर साझा किए विचार
- भारत ने यूक्रेन, गाजा मामले पर बातचीत-संवाद से शांति बहाली के तमाम प्रयासों को दिया समर्थन





हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से उत्पन्न संकट और विश्व स्तर पर जारी सैन्य संघर्षों के बीच गुरुवार को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में भारत और ब्रिटेन के प्रधानमंत्रियों के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल ⏩ शेष पेज 5 पर

### सीईटीए के जल्द सत्यापन से होगा लाभ

*मंत्रालय ने बताया कि बैठक में पीएम मोदी और पीएम स्टार्मर ने सीईटीए के सत्यापन को लेकर सहमति प्रदान की है। जिससे दोनों देशों को जल्द ही इस अहम समझौते का लाभ मिल सकेगा। संयुक्त आर्थिक-व्यापार समिति की पुनः स्थापना का भी दोनों ने स्वागत किया। जो प्रशासन में सहयोग, सीईटीए के उपयोग को बढ़ावा देगा और इससे हमारी व्यापार-निवेश भागीदारी को भी बल मिलेगा। व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के जरिए प्रधानमंत्री स्टार्मर ने भारत-ब्रिटेन में व्यापार, निवेश की संभावनाओं को साझा किया। जिसमें निर्माण, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वच्छ ऊर्जा, रक्षा, शिक्षा, खेल, संस्कृति, विज्ञान-तकनीक, नवाचार जैसे क्षेत्र मुख्य हैं। कनेक्टिविटी में सुधार, विमानन क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने को लेकर दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने प्रतिबद्धता जताई है। भारत-यूके हवाई सेवा समझौते के नवीनीकरण को लेकर जारी बातचीत का भी दोनों ने स्वागत किया। एयरस्पेस क्षेत्र में सहयोग में इजाफा होगा। पीएम मोदी ने कहा, सीईटीए से दोनों देशों में आयात कीमतें घटेंगी, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बनेंगे, व्यापार बढ़ेगा। जिसका लाभ हमारे उद्योग-उपभोक्ता दोनों को मिलेगा। भारत का जोश, यूके की विशेषज्ञता मिलकर एक अनोखी सहक्रिया बनाती हैं। हमारी साझेदारी प्रतिभा, तकनीक से संचालित होने वाली एक विश्वसनीय साझेदारी है।*

### ब्रिटेन के 9 विवि भारत में खोलेंगे कैंपस

*पीएम नरेंद्र मोदी ने खुशी जताते हुए कहा कि ब्रिटेन के 9 विश्वविद्यालय भारत में अपना कैंपस खोलेंगे। साउथहैंपटन यूनिवर्सिटी के गुरुग्राम कैंपस का हाल में उद्घाटन हुआ है, छात्रों का पहला समूह प्रवेश ले चुका है। जबकि भविष्य में ब्रिटेन के लैंकेस्टर विश्वविद्यालय का परिसर बेंगलुरु में खोला जाएगा, जिसके लिए दोनों देशों के बीच आशय पत्र सौंपे गए हैं। गिफ्ट सिटी में सरे विश्वविद्यालय का परिसर खोलने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है।*

### यूएन में स्थायी सदस्यता को ब्रिटेन का समर्थन

*दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने बैठक में वैश्विक शांति, समृद्धि और नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। बहुपक्षीय मंचों में सुधार को लेकर निकटता से कार्य किया* ⏩ शेष पेज 5 पर

## प्रधानमंत्री मोदी कल 'पीएम धन-धान्य योजना' और 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' की करेंगे शुरुआत

- वर्ष 2030-31 तक दलहन बुवाई क्षेत्रफल 275 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 310 लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य : चौहान
- कहा, 126 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज किसानों को वितरित करेंगे, 88 लाख नि :शुल्क बीज के किट भी बांटे जाएंगे
- 1,000 प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित की जाएंगी, 25 लाख की सब्सिडी दी जाएगी : केंद्रीय कृषि मंत्री



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में प्रेस वार्ता कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 11 अक्टूबर 2025 को जारी होने वाली महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि महत्वपूर्ण रबी फसल की बुवाई के समय प्रधानमंत्री मोदी किसानों की समृद्धि और कल्याण ⏩ शेष पेज 5 पर

पार्टी ने असम के लोगों से किए गए वादों को पूरा नहीं किया और स्थानीय समुदायों को धोखा दिया: गोहेन

## असम में भाजपा को लगा झटका, पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेन गोहेन समेत 18 नेताओं का इस्तीफा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अगले में साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा को राज्य में बड़ा झटका लगा है। असम में भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेन गोहेन समेत 18 नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। राजेन गोहेन ने 1999 से 2019 तक नागांव संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और 2016 से 2019 तक रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री भी रहे। भाजपा में रहते हुए वो पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। राजेन गोहेन ने अपना इस्तीफा राज्य प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया को सौंपा है। उन्होंने ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उन्होंने इस्तीफा इसलिए दिया क्योंकि पार्टी ने असम के लोगों से किए गए वादों को पूरा नहीं किया और स्थानीय समुदायों को धोखा दिया, जबकि बाहरी लोगों को राज्य में बसने की अनुमति दी। ⏩ शेष पेज 5 पर

## बिहार चुनावः राहुल गांधी विदेश से लौटेंगे तब होगा महागठबंधन के बीच सीटों का बंटवारा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन में सीट बँटवारे को लेकर तेज़ हलचल शुरू हो गई है। उम्मीद है कि रविवार तक राजद के साथ सीटों पर सहमति बन जाएगी। कांग्रेस पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा की राहुल गांधी के कोलंबिया से चुनाव वापसी के बाद ही महागठबंधन के विभिन्न दलों के बीच सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दिया जा सकेगा। प्रशांत किशोर ने सबसे पहले गुरुवार को 51 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर भाजपा, कांग्रेस, जदयू, राजद, वामदल समेत अन्य दलों से बाजी मार की है। सूत्रों के अनुसार, इस बार कांग्रेस को लगभग 50-55 सीटें मिल सकती हैं। जबकि राजद कम से कम 140 सीटों पर चुनाव लड़ने का इरादा जता चुकी है। बाकी सीटें वाम दलों और अन्य सहयोगियों के लिए छोड़ी जाएंगी। पिछली बार कांग्रेस 70 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। महज़ 20 सीटों पर ही विजय ⏩ शेष पेज 5 पर

लोक सभा अध्यक्ष ने बारबाडोस में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के 68वें सम्मेलन के अवसर पर आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता की

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विवेकपूर्ण और नैतिक उपयोग को बढ़ावा दें : बिरला

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राष्ट्रमंडल देशों के सांसदों से आग्रह किया कि वे प्रौद्योगिकी का समुचित उपयोग करते हुए और डिजिटल डिवाइड की समस्या का समाधान करते हुए आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विवेकपूर्ण और नैतिक उपयोग को बढ़ावा दें। बारबाडोस में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) के 68वें सम्मेलन के दौरान 'प्रौद्योगिकी का लाभ उठानाः डिजिटल परिवर्तनों के माध्यम से लोकतंत्र को सशक्त बनाना और डिजिटल डिवाइड को दूर करना' विषय पर आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए, बिरला ने कहा कि आपसी सहयोग से और जानकारी साझा करते ⏩ शेष पेज 5 पर

विश्व को देंगे राम मंदिर पूरा होने का संदेश

## 25 नवंबर को अयोध्या में 21 फीट का 'ध्वजारोहण' करेंगे पीएम मोदी

**ध्वज का स्वरूप, रंग और प्रतीक चिन्ह तय करने की जिम्मेदारी चंपत राय को सौंपी**

एजेंसी ⏭ अयोध्या



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को अयोध्या में 21 फीट का ध्वजारोहण करेंगे। इसके साथ ही राम मंदिर निर्माण पूरा होने की घोषणा की जाएगी। राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि राम मंदिर सिर्फ राष्ट्र मंदिर नहीं है बल्कि अंतरराष्ट्रीय राम मंदिर बने। यह बात सभी क्षेत्र, सभी वर्ग और सभी विचारधारा के लोग स्वीकार करें, ऐसा प्रधानमंत्री का सपना है और जब ये सपना साकार होता दिखाई पड़ता है तब मन को संतोष मिलता है। 25 नवंबर अयोध्या के लिए एक ऐतिहासिक दिन होगा। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या पहुंचकर राम मंदिर के शिखर पर 21 फीट का ध्वजारोहण करेंगे। यह दिन ऐतिहासिक इसलिए भी होगा कि इस दिन राम मंदिर निर्माण पूर्ण होने की घोषणा भी की जाएगी। राम मंदिर के ध्वजारोहण के साथ प्रधानमंत्री पूरे विश्व को राम मंदिर निर्माण कार्य पूरा होने का संदेश देंगे। वैदिक आचार्यों ⏩ शेष पेज 5 पर

हंगरी के उपन्यासकार लास्ज़लो क्रास्नाहोर्काई को साहित्य का नोबेल पुरस्कार

## लास्जलो का समग्र लेखन प्रलयकारी भय के बीच भी कला की शक्ति की पुष्टि करता है

**उनकी रचनाओं में भले ही दुनिया बिखरती हो, लेकिन उस टूटन में भी वे सौंदर्य और जिजीविषा खोज लेते हैं**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दुनिया के प्रतिष्ठित साहित्य के नोबेल पुरस्कार की भी घोषणा गुरुवार को कर दी गई है। यह पुरस्कार हंगरी के उपन्यासकार और पटकथा लेखक लास्ज़लो क्रास्नाहोर्काई को दिया गया है। इस साल का साहित्य का नोबेल पुरस्कार उन्हें उनके प्रभावशाली और दूरदर्शी साहित्यिक कार्यों के लिए दिया गया है, जो प्रलयकारी भय के बीच भी कला की शक्ति की पुष्टि करते हैं। बुकमेकर्स (शर्त लगाने वाले) अक्सर नोबेल अकादमी की पसंद को सही नहीं पकड़ पाते, लेकिन वे साहित्यिक दुनिया की उम्मीदों और पक्षपात को जरूर दर्शाते हैं। इस साल हंगरी के लास्ज़लो क्रास्नाहोर्काई बुकमेकर्स की सूची में दूसरे स्थान पर थे, जबकि ऑस्ट्रेलियाई लेखक जेराल्ड मर्ने शीर्ष पर थे। मगर लास्जलो ने बाजी मार ली। इस दौड़ में शामिल अन्य दावेदारों में मेक्सिको की क्रिस्टिना रिवेरा ⏩ शेष पेज 5 पर

### प्रलय के भविष्यवक्ता की झोली में गया नोबेल



नोबेल पुरस्कार 2025 प्रलय के भविष्यवक्ता कहे जाने वाले लास्जलो के खाते में गया। उनकी रचनाएं उस मानवीय स्थिति को दर्शाती हैं जब सभ्यता पतन के कगार पर होती है, लेकिन उसी अराजकता में विश्वास, सौंदर्य और अस्तित्व की संभावना भी नजर आती है।

### ये हैं लास्जलो के प्रमुख उपन्यास

*उनके प्रमुख उपन्यासों में सेटेंनटेंगो, द मेलेनकॉली ऑफ रेसीस्टेंस और बैरॉन वेंनकेंमिंस होमकमिंग शामिल हैं। उनकी लेखन शैली लंबी, सम्मोहक और चक्रवात-सी है। जैसे खुद अराजकता की भाषा हो, जो निराशा, आस्था और विडंबना के बीच घूमती है। उनकी रचनाओं में भले ही दुनिया बिखरती हो, लेकिन उस टूटन में भी वे सौंदर्य और जिजीविषा खोज लेते हैं।*

## दिल्ली पुलिस अधिकारी की तीस हजारी कोर्ट में दिल का दौरा पड़ने से मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** तीस हजारी कोर्ट में तैनात दिल्ली पुलिस के 50 वर्षीय सहायक उपनिरीक्षक की कथित तौर पर दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे घटी जब अदालत में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात राजेश अपनी नियमित शिफ्ट के लिए पहुंचे। उन्होंने बताया कि अदालत परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में वह अपने सहकर्मियों का अभिवादन करते हुए बैठने की जगह की ओर बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं तभी वह अचानक लड़खड़ाकर जमीन पर गिर पड़े। पुलिस ने बताया कि साथी पुलिसकर्मी उन्हें पास के एक अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल अधिकारियों के अनुसार, संदेह है कि मौत का कारण दिल का दौरा पड़ना है। राजेश अदालत की सुरक्षा और जांच शाखा में तैनात थे।

### पुलिस ने दो नाबालिगों समेत चार को दबोचा

# पूर्वी दिल्ली के पार्क में सेल्समैन की चाकू मारकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के दिलशाद गार्डन इलाके के एक पार्क में 24 वर्षीय युवक की लूटपाट के दौरान कुछ लोगों ने चाकू मारकर हत्या कर दी। मृतक सेल्समैन की नौकरी करता था। वारदात के समय उसकी महिला मित्र भी उसके साथ मौजूद थी। सीमापुरी थाने की पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुये दो नाबालिगों समेत चार आरोपियों को पकड़ लिया है।

गुरू तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल से सीमापुरी थाने में चाकू लगने पर एक शख्स को भर्ती करवाये जाने की सूचना मिली थी। वीरेश को चाकू के तीन



घाव एक गर्दन, पेट और एक सीने पर था। वीरेश की मौत के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि वीरेश अपनी एक महिला मित्र के साथ दिलशाद गार्डन स्थित डियर पार्क गया था, तभी उस पर हमला हुआ। मौके पर मौजूद भावना ने पुलिस को बताया कि कुछ लोगों ने उन्हें लूट लिया। लूट और निजी दुश्मनी समेत कई पहलुओं पर जांच की गई। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के इलाकों से सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए और दो नाबालिगों समेत चार आरोपियों को दबोच लिया। वीरेश अपने परिवार के साथ दिलशाद गार्डन के पॉकेट ई में रहता था। पोस्टमार्टम के बाद उसका शव उसके परिवार को सौंप दिया गया।

# प्रेमिका की हत्या का आरोपी हरियाणा से हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कोटला मुबारकपुर में 25 वर्षीय युवती की चाकू मारकर हत्या का आरोपी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी हिमांशु ने बताया कि उसे अपनी प्रेमिका पर बेवफाई का शक था। वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है।

डीसीपी अंकित चौहान ने एक प्रैसवार्ता में बताया कि हांसी निवासी 'हिस्ट्रीशीटर' हिमांशु को दिल्ली से भागने के बाद बुधवार रात गिरफ्तार कर लिया गया। ओखला स्थित एक निजी कंपनी में काम करने वाली साक्षी के साथ अंकित के संबंध थे और वह पिछले एक साल से कोटला मुबारकपुर इलाके में रह रही थी। दोनों की मुलाकात राजस्थान में हुई थी और फिर वह कई बार एक दूसरे से मिलते रहे। प्रारंभिक जांच में पता लगा कि हिमांशु मंगलवार शाम साक्षी के घर



गया था। आरोपी को शक था कि साक्षी पहले से ही किसी अन्य व्यक्ति के साथ रिश्ते में है, जिसको लेकर दोनों के बीच बहस हुई। बहस के दौरान हिमांशु ने चाकू से साक्षी पर कई बार हमला किया और कमरे को बाहर से बंद कर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि इमारत में झगड़ा होने और सीढ़ियों पर खून के धब्बों के संबंध में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को रात नौ बजकर 19 मिनट पर सूचना मिली थी। अधिकारी ने कहा कि घटनास्थल पर पहुंची टीम ने पाया कि पहली मंजिल पर एक कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। अंदर जाकर देखा तो कमरे में एक युवती खून से लथपथ पड़ी थी। उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके चेहरे और गले पर गहरे जख्म थे, जिससे पता चल रहा था कि उस पर किसी धारदार हथियार से हमला किया गया था। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। युवती की पहचान हौज खास निवासी साक्षी के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि आस-पास के इलाकों के 250 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और तकनीकी निगरानी की मदद से आरोपी का पता लगाकर हरियाणा से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

**तिनसुकिया मंडल में एस एंड टी का कार्य**


**निविदा सूचना संख्या: N-2025-26-TSK-NIT-24, दिनांक: 06-10-2025.** निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **निविदा संख्या : N-2025-26-TSK-T-24; आइटम का संक्षिप्त विवरण :** उत्तर लखिमपुर-मुरकंगसेलेक (एसएल) और फरकाटिंग-जोरहाट टाउन-मरियानी (एसएल) से जुड़े एस एंड टी का कार्य - ट्रैक मशीन साइडिंग का प्रावधान - क्रमश: 7 और 1 । **निविदा मूल्य : ₹2,28,90,600.80/-; अग्रिम राशि: ₹2,64,500/-;** निविदा के बंद होने की तिथि और समय **31-10-2025** को **15:00** बजे तथा बंद होने के बाद **31-10-2025** को **खोला** जाएगा। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी।

**डीआरएम (एस एंड टी), तिनसुकिया**

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पांच हजार नहीं चुकाने पर युवक को चाकू मारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रोहिणी में पांच हजार रुपये के कर्ज को लेकर एक युवक पर चाकू से हमला करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी का नाम रितिक उर्फ सावन बताया गया है। उसके पास से हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार पांच अक्टूबर को बाबा साहेब आंबेडकर अस्पताल से सूचना मिली कि रोहिणी के इंदिरा जेजे कैंप निवासी रवि (22) नामक युवक को गर्दन पर चाकू के गंभीर घाव के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मौके पर पहुंची

■ **पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

और भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1) (हत्या का प्रयास) के तहत दक्षिण रोहिणी थाने में मामला दर्ज किया। सीसीटीवी फुटेज और खुफिया जानकारी के आधार पर रितिक उर्फ सावन की पहचान की गई और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि उसने पांच हजार रुपये का कर्ज न चुकाने को लेकर पीड़ित पर हमला किया था। सावन आदतन अपराधी है और पहले भी छह आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

### देशी विदेशी प्रतिनिधि हुए शामिल

# डीएमआरसी ने की यूआईटीपी इंडिया अर्बन रेल कॉन्फ्रेंस 2025 की मेजबानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने गुरुवार 9 अक्टूबर 2025 को यूआईटीपी इंडिया अर्बन रेल कॉन्फ्रेंस 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। डीएमआरसी के अनुसार यह सम्मेलन साइबर सुरक्षा पर केंद्रित था। भारत के प्रधानमंत्री कार्यालय के पूर्व और प्रथम राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक, डॉ. गुलशन राय ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्मेलन की शोभा बढ़ाई और मुख्य भाषण दिया। वहीं सम्मेलन में फ्रांस, कनाडा, स्पेन, पुर्तगाल और ऑस्ट्रिया सहित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मेट्रो संगठनों और उद्योग विशेषज्ञों के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिससे यह शहरी रेल क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान का एक बेहतरीन मंच बन गया। चर्चा के दौरान साइबर-सक्षम मेट्रो-सुरक्षित शहरी गतिशीलता प्रणाली




का निर्माण, मेट्रो रेल का आधुनिकीकरण- आईटी और ओटी का अंतर्संबंध, भारत और विदेशों में शहरी रेल प्रणालियों के लिए रोडमैप, मेट्रो रेल में परिचालन तकनीक की सुरक्षा- एक जीवनचक्र दृष्टिकोण आदि जैसे प्रमुख विषय शामिल रहे। डीएमआरसी ने बताया कि सम्मेलन में वैश्विक शहरी रेल पारिस्थितिकी तंत्र को आकार देने वाले नवीनतम विकास, नवाचारों और उभरते रुझानों पर वार्ता और ज्ञान-साझाकरण सत्र भी शामिल थे। दिल्ली मेट्रो द्वारा आयोजित यूआईटीपी इंडिया अर्बन रेल कॉन्फ्रेंस 2025 वैश्विक विशेषज्ञों और हितधारकों के बीच विचारों, अनुभवों और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान के लिए एक मूल्यवान मंच के रूप में कार्य किया। डीएमआरसी शहरी रेल प्रणाली के क्षेत्र में निरंतर सहयोग और नवाचार के लिए प्रतिबद्ध है।

# ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी में एक आरोपी पकड़ा

**नई दिल्ली।** रोहिणी पुलिस ने बांग्लादेश बनाम अफगानिस्तान क्रिकेट मैच के दौरान एक ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में एक सट्टेबाज को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक लैपटॉप, एक एलईडी टीवी और पांच मोबाइल फोन जब्त किये गये। पुलिस के अनुसार स्पेशल स्टाफ ने ऑपरेशन पैंथर क्लॉ के तहत एक सट्टेबाज को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम रोहित गोयल उर्फ काली बताया गया है।

## रोहिणी में मुठभेड़ के बाद मेरठ हत्याकांड का वांछित आरोपी पकड़ा

**नई दिल्ली।** मेरठ में हत्या के एक मामले से जुड़े अपराधी को बृहस्पतिवार सुबह रोहिणी में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी का नाम हमजा बताया गया है। पुलिस के साथ हुई संक्षिप्त गोलीबारी में वह पैर में गोली लगने से घायल भी हुआ। पुलिस के अनुसार विशेष सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक टीम ने रोहिणी में आरोपी को रोका। जब उसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, तो उसने गोली चला दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसमें बदमाश घायल हो गया। आगे की जांच जारी है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरि० मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/उत्तर रेलवे, ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए GeM पोर्टल **(https://gem.gov.in)** पर आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | GEM/2025/B/6756535, दिनांक 06.10.2025 |
| कार्य का विवरण | ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती के लिए मासिक आधार पर तीन वर्ष की अवधि के लिए 01 एसयूवी और 03 एमयूवी/पिकअप वैन (बहुउद्देशीय उपयोग हेतु) किराए पर लेने का प्रावधान। |
| अनुमानित लागत | ₹ 1,02,25,512.00 (GST सहित) |
| बयाना राशि | ₹ 2,01,130.00 |
| कार्य अवधि | 03 वर्ष |
| निविदा खुलने की तिथि, समय | 27.10.2025, 17:30 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउन लोड करने के इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा GeM पोर्टल पर उपलब्ध है जो कि है **https://gem.gov.in** दिनांक 06.10.2025 से प्रभावी है। |

**सं० : 25.8.934.DSL.SSB दिनांक : 07.10.2025** **3119/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में डीयू ने किया उल्लेखनीय सुधार

# डीयू ने विभिन्न मानकों में किया बेहतर प्रदर्शन : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने शिक्षण, शोध वातावरण, शोध गुणवत्ता, उद्योग जुड़ाव और अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण में बेहतर प्रदर्शन किया है, जो अकादमिक डिलिवरी, रिसर्च एक्सीलेंस और इंटरनेशनल कोलोब्रेशन के प्रति डीयू की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने गुरूवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डीयू ने टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचई) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। कुलपति ने बताया कि पिछले वर्ष के 801-1000 बैंड के मुक़ाबले इस बार दिल्ली विश्वविद्यालय 601-800 बैंड में पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि यह प्रगति वैश्विक उच्च शिक्षा उत्कृष्टता को परिभाषित करने वाले प्रमुख प्रदर्शन स्तंभों में डीयू की निरंतर प्रगति को दर्शाती है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय की बढ़ी हुई शोध उत्पादकता, गुणवत्ता और प्रभाव पर ध्यान तथा मजबूत वैश्विक साझेदारियों ने इन सकारात्मक परिणामों में योगदान दिया है, जिससे भारत के अग्रणी उच्च शिक्षा संस्थानों में से एक के रूप में डीयू की प्रतिष्ठा मजबूत हुई है। प्रो. योगेश सिंह ने इसके लिए डीयू के संकाय, शोधकर्ताओं और छात्रों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इन सबकी प्रतिबद्धता और लगन ही अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में डीयू की उन्नति में निरंतर सहायक रही है।

**प्रगति के इस पथ पर आगे बढ़ने के लिए समर्पित**

इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए डीय कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि ये निरंतर उपलब्धियां हमारे संकाय, छात्रों, कर्मियों, पूर्व छात्रों और हितधारकों के शैक्षणिक विशिष्टता और वैश्विक प्रासंगिकता के प्रति समर्पण एवं सामूहिक प्रयास की पुष्टि करती हैं। गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, अंतःविषय शिक्षण और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की विश्वविद्यालय की एकीकृत पहल के स्पष्ट परिणाम सामने आ रहे हैं। हम विश्व स्तरीय विश्वविद्यालयों के लिए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप प्रगति के इस पथ पर आगे बढ़ने के लिए समर्पित हैं।

### 100 प्रतिशत कूड़े को स्रोत स्थल पर ही अलग करने का दर्जा किया हासिल

# एनडीएमसी ने न्यू मोती बाग को अपनी पांचवीं अनुपम कॉलोनी घोषित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने गुरूवार को न्यू मोती बाग को एनडीएमसी क्षेत्र में पांचवीं अनुपम कॉलोनी घोषित किया। यह एक आवासीय परिसर है, जिसे अब सतत और आत्मनिर्भर अपशिष्ट प्रबंधन के एक आदर्श के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है। एनडीएमसी प्रशासन ने गुरूवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि न्यू मोती बाग ने 100 प्रतिशत कूड़े को स्रोत स्थल पर ही अलग अलग करने का दर्जा हासिल कर लिया है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि प्रत्येक परिवार जिम्मेदार अपशिष्ट प्रबंधन में सक्रिय रूप से भाग ले रहे है। यह कॉलोनी एक पूर्णतः एकीकृत वृत्ताकार अपशिष्ट प्रबंधन पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतिनिधित्व करती है, जहां परिसर के भीतर हर प्रकार के अपशिष्ट का वैज्ञानिक रूप से प्रसंस्करण और पुनः उपयोग किया जाता है।

एनडीएमसी अध्यक्ष ने स्वच्छ, हरित और आत्मनिर्भर नई दिल्ली के एनडीएमसी के दृष्टिकोण को प्राप्त करने की दिशा में निवासियों और आरडब्ल्यूए के सक्रिय दृष्टिकोण की सराहना की। एनडीएमसी प्रशासन ने बताया कि न्यू मोती बाग के रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए), विशेष रूप से सुधांशु पांडे, सेवानिवृत्त आईएएस, (सचिव, स्थानीय - आरडब्ल्यूए) की इस कॉलोनी को शहरी स्थिरता के लिए एक मानक में बदलने में उनके समर्पित प्रयासों और सहयोग के लिए विशेष सराहना की गई।

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई– निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र० सं० | निविदा सं० | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 07250026B | लोअर स्प्रिंग बीम अरेंजमेंट | 606 नग | 30-10-25 |
| 02 | 11253711 | ब्रूशेस पेंट्स एंड वर्निशस | 5946 नग | 04-11-25 |
| 03 | 07251165 | हेक्स हेड बोल्ट एम 24 X 90 | 46654 नग | 17-11-25 |
| 04 | 16255015 | एयर कंप्रेसर (वाटर कूल्ड) | 10 नग | 17-11-25 |
| 05 | 07250028 | लेवलिंग वाल्व फॉर एयर स्प्रिंग सस्पेंशन | 2149 नग | 18-11-25 |
| 06 | 07250453 | ओवरहालिंग किट फॉर ब्रेक सिलिंडर टू के बी आई | 2923 सेट | 08-12-25 |
| 07 | 07251149 | डबल एक्टिंग हाइड्रोलिक शॉक | 2210 नग | 17-12-25 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं० 53/2025–2026 दिनांक 09.10.2025 3121/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अभियुक्त–1, सुनीता, पत्नीः** स्वार्थ प्रसाद, और **अभियुक्त–2, स्वार्थ प्रसाद, पताः** एल–1, मकान न. 104, गली न. 04, अस्थल मन्दिर रोड, बुद्ध बाजार, संगम विहार, दिल्ली, **FIR No. 180/2021, U/s 498A/406/34 IPC, थानाः** जगतपुरी, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त दोनों अभियुक्त, **सुनीता** और **स्वार्थ प्रसाद,** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दोनों अभियुक्त **सुनीता** और **स्वार्थ प्रसाद,** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 180/2021, U/s 498A/406/34 IPC, थानाः** जगतपुरी, दिल्ली, के उक्त दानों अभियुक्त **सुनीता** और **स्वार्थ प्रसाद,** से अपेक्षा की जाती है कि वह दोनों इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हों।

**आदेशानुसार**
**श्रीमती मीना चौहान, एलडी.**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी**
**महिला कोर्ट–01, कमरा न. 54**
**द्वितीय तल, जिला शाहदरा**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/13647/SHD/2025**
**(Court Matter)**

# दिवाली से पहले 78 सौ किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे किए जब्त, 32 लोग गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने दिवाली से पहले एक सितंबर से शहर भर में 78 सौ किलोग्राम से अधिक अवैध पटाखे जब्त किए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि अब तक 32 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह अभियान विभिन्न पुलिस जिलों और इकाइयों द्वारा चलाया गया है जिनमें अपराध शाखा और एएटीएस टीमें भी शामिल हैं। यह अभियान दिवाली के दौरान प्रदूषण को कम करने के लिए पटाखों की बिक्री, भंडारण और उपयोग पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों और दिल्ली सरकार द्वारा लगाए गए पूर्ण प्रतिबंध के अनुरूप



है। पुलिस के अनुसार, सबसे बड़ी बरामदगी 25 सितंबर को हुई, जब पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन की टीम ने विशाल एन्क्लेव के एक घर से 3,580 किलोग्राम पटाखे जब्त किए। एक परिवार के तीन सदस्यों- सुशील कक्कड़, उपासना और शिवम को पटाखे जमा करने और उनकी पैकेजिंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, श्यह खेप मेरठ, गुरुग्राम और गाजियाबाद से दिल्ली में बेचने के लिए मंगवाई गई थी। पटाखे घर के रसोई सहित हर कोने में रखे गए थे जो सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा था।" इससे पहले 16 सितंबर को, पुलिस ने बदरपुर के मोलादबंद इलाके में एक छत पर बने कमरे से 225 किलोग्राम पटाखे जब्त किए थे और धर्मवीर सिंह को गिरफ्तार किया था, जिसने कथित तौर पर हरियाणा के पलवल से यह सामान खरीदा था। उत्तरी दिल्ली के विजय नगर में 27 सितंबर को दो लोगों- ललित कुमार गुलाटी और मुकुल वासन को गिरफ्तार कर 164 किलोग्राम पटाखे बरामद किए गए। बिंदापुर के मटियाला गांव में दो अक्टूबर को एक और बड़ी बरामदगी हुई, जब 693 किलोग्राम पटाखे बरामद किए गए। आरोपी दिलबाग सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने मंडोली में एक और गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए भगवती प्रसाद, उसके बेटे तरुण सिंघल और आपूर्तिकर्ता राजीव गोयल को गिरफ्तार किया और प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए गए। अभियान के एक अन्य चरण में, अपराध शाखा और जिला पुलिस इकाइयों ने द्वारका, रोहिणी, उत्तम नगर, शास्त्री नगर, मुकुंदपुर और शाहदरा में छापेमारी की, जिसमें 1,645 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए गए और छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि यह खेप हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से खरीदी गयी थी।

## उपचुनावों में वोट षडयंत्र नहीं हुए तो कांग्रेस सभी 12 वार्डों पर भारी बहुमत से विजयी होगीः यादव

नई दिल्ली। रिक्त पड़े निगम वार्डों पर उप चुनाव की आहट के साथ ही राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई है। इसी कड़ी में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने गुरुवार को तैयारियों को लेकर कोआर्डिनेशन कमेटी सहित अन्य महत्वपूर्ण नेता मौजूद थे। इस अवसर पर यादव ने कहा कि निगम उपचुनावों में भाजपा की वोट चोरी पर यदि लगाम लगी और चुनाव पारदर्शिता के साथ हुए तो मैं दावे के साथ कहता हूं कांग्रेस पार्टी सभी 12 वार्डों पर निश्चित रूप से जीत दर्ज करने में कामयाब होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली राज्य चुनाव आयोग अगर निगम उप चुनावों को जल्दी भी करता है तो कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से तैयार है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के अलावा दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. नरेंद्र नाथ, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, सुरेंद्र कुमार, राजेश गर्ग, प्रदेश महिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह आदि मौजूद थे। निगम उपचुनावों से संबधित इस महत्वपूर्ण बैठक में यादव ने कहा कि हम राहुल गांधी के साथ जुड़कर भाजपा की संवैधानिक अधिकार वोट की चोरी के खिलाफ एकजुट होकर लड़ रहे हैं। पिछले 8 महीनों से भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार ने दिल्ली के लोगों से किया एक भी वादा पूरा नही किया है और आम आदमी पार्टी दिल्ली में विलुप्त हो रही है। इस दिल्ली वाले अब कांग्रेस को विकल्प के रुप में देख रहे है। यादव ने कहा कि पिछले 6 महीनों से निगम में भी भाजपा की सरकार है, निगम दिल्ली मे सफाई की जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। कूड़े के पहाड़ कम करने का दावा किया, कुछ नही हुआ। सड़क, गली, कॉलोनियों के साथ हर कौने पर गंदगी के ढेर पड़े है और मानसून में जल भराव से दिल्ली को जूझना पड़ा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **मूल चंद, पुत्रः** होरीलाल, **पताः** बी–50 अध्यापक नगर नांगलोई निहाल विहार, दिल्ली **FIR No. 1333/2021, U/s 323/341 IPC, पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मूल चंद,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मूल चंद,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मूल चंद, FIR No. 1333/2021, U/s 323/341 IPC, पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**कोमल गर्ग**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03 (पश्चिम)**
**कमरा नं. 292**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/13573/OD/2025**
**(Court Matter)**

## 'एक जनवरी 2028 तक दिल्ली कूड़े के पहाड़ से हो जाएगी मुक्त'

**केन्द्रीय गृह मंत्री ने दिल्ली सरकार की लगभग 1816 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया**

# 2029 से पहले हम यमुना को कर देंगे स्वच्छ : अमित शाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने वादा किया था कि हम 2029 से पहले यमुना को स्वच्छ करने का काम पूरा कर देंगे। भ्रष्टाचार कम करने और विज्ञापनों पर कम पैसा खर्च करने मात्र से ही यमुना का शुद्धिकरण हो जाएगा। यह बातें गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली के केशोपुर सीवर ट्रीटमेंट प्लांट पर उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली सरकार की लगभग 1816 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली सरकार के सभी मंत्री और दिल्ली के सांसद सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अपने संबोधन में शाह ने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में लगातार काम करते हुए 24 वर्षों की यात्रा पूरी की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इन 24 साल में अपने शासन के दौरान अनेक नई शुरुआत की जिनसे हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को पूरा करने की नींव डालने का काम हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन के दिन सेवा पखवाड़ा शुरू हुआ था और उस दिन भी दिल्ली में 1700 करोड़ रुपए से अधिक की 17 परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन हुआ था।

आज जब सेवा पखवाड़ा समाप्त हो रहा है तब भी 1800 करोड़ रुपए की लागत वाली 11 योजनाओं का लोकार्पण और 8 योजनाओं का शिलान्यास हो रहा है। शाह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में अगले 7 महीनों में प्रयागराज तक यमुना को स्वच्छ करने की कार्ययोजना बन चुकी है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने कहा था कि वे यमुना को साफ कर उसमें डुबकी लगाएंगे, उन्होंने डुबकी नहीं लगाई, दिल्ली वालों ने उन्हें डुबो दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 15 साल और 11 साल रही पिछली सरकारों के शासन में दिल्ली की जनता विकास से महरूम रही है लेकिन हमारी सरकार 5 साल में ही हमारी राजधानी को पूरी दुनिया में विकास के कारण प्रसिद्ध करने के संकल्प के साथ काम कर रही है।




### सीवर लाइन एवं हाउस सीवर कनेक्शन परियोजनाओं का शिलान्यास

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया उनमें सीवर लाइन एवं हाउस सीवर कनेक्शन की 8 परियोजनाएं शामिल हैं। इनमें 69 करोड़ 97 लाख रुपए से करावल नगर में सीवर लाइन बिछाना, 51 करोड़ 43 लाख रुपए से हसन में सीवर लाइन बिछाना, 41 करोड़ 32 लाख रुपए से ताजपुर खुर्द में सीवर लाइन बिछाना, 29 करोड़ 63 लाख रुपए से यमुना विहार में अपशिष्ट पाइपलाइन बिछाना, 52 करोड़ 93 लाख रुपए से रनहौला में हाउस सीवर कनेक्शन उपलब्ध कराना, 21 करोड़ 86 लाख रुपए से गोकुलपुर में हाउस सीवर कनेक्शन उपलब्ध कराना, 21 करोड़ 17 लाख रुपए से विकासपुरी में हाउस सीवर कनेक्शन उपलब्ध कराना और 12 करोड़ 79 लाख रुपए से कमरुद्दीन नगर में हाउस सीवर कनेक्शन उपलब्ध कराना शामिल है। आज कुल 1816 करोड़ 69 लाख रुपए की कुल 19 परियोजनाओं को उद्घाअन और शिलान्यास हुआ।

### तीन पेयजल योजनाओं का उद्घाटन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कुल 99 करोड़ एक लाख रुपए की तीन पेयजल परियोजनाओं का उद्घाटन किया इनमें 45 करोड़ 95 लाख रुपए से पल्ला में भूमिगत जलाशय/बूस्टर पंपिंग स्टेशन का निर्माण, 32 करोड़ 65 लाख रुपए से सिरसपुर भूमिगत जलाशय/बूस्टर पंपिंग स्टेशन का निर्माण और 20 करोड़ 50 लाख रुपए से बिजवासन जलाशय/बूस्टर पंपिंग स्टेशन का निर्माण शामिल है।

### नौ सीवरेज और तीन पेयजल परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण

केशोपुर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को 9 सीवरेज और 3 पेयजल परियोजनाओं को लोकार्पण किया। इन योजनाओं में 504 करोड़ 12 लाख रुपए से केशोपुर फेज दो एवं तीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उन्नयन एवं क्षमता वृद्धि, 288 करोड़ 38 करोड़ रुपए से कोंडली फेज चार सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उन्नयन, 147 करोड़ 6 लाख रुपए से रोहणी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उन्नयन, 138 करोड़ 38 लाख रुपए से कोरोनेशन पिलर फेज एक और दो सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उन्नयन, 91 करोड़ 79 करोड़ रुपए से कोरोनेशन पिलर फेज तीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उन्नयन, 104 करोड़ 15 लाख रुपए से नरेला सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उन्नयन एवं वृद्धि क्षमता, 78 करोड़ 90 लाख रुपए से यमुना विहार फेज दो सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उन्नयन एवं क्षमता वृद्धि और 63 करोड़ 71 लाख रुपए की नजफगढ़ सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उन्नयन परियोजनाएं शामिल हैं।

### यमुना के पुनर्जीवन के लिए केंद्र व दिल्ली सरकार कर रही हैं अभूतपूर्व कार्य : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली। मां यमुना की स्वच्छता और पुनर्जीवन के लिए केंद्र एवं दिल्ली सरकार मिलकर अभूतपूर्व कार्य कर रही हैं। यह बात गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार की 19 परियोजनाओं के लोकार्पण और उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को 1816 करोड़ रुपये की लागत से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण जल एवं सीवरेज परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया, जो यमुना पुनर्जीवन और दिल्ली के जल ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित और सुरक्षित भारत के संकल्प को पूर्ण करने के लिए निरंतर कार्यरत हैं और दिल्ली के विकास से जुड़े हर विषय पर उन्होंने व्यक्तिगत रूप से सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के समर्थन से दिल्ली में जल एवं सीवरेज से जुड़ी 19 परियोजनाएं प्रारंभ की जा रही हैं, जिनमें आठ आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, भूमिगत पेयजल जलाशय और सीवर लाइन बिछाने के कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि 1400 करोड़ रुपये की लागत से आठ एसटीपी बनाए जा रहे हैं, 99 करोड़ रुपये की लागत से भूमिगत जलाशयों का निर्माण और 300 करोड़ रुपये की लागत से सीवर लाइन व हाउस कनेक्शन दिए जा रहे हैं। इन योजनाओं से यमुना नदी में प्रदूषित जल का प्रवाह रुक सकेगा और दिल्ली के नागरिकों को स्वच्छ पेयजल व बेहतर सीवरेज सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने यमुना की स्वच्छता पर केवल घोषणाएं कीं, लेकिन कभी ठोस कार्य नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने यमुना की सफाई के लिए एक सुव्यवस्थित कार्य योजना तैयार की, जिसके अंतर्गत 22 बड़े और 200 छोटे नालों पर एसटीपी निर्माण का कार्य चल रहा है। इन नालों की टैपिंग, सिल्ट सर्वे और ड्रोन सर्वे के माध्यम से प्रदूषण के स्रोतों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

### सीवर के पानी को साफ करने की क्षमता 700 से बढ़ाकर 1400 एमजीडी तक करेंगे : प्रवेश वर्मा

जल मंत्री और पीडब्ल्यूडी प्रवेश साहिब सिंह ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि दिल्ली सरकार सीवर के पानी को साफ करने की क्षमता को आगामी वर्षों में 700 से बढ़ाकर 1400 एमजीडी तक कर देगी। प्रवेश ने कहा कि जब यमुना दिल्ली आती है तो यहां दिल्ली में 27 साल से जो सरकारें रहीं इन्होंने यमुना को साफ करने में घोटाले किए जिससे मां यमुना और मैली होती गई। हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, और यूपी से निकलने बाद छह करोड़ लोग यमुना का पानी पीते हैं। छह करोड़ लोगों को मां यमुना माता की तरह पालने का काम करती है। फिर भी दिल्ली सरकार यमुना को साफ नहीं कर पाती थी। पौराणिक, सांस्कृति और धार्मिक रूप से यमुना का महत्व देखें तो भगवान सूर्य की पुत्री हैं यमुना, शनि भगवान की बहन हैं यमुना, यमराज की यम की बहन है यमुना, भगवान कृष्ण की संगिनी हैं यमुना और छठी मैया की बुआ हैं यमुना। इतना महत्व होने के बाद भी यमुना मैली है। सभी लोगों से कहना चाहता है हूं आज यहां से प्रण लेकर जाएं कि हमारी तरफ से जो भी सहयोग यमुना की सफाई के लिए होगा वह करेंगे। वहीं उन्होंने कहा भैया दूज का पर्व भी तबसे मनाया जाता है जब यमराज मैया यमुना के घर गए थे तो मैया यमुना ने उन्हें प्रेम पूर्वक भोजन कराया था। इसी ध्येय को लेकर भैया दूज का पर्व मनाया जाता है। इतने सारे त्यौहार फिर यमुना मैली।

## निगम स्थायी समिति बैठक में जोर शोर से गूंजा हड़ताली निगम कर्मियों का मुद्दा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के करीब '5200 डीबीसी/सीएफडब्ल्यु (एमटीएस) कर्मियों' की निगम मुख्यालय सिविक सेंटर के बाहर जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल का मुद्दा अब निगम की स्थायी समिति तक पहुंच गया है। गुरूवार को आयोजित स्थायी समिति की बैठक में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने भाजपा शासित एमसीडी प्रशासन पर गंभीर लापरवाही और इन कर्मियों की उपेक्षा का आरोप लगाया।

भले ही स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा द्वारा बैठक में मीडिया पर वीडियो रिकॉर्डिंग और फोटो लेने पर पाबंदी लगाई है लेकिन गुरूवार को नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने सोशल मीडिया एक्स पर समिति बैठक में एमटीएस कर्मियों का मुद्दा जोर शोर से उठाया और इसका वीडियो भी को एक्स पर पोस्ट किया। अंकुश नांरग ने बताया कि समिति बैठक में पार्टी के सभी पार्षदों ने एकजुट होकर एमटीएस कर्मियों की जायज़ मांगों को लेकर जोरदार तरीके से आवाज़ उठाई। वहीं, बैठक के दौरान स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि निगम इन कर्मियों के साथ है और उनकी सभी जायज़ मांगों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। डीबीसी कर्मियों का मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसे रोगों की रोकथाम में उनका योगदान अमूल्य है। निगम उनकी समस्याओं को लेकर संवेदनशील है और हम चाहते हैं कि वे बिना किसी असंतोष के काम करें। उनकी मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाया गया है और जल्द ही ठोस समाधान निकाला जाएगा। बता दें कि स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा की अध्यक्षता में गुरूवार को आयोजित स्थायी समिति की बैठक में नागरिक सुविधाओं, स्वच्छता, आवारा पशुओं एवं जन-सुरक्षा से जुड़े कई अहम मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा की गई और अधिकारियों को ठोस निर्देश दिए गए।

### महापौर के पास मिलने के लिए 10 मिनट का भी वक्त नहीं : अंकुश

अंकुश नारंग ने आरोप लगाते हुए कहा कि 'पिछले 11 दिनों से ये कर्मचारी अपनी बहाली और स्थायीकरण की मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे हैं, लेकिन भाजपा के महापौर और स्थायी समिति के अध्यक्ष के पास उनसे मिलने के लिए 10 मिनट का भी वक्त नहीं है। यह कर्मियों के आत्मसम्मान और उनके अधिकारों के साथ घोर अन्याय है।

### वायु प्रदूषण 100 एक्यूआई से नीचे हुआ दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली में मानसून वापसी कर चुका है, मानसून बाद भी सामान्य से अधिक बरसात दर्ज हो चुकी है। इन सबके बावजूद राजधानी में वायु प्रदूषण सूचकांक 100 के करीब बना हुआ है। बेशक यह आंकड़ा संतोषजनक श्रेणी में आता हो लेकिन जल्द ही इसके बिगड़ने के कयास लगाए जा रहे है। गुरुवार को दिल्ली का एक्यूआई 99 रहा जो संतोषजनक श्रेणी में आता है। पर्यावरण वैज्ञानिक एस के सुब्रमण्यम का कहना है कि अब आने वाले दिनों में राजधानी धीरे धीरे वायु प्रदूषण की चपेट आती जाएगी। उन्होंने बताया कि दीपावली पर दिल्ली में पटाखे बैन है, इसलिए इसे छोड़ दीजिए। इसके अलावा बारिशें बंद होने से जो मिट्टी धूल जमी पड़ी थी वो अब उड़ने लगेगी। पंजाब व हरियाणा के खेतों में पराली जलाना शुरू होगा, जिसका असर दिल्ली की हवा पर जरूर पड़ता है। यानी आने वाले दिनों में जब पराली जलाने की घटनाएं बढ़ेगी तो दिल्ली में वायु प्रदूषण का प्रकोप भी बढ़ता जाएगा। मौसम खुलने की वजह से भवन निर्माण सहित अधिकांश सरकारी परियोजनाएं भी शुरू होगी जिनसे निकलने वाला प्रदूषण दिल्ली को प्रभावित अवश्य करेगा। इन कारणों के अलावा ठंड बढ़ेगी और कोहरा छाएगा जिससे प्रदूषण अधिक समय तक दिल्ली को परेशान करेगा। उन्होंने बताया कि बेशक दिल्ली सरकार, नगर निगम, डीडीए, एनडीएमसी व अन्य निकाय दावे करें कि हम तैयार है, प्रदूषण इस बार काबू कर लिया जाएगा।

## केजरीवाल ने यमुना सफाई के नाम पर लूटा दिल्ली का पैसा : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पूर्व संकल्प पत्र जारी किया था और मात्र 8 माह से कम समय में 17 सितम्बर से 9 अक्टूबर के बीच प्रधानमंत्री सेवा पखवाड़े में रूपए 3600 करोड़ की बड़ी विकास एवं सुधार योजनाएं लागू कर संकल्प को साकार करवाने का काम किया है।

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने गुरूवार को 1816 करोड़ रुपए की योजनाएं शुरू करने पर य बयान जारी किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में यमुना की स्वच्छता के साथ ही सीवर सप्लाई एवं पेयजल सप्लाई कार्यों को सुदृढ करने के दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार द्वारा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हाथों से रुपये 1816 करोड़ की योजनाएं प्रारम्भ करवाने के लिए साधुवाद दिया है। सचदेवा ने आरोप लगाते हुए कहा है कि दिल्ली वालों ने खुद देखा कि अरविंद केजरीवाल सरकार ने 2013 से 2024 के बीच यमुना सफाई के नाम पर दिल्ली का पैसा लूटा और दिल्ली जल बोर्ड में तो रूपए 60 हजार करोड़ की लूट की।

## भाजपा सरकार ने करवा चौथ को भी कर दिया फीका : संजय सिंह




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

निगम मुख्यालय धरना स्थल हड़ताली कर्मियों के बीच पहुंचे राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरूवार को कहा कि शुक्रवार को करवा चौथ का पावन त्यौहार है। देशभर की महिलाएं अपने पतियों की लंबी उम्र के लिए व्रत रखेंगी, वहीं इन 5200 परिवारों के घरों में आज निराशा है। 'आप' पार्टी इन कर्मियों के साथ तब तक खड़ी रहेगी जब तक इन्हें उनका पूरा अधिकार नहीं मिल जाता। संजय सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने उन महिलाओं की उम्मीद तोड़ दी और उनका करवा चौथ भी फीका कर दिया। पीएम मोदी ने देश की माताओं-बहनों की रक्षा और सम्मान का वादा किया था लेकिन अब वही माताएं और बहनें अपने परिवार के लिए परेशान हैं।

## मुख्यमंत्री गुप्ता आज सामूहिक रूप से मनाएंगी करवाचौथ पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज शुक्रवार को 'मुख्यमंत्री जनसेवा सदन' में सामूहिक रूप से करवाचौथ पर्व मनाएंगी। यह उनके मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए पहला अवसर है, जो विशेष होगा। मुख्यमंत्री का कहना है कि इस पर्व को लेकर वह उत्सुक और भावनाओं से ओतप्रोत हैं। क्योंकि यह पर्व भारतीय महिलाओं के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है, जो पति की लंबी उम्र, परिवार की सुख-समृद्धि और वैवाहिक बंधन की पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। मुख्यमंत्री के इस विशेष आयोजन में विभिन्न संगठनों से जुड़ी महिलाएं, महिला विधायक, सांसदों की पत्नियां, महिला अधिकारी और परिवार की महिलाएं शामिल होंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि पिछले लगभग 15 वर्षों से वह अपने क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर इस पर्व का आयोजन करती रही हैं। इस आयोजन में महिलाओं की सहभागिता अत्यधिक रही है, जो केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के बीच आपसी स्नेह, सहयोग और सामाजिक जुड़ाव का अवसर भी बनता है। इस तरह के कार्यक्रम महिलाओं के सामूहिक सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार उनके लिए यह विशेष अवसर है कि इस बार उनके द्वारा मनाए जा रहे करवाचौथ के पर्व में पूरी दिल्ली की महिलाएं प्रतिनिधित्व करेंगी।

### मुख्यमंत्री ने कर्तव्य पथ, इंडिया गेट पर स्वदेशी उत्सव 2025 का किया शुभारंभ

# स्वदेशी को बनाइए आत्मनिर्भर भारत का हथियार : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्वदेशी को बनाइए, आत्मनिर्भर भारत का हथियार। यह आह्वान गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कर्तव्य पथ, इंडिया गेट पर स्वदेशी उत्सव 2025 का शुभारंभ करने के अवसर पर दिल्ली की जनता से किया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए, दिल्ली सरकार के उद्योग विभाग और डीएसआईआईडीसी द्वारा स्वदेशी उत्सव 2025 का आयोजन किया गया है।

तीन दिवसीय यह कार्यक्रम स्वदेशी थीम पर आधारित है जिसका उद्देश्य विदेशी उत्पादों के स्थान पर भारतीय उत्पादों को अपनाना है। इस दौरान अपने



संबोधन में मुख्यमंत्री रेखा गुप्त ने कहा कि हर भारतीय को अपने भीतर छिपे उस 'स्वदेशी सैनिक' को पहचानने की ज़रूरत है, जो अपने परिश्रम और समर्पण से देश की आर्थिक सीमाओं की रक्षा करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ज के 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' के आह्वान ने देशवासियों में आत्मविश्वास और नवाचार की भावना को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी आंदोलन के पीछे की सोच है कि यह सिर्फ़ एक नारे तक सीमित न रहकर भारत की नई आर्थिक शक्ति के रूप में उभरे।

यह अभियान केवल दीयों या हस्तशिल्प तक सीमित नहीं है। इसका उद्देश्य हर उद्योग क्षेत्र में भारतीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाना है। अब समय आ गया है कि हम विदेशी लेबल्स पर नहीं, बल्कि अपने भारतीय उत्पादों पर गर्व करें। पहनें, इस्तेमाल करें और गर्व से कहें कि 'यह मेरा भारतीय ब्रांड है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सच्ची आत्मनिर्भरता भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में छिपी है। जब 'मेड इन इंडिया' गुणवत्ता और भरोसे का प्रतीक बन जाएगा, तभी भारत सच्चे अर्थों में विश्व गुरु कहलाने का अधिकारी बनेगा।उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान भारत की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा किजब पूरी दुनिया थम गई थी, तब भारत ने न केवल अपनी ज़रूरतें पूरी कीं बल्कि दूसरे देशों की मदद करके आत्मनिर्भरता का अद्भुत उदाहरण पेश किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की कि दिल्ली सरकार राजधानी के हर जिले में 'वन डिसिट्रक्ट वन प्रोडक्ट' की तर्ज पर स्थानीय उद्योगों, शिल्प और उत्पादों को बढ़ावा देगी ताकि दिल्ली की अपनी एक औद्योगिक पहचान बन सके और यहां के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान मिले।

### 100 से ज्यादा स्टॉल दर्शा रहे भारत की उद्यमशीलता की ताकत को : सिरसा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप, दिल्ली सरकार पूरे शहर में स्वदेशी को बढ़ावा देने का एक मजबूत अभियान चला रही है। इंडिया गेट पर लगे 100 से ज़्यादा स्टॉल भारत की उद्यमशीलता की ताकत को दर्शा रहे हैं। जिनमें पीएम फूड प्रोसेसिंग योजना के तहत 11 उद्यम, तिहाड़ जेल की दो इकाइयां, स्वयं सहायता समूह और देशभर के कारीगर शामिल हैं। सभी स्वदेशी अपनाने के संकल्प को जीवंत कर रहे हैं। सिरसा ने कहा कि आज दिल्ली में लोग खरीदारी से पहले पूछ रहे हैं स्वदेशी और विदेशी उत्पादों को, यह बदलाव एक नई राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। स्वदेशी अपनाकर नागरिक न केवल भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता की भावना को भी सशक्त बना रहे हैं।

### विभिन्न देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली के महापौर से की भेंट

**नई दिल्ली।** भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के सहयोग से आयोजित अध्ययन दौरे के तहत मालदीव, नेपाल सहित विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 30 सदस्यीय अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली नगर निगम मुख्यालय, मुखर्जी सिविक सेंटर में दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह से भेंट की। इस दौरान निगम प्रशासन एवं ठोस कचरा प्रबंधन से संबंधित निगम की कार्यप्रणालियों की जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि विश्व के विभिन्न देशों से पधारे इस प्रतिष्ठित प्रतिनिधिमंडल का दिल्ली नगर निगम में स्वागत करना हमारे लिए गर्व का विषय है। महापौर ने बताया कि दिल्ली नगर निगम एशिया के सबसे बड़े नगरीय निकायों में से एक है, जो लगभग 2 करोड़ की आबादी को सेवाएं प्रदान करता है। महापौर सिंह ने कहा कि हमें आशा है कि इस दौरे से आप हमारे कार्यप्रणाली की बेहतर समझ प्राप्त करेंगे, साथ ही हम भी आपके देशों की श्रेष्ठ प्रणालियों से सीखने की अपेक्षा रखते हैं। इस अवसर पर उपमहापौर जय भगवान यादव, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, सदन के नेता प्रवेश वाही, स्थायी समिति के उपाध्यक्ष सुन्दर सिंह, निगमायुक्त अश्विनी कुमार सहित निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



# डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों के साथ नगर आयुक्त पहुंचे जनता के द्वार

## गीला तथा सूखा कचरा पृथक्करण के लिए निगम ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग टीम के कार्यों का जायजा लिया। मलिक ने कवि नगर जोन अंतर्गत गोविंदपुरम, शास्त्री नगर, संजय नगर सेक्टर 23 तथा राजनगर की सफाई व्यवस्था को देखा। उन्होंने क्षेत्रीय निवासियों का फीडबैक भी लिया।

डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों के साथ नगर आयुक्त तथा नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने जनता के द्वार पहुंचकर गीला कूड़ा तथा सूखा कूड़ा पृथक्करण के बारे में जानकारी दी। नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग हर घर से कूड़ा उठा रहा है, जिसकी मॉनिटरिंग वरिष्ठ



अधिकारियों के माध्यम से की जा रही है। निरीक्षण के क्रम में शहर वासियों से भी डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन के प्रतिदिन आने की जानकारी ली गई, शहर निवासियों को गीला तथा सूखा कचरा अलग-अलग करते हुए निगम के अधिकृत वाहनों में डालने के लिए अपील की गई, राज नगर तथा शास्त्री नगर के निवासियों ने निगम की कचरा पृथक्करण मुहिम की प्रशंसा की गई। तथा शहर हित में किए जा रहे कूड़ा घर विलोपित पर भी सराहना की गई। नगर आयुक्त द्वारा 311 एप्लीकेशन के माध्यम से सफाई मित्रों की हाजिरी के बारे में भी क्षेत्रीय निवासियों को अवगत कराया गया तथा सफाई मित्रों को हर घर से कूड़ा एकत्र करने के साथ-साथ कचरा पृथक्करण के लिए जागरूक करने के लिए भी कहा गया।

### *5 जोन में 650 कूड़ा कलेक्शन वाहन कार्य कर रहे, ड्राइवर के साथ एक हेल्पर भी*

*पांचों जोन अंतर्गत लगभग 650 कूड़ा कलेक्शन वाहन कार्य कर रहे हैं जिसमें ड्राइवर के साथ-साथ हेल्पर भी दिए हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग की कार्यदाई संस्था नेचर ग्रीन तथा जे एस एनवायरो के माध्यम से कूड़ा कलेक्शन का कार्य तथा साफ सफाई का कार्य कराया जा रहा है। कूड़ा कलेक्शन वाहनों में जीपीएस के माध्यम से मॉनिटरिंग भी प्रबल की गई है जिससे शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने का कार्य निगम कर रहा है। हर घर का कचरा पृथक्करण के लिए जागरूक होना बेहद जरूरी है जिसके माध्यम से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और अधिक सरल होगा, निरीक्षण के क्रम में गाजियाबाद नगर निगम अधिकारियों द्वारा शहर वासियों को ट्रिपल आर तथा कचरा पृथक्करण के लिए जागरूक किया गया मौके पर सेक्टर 23 संजय नगर के पार्षद अजय शर्मा भी उपस्थित रहे।*

## खबर संक्षेप

### पार्ट टाइम जॉब के नाम पर 80 हजार रुपए की ठगी



**फरीदाबाद।** पार्ट टाइम जॉब के नाम पर 80201 रुपए की ठगी के मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एनआईटी-3 फरीदाबाद निवासी एक महिला ने साइबर थाना एनआईटी में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 4 मार्च 2024 को उसने इंस्टाग्राम पर पार्ट टाइम जॉब से संबंधित एक विज्ञापन देखा, दिए गए लिंक पर उसने पार्ट टाइम जॉब के लिए अप्लाई किया। उसके पास कॉल आया रजिस्ट्रेशन के लिए 499 रुपए मांगे थे।

### हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत जूते चप्पल की दुकान पर काम करने वाले सेल्समैन केवल किशन भाटिया की हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हेमंत भाटिया निवासी एनआईटी फरीदाबाद ने थाना कोतवाली में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पिता केवल किशन भाटिया टाउन नंबर-1 में जूते चप्पल की दुकान पर काम करता था।

### अवैध पार्सल का डर दिखाकर की ठगी



**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने अवैध पार्सल के संबंध में गिरफ्तारी का डर दिखाकर ठगी के एक मामले में दो नाइजीरियन व एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-89 निवासी एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 11 सितंबर को उसके पास मुंबई एयरपोर्ट के कथित कस्टम विभाग से कॉल आया, जिन्होंने किसी अवैध पार्सल का हवाला देकर उसको 25500 रुपए भेजने को कहा। जिस पर उसने डर से ठगों के पास पैसे ट्रांसफर कर दिए। जिस पर साइबर थाना सेंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

## निगम टीम ने कई ढांचे ध्वस्त किए, पुलिस बल भी मौजूद रहा

# अवैध निर्माण रोकने के लिए नगर निगम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला नगर योजनाकार एन्फोर्समेंट की टीम ने ओखला एन्क्लेव पार्ट दो दुर्गा बिल्डर में अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की। टीम के साथ पुलिस बल भी मौजूद था। डीटीपीई यजन चौधरी ने बताया कि सेक्टर-91 में काफी जमीन पर कब्जे हो रहे थे। यहां 22 अस्थाई निर्माण हो गए थे। इनमें मीट मार्केट, बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायर सहित अन्य प्रकार की दुकानें लगती थी। टीम ने इन सभी को हटा दिया है।

साथ ही चेतावनी दी है कि दोबारा दुकानें न लगाई जाएं। दिल्ली-मथुरा राष्ट्रीय राजमार्ग के साइड और सर्विस लेन पर जलभराव और गंदगी के मामले में लेकर जिला उपायुक्त विक्रम सिंह एवं नगर निगम के आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने संयुक्त रूप से समीक्षा बैठक की। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे डिस्पोजल और नालियों से संबंधित मुद्दों पर संबधित अधिकारियों से बात की।

### *उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए*

*जिला उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्वच्छता एवं जल निकासी व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त करें। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वह स्वयं संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों और पानी निकासी के लिए बनाए गए डिस्पोजल प्वाइंट का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि नालियों और जल निकासी मार्गों की सफाई व रखरखाव नियमित रूप से किया जाए ताकि पानी का बहाव सुचारू रूप से बना रहे। उन्होंने एनएचएआइ और एफएमडीए के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राष्ट्रीय राजमार्ग के फ्लाईओवर के नीचे किसी भी प्रकार की गंदगी या कचरा जमा न होने दिया जाए।*

### *अतिक्रमण करने वालों पर होगी कार्रवाई*

*आसपास नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा ऐसे स्थानों की नियमित निगरानी की जाए जहां गंदगी या अपशिष्ट बार-बार एकत्रित होता है। अवैध अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उसे शीघ्रता से दुरुस्त कराया जाए, ताकि हरित क्षेत्र की सुरक्षा और सुंदरता बनी रहे।*

## एनसीआर क्षेत्र में पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंधः विक्रम सिंह

***फरीदाबाद।** सुप्रीम कोर्ट के आदेशों तथा हरियाणा सरकार के दिशा-निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिलों में पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री (ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से बिक्री सहित) एवं फोड़ने पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। इस संबंध में जिलाधीश विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह निर्णय जनस्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक सुरक्षा की दृष्टि से लिया गया है। जिलाधीश विक्रम सिंह ने बताया कि यह आदेश पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 5 के अंतर्गत जारी किया गया है, जिसका उद्देश्य वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को नियंत्रित करना तथा आमजन, विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन या हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि जिला फरीदाबाद में भी इस आदेश के अनुपालन में आतिशबाजी संबंधी सभी लाइसेंसों की वैधता समाप्त कर दी गई है तथा किसी भी प्रकार की नई अनुमति आगामी आदेश तक जारी नहीं की जाएगी। संबंधित कार्यालयों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि राज्य सरकार के निर्देशों का पालन सख्ती से किया जाए। साथ ही हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि उक्त आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 15 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।*

## कर्मचारी बोले, तनाव से आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर

# पीएनबी कर्मचारी दो दिवसीय हड़ताल पर, छह दिन कार्य नीति का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर फेडरेशन के आह्वान पर कर्मचारी दो दिवसीय हड़ताल पर हैं। यह हड़ताल 9 अक्टूबर से शुरू होकर 10 अक्टूबर तक एनआईटी स्थित पंजाब नेशनल बैंक कॉरपोरेशन बिल्डिंग के बाहर जारी रहेगी। हड़ताल की मुख्य वजह बैंक कर्मचारियों से सप्ताह में लगातार 6 दिन काम करवाने की नीति को बताया गया है। फेडरेशन की प्रधान निम्मी यादव ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक में कर्मचारियों और अधिकारियों से लगातार 6 दिन तक 10 से 12 घंटे तक काम कराया जाता है। इस वजह से कर्मचारियों पर मानसिक दबाव और तनाव बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तनाव के चलते कई बार कर्मचारी अवसाद में चले जाते हैं और कुछ तो आत्महत्या जैसे कदम उठाने को भी मजबूर हो जाते हैं।

### 5 दिन का कार्य सप्ताह लागू करने की मांग

निम्मी यादव ने बताया कि देश के अन्य बैंकों, चाहे वे सेंट्रल गवर्नमेंट बैंक हों या स्टेट गवर्नमेंट बैंक सभी में सप्ताह में 5 दिन वर्किंग रहती है, जबकि पंजाब नेशनल बैंक में केवल रविवार को ही छुट्टी दी जाती है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मानसिक स्थिति और उनके पारिवारिक जीवन को देखते हुए पीएनबी में भी अन्य बैंकों की तरह पांच दिन का कार्य सप्ताह लागू किया जाना चाहिए।

## लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा मांगपत्र

# कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच 13 को पंचकूला में करेगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा में कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर अब संयुक्त रूप से आंदोलन की तैयारी तेज हो गई है। इसी क्रम में हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन, हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच और हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच ने संयुक्त रूप से घोषणा की है कि आगामी 13 अक्टूबर 2025 को एचएसवीपी मुख्यालय सेक्टर-6ए पंचकूला में दोपहर 12 बजे से धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शन के उपरांत कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन मुख्य प्रशासक एचएसवीपी पंचकूला को सौंपेगा। प्रदेश अध्यक्ष आर के नागर ने बताया कि यह आंदोलन कर्मचारियों के अधिकारों और लंबित मांगों को लेकर किया जा रहा है। 14 अक्टूबर की सुबह 8 बजे कर्मचारी प्रतिनिधि दल मुख्यमंत्री के सेक्टर-3ए चंडीगढ़ स्थित निवास पर जाकर व्यक्तिगत रूप से ज्ञापन सौंपेगा और समस्याओं के समाधान की मांग करेगा।

कर्मचारी संगठनों की प्रमुख मांगे हैं, दिवाली से पहले सभी कच्चे-पक्के कर्मचारियों व अधिकारियों को परफॉर्मेंस अवार्ड (बोनस) दिया जाए। कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों की एचएसवीपी, कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज करनाल सहित अन्य विभागों में समाप्त हुई अप्रूवल को तत्काल नवीनीकृत किया जाए। निगम के तहत कार्यरत कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा 58 वर्ष तक सुनिश्चित करते हुए उन्हें पक्का किया जाए। पहले दिए गए मांगपत्रों पर सरकार और मुख्य प्रशासक एचएसवीपी द्वारा तुरंत वार्ता का समय तय किया जाए।

आर के नागर ने चेतावनी दी कि यदि 13 अक्टूबर तक सरकार द्वारा कोई ठोस सुनवाई नहीं की जाती तो दिवाली तक एचएसवीपी मुख्यालय सेक्टर-6 पंचकूला पर धरना-प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा।

# तंबाकू उत्पादों पर प्रतिबंध होने पर स्वास्थ्य विभाग ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार ने प्रदेश में गुटखा, पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माण, भंडारण, वितरण और बिक्री पर एक वर्ष के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

खाद्य एवं औषधि विभाग के आदेश के अनुसार इन उत्पादों का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक होने के कारण यह कदम उठाया गया है। अगर कोई भी व्यक्ति इन आदेशों का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकार के अनुसार हर महीने हरियाणा में लगभग 2,916 नए कैंसर के मरीज सामने आते हैं और सालाना यह संख्या करीब 35,000 होती है। मामलों और तंबाकू उत्पादों में मौजूद निकोटिन, भारी धातु और अन्य हानिकारक रसायनों को देखते हुए यह प्रतिबंध लगाया गया है।

## एमएसजेई, डीओपीटी व वित्त मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों के साथ की बैठक

# दिव्यांग कर्मियों के समान अवसर और पदोन्नति में आरक्षण सख्ती से लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

देश भर में नेत्रहीन और कम दृष्टि वाले बैंक कर्मचारियों के सशक्तिकरण के लिए प्रयासरत पंजीकृत संघ, विजुअली इम्पेयर्ड बैंक एम्प्लॉइज़ वेलफेयर एसोसिएशन (वीआईबीईडब्ल्यूए) के प्रतिनिधिमंडल ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (एमएसजेई), कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) और वित्त मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक कर रिपोर्ट पेश कर दिव्यांग कर्मियों की मांगे रखी। वीआईबीईडब्ल्यूए के प्रतिनिधि मंडल में वीआईबीईडब्ल्यूए के अध्यक्ष राजेश असुदानी, महासचिव हिमांशु साहू, सचिव मो. परवेश, कार्यकारी समिति सदस्य अखिलेश दहिया और शुभम मेहता शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में दृष्टिबाधित व्यक्तियों की कामकाजी परिस्थितियों पर सर्वेक्षण रिपोर्ट, सरकारी दिशा निर्देशों के कार्यान्वयन की समीक्षा और आगे का रास्ता नामक राष्ट्रव्यापी ऑनलाइन सर्वेक्षण पर आधारित अपनी व्यापक रिपोर्ट औपचारिक रूप से प्रस्तुत की। रिपोर्ट के निष्कर्षों को प्रस्तुत किया, जो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में दृष्टिबाधित कर्मचारियों के सामने आने वाली महत्वपूर्ण गैर-अनुपालन और प्रणालीगत बाधाओं को उजागर करते हैं। एसोसिएशन ने दिव्यांग व्यक्तियों के लिए पदोन्नति में 1 प्रतिशत आरक्षण को सख्ती से लागू करने और अनिवार्य परिचालन पोस्टिंग जैसे भेदभावपूर्ण प्रावधानों को हटाने की मांग की। जो दृष्टिबाधित कर्मचारियों की करियर प्रगति को बाधित करते हैं। नेत्रहीन कर्मचारियों को समय-समय पर होने वाले घूर्णी/नियमित स्थानांतरणों से छूट देने का आग्रह किया गया। एसोसिएशन ने मंत्रालयों से बैंकों को निर्देश देने पर ज़ोर दिया कि वे सभी कोर बैंकिंग सॉफ्टवेयर, आंतरिक पोर्टलों और कार्यस्थल के बुनियादी ढांचे (जिसमें सुलभ शौचालय, रैंप और साइनेज शामिल हैं) में 100 प्रतिशत डिजिटल और भौतिक सुगम्यता प्राप्त करें। इसके अलावा लाइसेंस प्राप्त सहायक तकनीकों के सुसंगत प्रावधान और रखरखाव पर और आधिकारिक कर्तव्यों और दौरों के लिए आवश्यक मानव सहायता/ एस्कॉर्ट समर्थन को संस्थागत बनाने पर ज़ोर दिया गया।

# नशा तस्करी के मामले में 20 साल के सजायाफ्ता को पुलिस टीम ने यूपी से किया अरेस्ट



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा अपराधियों को पकड़ने के साथ-साथ उनको सजा दिलाने के लिए अदालत में लगातार ठोस पैरवी की जा रही है। जिसके फलस्वरूप थाना आदर्श नगर के वर्ष 2023 के एक अवैध नशा तस्करी के मामले में पकड़े गए आरोपी विनोद को अदालत ने 20 साल व 2 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा वर्ष 2023 में थाना आदर्श नगर में 20 किलो 400 ग्राम गांजा की तस्करी के मामले में एक अभियोग दर्ज किया गया था। इस मामले में आरोपी विनोद अदालत से जमानत पर था और अदालत में उपस्थित नही हो रहा था, जिसको अगस्त 2025 में अदालत ने बेल जंपर घोषित किया तथा मामले में सुनवाई पूर्ण होने उपरांत 29 सितंबर 2025 को आरोपी को 20 साल की कैद व 2 लाख जुर्माना की सजा सुनाई थी। उन्होंने बताया कि अदालत ने आरोपी को सजा सुना दी थी और वह फरार चल रहा था, जिसको तलाश कर जेल भेजना पुलिस के लिए एक चुनौती थी।

## रात को स्टंट किए जाने का मामला

# द्वारका एक्सप्रेसवे पर युवक ने सनरूफ से बाहर निकल किया खतरनाक स्टंट, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

द्वारका एक्सप्रेसवे की टनल में खतरनाक स्टंट करने का मामला सामने आया है। इस स्टंट की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। हालांकि इस संबंध में गुरुग्राम पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वीडियो में दिख रहा है कि एक युवक कार की सनरूफ से बाहर निकलकर कार की छत पर बैठकर ड्रिंक कर रहा है। वीडियो रात के समय का है, जिसमें युवक डांस भी करता देखा जा सकता है। हालांकि द्वारका एक्सप्रेसवे पर स्टंट का पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई बार गुरुग्राम में कारों से स्टंट के मामले सामने आ चुके हैं।

रात को स्टंट किए जाने का यह मामला कब का है, यह जानकारी नहीं मिली है। वीडियो में द्वारका एक्सप्रेस-वे की एयरपोर्ट की ओर जाने वाली टनल में तेज रफ्तार कार में सवार युवक सनरूफ खोलकर बाहर निकलता है और युवक ने न केवल शराब का गिलास हाथ में लिया हुआ है, बल्कि वह जोर-जोर से संगीत की धुन पर झूमता दिख रहा है। इस दौरान अन्य वाहन चालक भी युवक को देख स्तब्ध रह गए। अन्य वाहन चालकों ने युवक की इस हरकत का वीडियो मोबाइल में बना लिया और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। लोगों का कहना है कि युवक का यह स्टंट न केवल उसके लिए, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता था। टनल जैसे संवेदनशील क्षेत्र में, जहां गति सीमा और सड़क अनुशासन का पालन अत्यंत जरूरी है। इस तरह की लापरवाही ने कई सवाल खड़े किए हैं। वहीं इस संबंध में एसीपी ट्रैफिक खुशहाल सिंह ने बताया कि नंबर प्लेट के आधार पर कार और ड्राइवर की पहचान की जाएगी। यह न केवल ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि टनल के अंदर एनएचएआई द्वारा सीसीटीवी लगाए गए हैं, उनकी फुटेज भी निकलवाई जाएगी।

## 4 पुरुष, 1 महिला, 3 तमंचा, 315 बोर व 3 जिंदा कारतूस संग गिरफ्तार

# अवैध संबंध बनने पर पत्नी ने ही कराई थी पति की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना मसूरी पुलिस ने गुरुवार को आसिफ हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। आसिफ की हत्या उसकी पत्नी ने अवैध संबंधों में बाधक बनने पर प्रेमी व उसके साथियों से मिलकर कराई थी। पुलिस ने 4 पुरुष 1 महिला को मय 3 तमंचा 315 बोर व 3 जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया। एसीपी लिपि नगाइच ने बताया कि भडभूजे वाली गली जुमा मस्जिद के पास डासना निवासी आसिफ उर्फ गुल्लू की उस समय गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी जब वह रफ़ीक़बाद में जा रहा था। घटना के संबंध में मृतक के भाई भूरे उर्फ अनवर पुत्र अकबर ने रिहान, बिलाल, फरमान निवासीगण डासना व 2-3 नाम पता अज्ञात के विरूद्ध के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी।

मामले के खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन किया। जिसमें साक्ष्य के आधार पर जीशान निवासी पुरानी पैंठ डासना, व उवैश पनिवासी पुरानी चुंगी कोटला मेवातियान हापुड थाना कोतवाली, गुलफाम, दानिश निवासी उस्मान कालोनी डासना थाना वेवसिटी गाजियाबाद व मृतक आसिफ की पत्नी अरशी को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी रिहान ने बताया कि मैं चिकन की दुकान वार्ड नं.-3 पुरानी पैठ में चलाता हूं तथा




मृतक आसिफ उर्फ गुल्लू को पिछले करीब 3 साल से जानता था। जब वह मेरे मोहल्ले में ही रहता था तब से मेरी जान पहचान थी। मृतक आसिफ पर पूर्व के कई मुकदमे हैं तथा वर्ष मार्च 2024 में मृतक आसिफ मुकदमे में जेल चला गया था। उस दौरान मेरी जान-पहचान व बातचीत मृतक की पत्नी अरशी से हो गई और मेरा उसके घर आना जाना हो गया और हम दोनों एक साथ रहने का प्लान बनाने लगे।

इसी दौरान अप्रैल में मृतक आसिफ की जमानत होकर वह जेल से बाहर आ गया था तो हम लोगों को मिलने जुलने में परेशानी होने लगी। जब मृतक आसिफ घर पर नहीं होता तो मैं अरशी से मिलने घर पर चला जाता था। इसकी जानकारी मृतक आसिफ को धीरे-धीरे लग गई और एक बार मृतक आसिफ ने मुझे अरशी के साथ पकड़ भी लिया था। तो मेरी और मृतक आसिफ के साथ कहासुनी व वाद विवाद भी हो गया था।

इसके बाद मृतक आसिफ ने अरशी का मोबाइल भी उसके पास रखना बंद कर दिया था और अरशी को भी परेशान करने लगा था। अरशी ने इसकी जानकारी मुझे दी और कहा अगर हमें साथ रहना है तो इसे बीच से निपटाना पड़ेगा। मैंने करीब एक महीने पहले अरशी को नशीली गोलियां भी दी थी कि इसे ज्यादा खिला देना तो यह मर जाएगा परंतु किसी कारण वह नहीं खिला पाई। उसके बाद मृतक आसिफ को हटाने का और कोई तरीका न सूझ कर आसिफ की हत्या कर दी।

# पुलिस आयुक्त सतेंद्र गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों के साथ की गोष्ठी

**फरीदाबाद।** आगामी कुछ दिनों में करवा-चौथ, धनतेरस, दीपावली आदि त्यौहार आने वाले हैं, इस दौरान बाजारों में व्यापक स्तर पर खरीदारी की जाती है जिससे बाजारों में भीड़ बढ़ती है और यातायात व्यवस्था अनियंत्रित रहती है। जिसके मद्देनजर 9 अक्टूबर को पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने सभी पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, ट्रैफिक निरीक्षक व सभी जोनल अधिकारी के साथ गोष्ठी का आयोजन किया।

गोष्ठी के दौरान पुलिस आयुक्त फरीदाबाद ने कहा कि आगामी त्यौहारों के मद्देनजर बाजारों में भीड़ रहेगी, जिससे यातायात व्यवस्था अनियंत्रित रहती है तथा चोरी व छीना-झपटी की वारदातों की संभावना इंकार नहीं किया जा सकता है, जिस कारण आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

## अपराधों से बचने के उपायों पर भी चर्चा की

# विश्व निवेशक सप्ताहः पुलिस ने निवेश जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार विश्व निवेशक सप्ताह के अवसर पर निवेश संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन फरीदाबाद में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एसीपी मोनिका द्वारा की गई, जिन्होंने निवेश के महत्व इसके लाभों और सावधानियों के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड से आए विशेषज्ञ वक्ता ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को निवेश के विभिन्न विकल्पों, उनके फायदे और जोखिमों के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में फरीदाबाद के तीनों जोनों से लगभग 90 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। सामुदायिक पुलिसिंग सेल और उनकी टीम ने भी हिस्सा लिया तथा निवेश संबंधी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर वक्ताओं ने निवेश के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने और ठगी जैसे वित्तीय अपराधों से बचने के उपायों पर भी चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस कर्मियों में वित्तीय साक्षरता और सुरक्षित निवेश की समझ विकसित करना था, ताकि वे अपने आर्थिक भविष्य को मजबूत बना सकें।

## पेज एक का शेष

### मौजूदा 56 बिलियन डॉलर...

लिए 'सीटा' का फुल फॉर्म : व्यापार समझौते का पीएम ने फुल फॉर्म बताते हुए कहा कि इसमें 'सी' कॉमर्स एंड इकोनॉमी, 'ई' एजुकेशन एंड पीपल टू पीपल टाइज, 'टी' टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन और 'ए' से एस्पीरेशन है। वर्तमान में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 56 बिलियन डॉलर का है। जिसे 2030 तक हमने दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इसे हम समय से पहले हासिल कर लेंगे।
इंफ्रास्ट्रक्चर विकास प्राथमिकता : इंफ्रास्ट्रक्चर विकास हमारे लिए प्राथमिकता का विषय है। हम भावी पीढ़ी के फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश कर रहे हैं। भारत 2030 तक 500 गीगावाट के नवीकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। साथ ही हम परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए खोल रहे हैं। इन सभी से दोनों देशों के सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के अवसर बने हैं। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि भारत-ब्रिटेन के उद्योग जगत के लीडर मिलकर कुछ ऐसे क्षेत्रों को चुन सकते हैं जहां हम संयुक्त रूप से दुनिया में नंबर वन बन सकते हैं। फिनटेक, ग्रीन हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर व स्टार्टअप इसमें मुख्य हैं। उन्होंने ब्रिटेन की कंपनियों के समक्ष बीते समय में भारत में व्यापार की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए किए गए सुधारों का जिक्र करते हुए निवेश की रफ्तार बढ़ाने का आग्रह किया।

### भारत-ब्रिटेन की बढ़ती...

स्तर की शिखर बैठक हुई। जिसमें मौजूदा वर्ष में हस्ताक्षरित व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) सहित आपसी संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। दोनों नेताओं की वार्ता में साझा चिंताओं से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। आतंकवाद-कट्टरता, हिंद-प्रशांत, पश्चिम-एशिया में शांति-स्थिरता और यूक्रेन संघर्ष इसमें मुख्य रूप से शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किए बगैर कहा कि भारत-ब्रिटेन के बीच बढ़ती साझेदारी वैश्विक स्थिरता और आर्थिक प्रगति का मुख्य आधार है। बैठक के बाद दोनों देशों के बीच रक्षा-सुरक्षा, शिक्षा, प्रौद्योगिकी-नवाचार, अनुसंधान, जलवायु परिवर्तन सहित कुल करीब 12 समझौते हुए हैं। ये जानकारी विदेश मंत्रालय द्वारा 9 अक्टूबर को जारी किए गए एक बयान से मिली है। यहां बता दें कि पिछले साल प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने और उसके बाद 2025 में भारत-ब्रिटेन के बीच किए गए सीईटीए के बाद की जा रही कीर स्टार्मर की यह पहली भारत यात्रा है।
**गाजा, यूक्रेन पर भारत ने साफ किया रुख** : प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, दोनों देश स्वाभाविक साझेदार हैं और हमारे संबंधों की नींव लोकतंत्र, स्वतंत्रता, नियम का शासन जैसे मूल्यों में साझा विश्वास पर आधारित है। वर्तमान में वैश्विक अस्थिरता के दौर में भारत-ब्रिटेन के बीच बढ़ती साझेदारी अंतरराष्ट्रीय स्थिरता और आर्थिक प्रगति का एक महत्वपूर्ण आधार बन रही है। बैठक में हमने हिंद-प्रशांत, पश्चिम-एशिया में शांति-स्थिरता व यूक्रेन संघर्ष पर विचार साझा किए। यूक्रेन विवाद और गाजा के मसले पर भारत ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि हम बातचीत-कूटनीति से शांति बहाली के तमाम प्रयासों का समर्थन करते हैं। भारत-ब्रिटेन हिंद प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यूके में बसे 1.8 मिलियन भारतीय हमारी साझेदारी की एक अहम कड़ी हैं। जिन्होंने ब्रिटिश समाज और अर्थव्यवस्था में अपने मूल्यवान योगदान से दोनों देशों के बीच मित्रता, सहयोग, विकास के पुल को मजबूत किया है।
**ब्रिटेन देगा हल्की मल्टीरोल मिसाइल** : रक्षा क्षेत्र को लेकर दोनों देशों की साझेदारी मजबूत होगी। दोनों नेताओं ने सरकारों के स्तर पर एक समझौते की घोषणा करते हुए कहा कि भारत को ब्रिटेन से हल्की बहुआयामी मिसाइल (एलएमएम) की सप्लाई की जाएगी। जिससे आत्मनिर्भर भारत के तहत भारत की हवाई रक्षा क्षमताओं को सहयोग मिलेगा। रक्षा मंत्रालय की वर्तमान, भावी जरूरतें पूरी होंगी। साथ ही जटिल हथियारों को लेकर दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक सहयोग बढ़ेगा। दोनों के बीच एक अंतर सरकारी समझौता भी हुआ है। जिससे ब्रिटेन, भारतीय नौसेना के लिए समुद्री इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम के विकास में मदद करेगा। दोनों देशों की सशस्त्र सेनाओं के बीच आदान-प्रदान बढ़ाने पर सहमति जताई गई। जिसमें संयुक्त युद्धाभ्यास, प्रशिक्षण और क्षमता विकास मुख्य है। सैन्य प्रशिक्षण को मजबूत बनाने के लिए समझौता हुआ है, जिसके तहत भारतीय वायुसेना के फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर यूके की रॉयल एयर फोर्स में प्रशिक्षक के रूप में कार्य करेंगे।
**दोनों ने की आतंकवाद की कड़ी निंदा** : दोनों प्रधानमंत्रियों ने एकजुटता के साथ पहलगाम आतंकी हमले के साथ ही आतंकवाद, हिंसक चरमपंथ और उसके सभी रूपों-प्रकारों की कड़ी निंदा की है। आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता का ऐलान किया और यूएन चार्टर, अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत इससे व्यापक और सतत अंदाज में मुकाबले के लिए समन्वित वैश्विक प्रयासों पर जोर दिया। आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रयोग की जाने वाली उभरती हुई तकनीक, प्रौद्योगिकी तक पहुंच रोकने के साथ ही आतंकवाद के लिए वित्तीय मदद व आतंकियों की सीमा पार घुसपैठ, उनकी भर्ती, प्रशिक्षण पर रोक लगाने के लिए सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति जताई है। यूएन, एफएटीएफ में दोनों देश सहयोग बढ़ाने पर राजी हैं। दोनों नेता वैश्विक रूप से घोषित आतंकवादियों के खिलाफ ठोस, निर्णायक कदम उठाने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।
**अन्य समझौतों का सार** : क्रिटिकल खनिजों पर सहयोग के लिए एक इंडस्ट्री गिल्ड व सप्लाई चेन वेधशाला की स्थापना का निर्णय लिया गया है। जिसका सैटेलाइट कैंपस आईआईटी-आईएसएम धनबाद में होगा। एआई के लिए भारत-यूके संयुक्त केंद्र की स्थापना, कनेक्टिविटी-नवाचार केंद्र की स्थापना, जलवायु-प्रौद्योगिकी स्टार्टअप फंड में एक नया संयुक्त निवेश किया जाएगा। ये जलवायु प्रौद्योगिकी, एआई जैसे क्षेत्रों में नवोन्मेषी उद्यमियों को समर्थन देने के लिए यूके सरकार और एसबीआई के बीच एमओयू के तहत एक रणनीतिक पहल है। जैव-चिकित्सा अनुसंधान कैरियर कार्यक्रम के तीसरे चरण का शुभारंभ, अपतटीय पवन कार्यबल की स्थापना, स्वास्थ्य अनुसंधान पर आईसीएमआर, एनआईएचआर, यूके के बीच आशय पत्र सौंपा गया है।

### यूएन में स्थायी सदस्यता ...

जाएगा। जिसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) भी शामिल है। ब्रिटेन, यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता की जायज मांग को अपना समर्थन प्रदान करेगा। जिसके लिए पीएम स्टार्मर ने प्रतिबद्धता जताई है। मध्य-पूर्व में शांति-स्थायित्व को लेकर भी दोनों नेता सहमत हैं। दोनों पक्षों से संयम बरतने के साथ ही नागरिकों की सुरक्षा और वैश्विक नियमों के पालन का आह्वान किया। साथ ही भविष्य में और कोई आक्रामक कदम न उठाने पर जोर दिया। जिससे हालात और अधिक खराब न हों व क्षेत्रीय स्थिरता से भी कोई समझौता न किया जाए। भारत, ब्रिटेन का मानना है कि शांति का प्रयास द्विराष्ट्र समाधान की दिशा में बढ़ाया गया कदम है। जिससे एक सुरक्षित इजरायल के साथ ही एक व्यवहार्य फिलिस्तीनी राज्य भी होगा।

### ट्रंप ने सराहे सभी ...

इजरायल अपनी सेना को तय की गई निर्धारित सीमा तक वापस ले जाएगा। जो एक मजबूत और चिरस्थायी शांति की ओर पहला कदम होगा। सभी पक्षों के साथ निष्पक्ष व्यवहार किया जाएगा। समझौते से जुड़ा दिन अरब, मुस्लिम वर्ल्ड, इजरायल और उसके आसपास मौजूद सभी देशों तथा अमेरिका के लिए एक बहुत खास दिन है। हम कतर, इजिप्ट और तुर्किये का भी धन्यवाद करते हैं, जिनकी वजह से यह ऐतिहासिक और असाधारण घटना घटी।

### प्रधानमंत्री मोदी कल ...

के लिए ऐतिहासिक योजनाओं की शुरुआत करने जा रहे हैं। चौहान ने बताया कि 11 अक्टूबर को लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री के हाथों कई महत्त्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत होने जा रही है। 11 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर, पूसा, नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से "पीएम धन-धान्य कृषि योजना" तथा "दलहन आत्मनिर्भरता मिशन" का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1,100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया जाएगा। कुल 42,000 करोड़ रुपये से अधिक की इन योजनाओं के माध्यम से देश के लाखों किसानों के जीवन में समृद्धि और खुशहाली का नया दौर आएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि और किसान कल्याण के प्रमुख लक्ष्यों; देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, किसानों की आय बढ़ाना, पोषणयुक्त अनाज उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्धता से काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने को लेकर तत्परता से काम कर रही है। 2014 से अब-तक खाद्यान्न उत्पादन में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। गेहूं, चावल, मक्का, मूंगफली, सोयाबीन के उत्पादन में रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ोतरी हुई है। चौहान ने कहा कि आज गेहूं और चावल के विषय में हम पूरी तरह से आत्मनिर्भर हैं। 4 करोड़ से ज्यादा कृषि उत्पादों का निर्यात किया गया है। लेकिन दलहन के मामले में अभी और प्रयास करने की जरूरत है। केंद्रीय मंत्री ने 'दलहन मिशन' के तहत बुवाई क्षेत्रफल में बढ़ोतरी, उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 2030-31 तक दालों के बुवाई क्षेत्रफल में बढ़ोतरी करना है। वर्तमान में बुवाई क्षेत्रफल 275 लाख हेक्टेयर है जिसे बढ़ाकर 310 लाख हेक्टेयर किया जाएगा। साथ ही उन्होंने दालों के उत्पादन में बढ़ोतरी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अभी दालों का उत्पादन 242 लाख टन है जिसे बढ़ाकर 350 लाख टन किया जाएगा। साथ ही प्रति हेक्टेयर उत्पादकता बढ़ाने की दिशा में भी काम किया जाएगा। अभी उत्पादकता 880 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है जिसे बढ़ाकर 1,130 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर करने का प्रयास होगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अच्छे बीज किसानों तक 'मिनी किट्स' के रूप में पहुंचाए जाएंगे। 126 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज किसानों को वितरित किया जाएगा। 88 लाख निःशुल्क बीज के किट भी बांटे जाएंगे। चौहान ने कहा कि दलहन बुवाई वाले क्षेत्रों में ही यदि प्रोसेसिंग का काम हो जाए तो किसानों को उत्पादन के ठीक दाम भी मिलेंगे और प्रोसेसिंग का काम भी वहीं संपन्न हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 1,000 प्रसंस्करण इकाइयों जिसपर सरकार 25 लाख रुपये की सब्सिडी देगी, उसे भी स्थापित करने का लक्ष्य है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा राज्यों की सहभागिता के साथ पूरा कृषि अमला एक राष्ट्र-एक कृषि-एक टीम के लक्ष्य के तहत काम करेगा। प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना पर जानकारी देते हुए श्री चौहान कहा कि पूरे देश में हर क्षेत्र की उत्पादकता एक जैसी नहीं है। अलग-अलग फसलों की उत्पादकता अलग-अलग राज्यों में भी अलग है। यहां तक कि एक राज्य में जिलों की उत्पादकता भी विभिन्न है। इसलिए सरकार ने तय किया है कि कम उत्पादकता वाले जिले छांटे जाएंगे और उनमें उत्पादकता बढ़ाने के लिए कुछ विशेष प्रयत्न किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कम उत्पादकता वाले जिलों को यदि औसत स्तर पर भी ले आएं, तो देश के कुल उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। प्रेस वार्ता में कृषि सचिव श्री देवेश चतुर्वेदी और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक और डेयर सचिव डॉ. मांगी लाल जाट भी उपस्थित रहे।

### असम में भाजपा को लगा...

असम में फिलहाल मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की अगुवाई में भाजपा सत्ता में है। जबकि पूर्वोत्तर राज्य असम में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाना चाहती है। बता दें कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और चार बार के भाजपा सांसद राजेन गोहेन ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उनके साथ कुल 17 अन्य सदस्यों ने भी पार्टी से अपना त्यागपत्र सौंपा। राजेन गोहेन ने यह फैसला राज्य भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया को लिखे पत्र में बताया, जिसमें उन्होंने कहा कि वे पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी जिम्मेदारियों से तुरंत प्रभाव से हट रहे हैं।

### बिहार चुनावः राहुल गांधी...

हासिल कर सकी थी। पार्टी नेताओं का कहना है कि 2020 के मुकाबले कम सीटों पर समझौते के बावजूद कांग्रेस अपनी भूमिका मज़बूत तरीके से निभाएगी। कांग्रेस चाहती है कि जैसे ही सीट बँटवारे पर अंतिम सहमति बने, राहुल गांधी बिहार में प्रचार और चुनावी कार्यक्रमों के ज़रिए सीधी सक्रियता दिखाएँ। इसे कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच नया जोश भरने और विपक्षी एकता को धार देने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। इस बीच वाम दल भी अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने पर अड़े हैं। माकपा ने राजद के 19 सीटों के प्रस्ताव को ठुकराते हुए लगभग 30 सीटों की मांग की है। ऐसे में महागठबंधन के भीतर अंतिम फॉर्मूला निकालना आसान नहीं होगा। राजद ने संकेत दिए हैं कि रविवार तक सीट बँटवारे का फॉर्मूला घोषित हो जाएगा। इसके साथ ही चुनावी रणनीति और प्रचार अभियान की औपचारिक शुरुआत हो जाएगी।

### आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस...

हुए यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि प्रौद्योगिकी अवरोध न बनकर सेतु की भूमिका निभाए । अपने संबोधन में, उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के विकास और ई-संसद के उपयोग से हमारे संसदीय लोकतंत्र के कार्यकरण में बड़े पैमाने पर बदलाव आए हैं । उन्होंने उल्लेख किया कि ई-संसद पहल, ई-लोकतंत्र को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है जिससे लोकतन्त्र में नागरिकों की भागीदारी भी बढ़ रही है । बिरला ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एआई-आधारित डिजिटल प्रणालियाँ भारत की संसदीय प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी और समावेशी बना रही हैं। उन्होंने प्रतिनिधियों को बताया कि एआई-आधारित अनुवाद, एआई-सक्षम ई-लाइब्रेरी और स्पीच-टू-टेक्स्ट रिपोर्टिंग जैसी प्रणालियाँ संसदीय प्रक्रियाओं को अधिक सफल और समावेशी बना रही हैं। आगामी डिजिटल पहलों के बारे में बताते हुए, श्री बिरला ने कहा कि निकट भविष्य में, "संसद भाषिणी" जैसी रियल-टाइम एआई अनुवाद प्रणालियों से प्रत्येक संसद सदस्य को अपनी भाषा में संवाद करने में मदद मिलेगी, जो भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में लोकतंत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी।

### 25 नवंबर को अयोध्या...

की मौजूदगी में अयोध्या और काशी के विद्वान अनुष्ठान कराएंगे। ध्वज का स्वरूप कैसा होगा, रंग कैसा और प्रतीक चिन्ह कौन सा होगा, इसके लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय को जिम्मेदारी सौंपी गई है। राम विवाह पंचमी की शुभ तिथि पर ध्वजारोहण किया जाएगा।

### लास्ज़लो का समग...

गार्ज़ , जापानी लेखक हरुकी मुराकामी, रोमानिया के मिर्चिया कर्तारेस्कु, अमेरिका के थॉमस पिंचन और चीन की चान शुए शामिल रहे थे।

---

## दीवाली से पहले सीएम योगी ने दिया बड़ा तोहफा

# यूपी की जनता के लिए 1317 करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

- साढ़े तीन मिनट की लघु फिल्म मंच पर दिखाई
- पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन की चार परियोजनाएं

*उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उरई में 1824 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और कनेक्टिविटी से संबंधित कार्य शामिल हैं। इन योजनाओं से उत्तर प्रदेश के लोगों को कई सौगातें मिलेंगी और राज्य का विकास होगा*

एजेंसी ▶▶ उरई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 507 करोड़ 57 लाख की परियोजनाओं का लोकार्पण और 1,317 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान नून नदी पर बनी साढ़े तीन मिनट की लघु फिल्म मंच पर दिखाई जा रही है।

मुख्यमंत्री गुरुवार अपराह्न 3.10 मिनट पर हेलीकाप्टर से उरई पहुंचे और पुलिस लाइन में उनका हेलीकाप्टर उतरा, वहां से शहर के इंदिरा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में कार से पहुंचे। उनके द्वारा जनपद में 1824 करोड़ 57 लाख की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया।



### 165 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

*मुख्यमंत्री की ओर से जनपद की 165 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। यह परियोजनाएं 507 करोड़ 57 लाख की लागत से तैयार हुई हैं। इसमें ग्राम्य विकास विभाग की ओर से तीन, राज्य सेतु निगम से पांच, पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन से दो परियोजनाओं को तैयार कराया गया है। लोक निर्माण विभाग की 23, जल निगम ग्रामीण की 12, पुलिस आवास की दो, ग्रामीण अभियंत्रण की 18, आवास एवं विकास परिषद की 25, राज्य निर्माण सहकारी संघ की तीन, यूपीपीसीएल की 14, राज्य पर्यटन विकास निगम की पांच, परियोजना अधिकारी डूडा की 20, प्रदेश राज्य निर्माण की एक, लघु सिंचाई की नौ, नगरपालिका उरई की 12, नगरपालिका जालौन की चार, नगर पंचायत कोटरा की तीन, नगरपालिका कालपी की चार परियोजनाएं शामिल हैं।*

### जनपद की करीब 140 परियोजनाओं का शिलान्यास

*मुख्यमंत्री की ओर से जनपद की करीब 140 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। यह 1317 करोड़ की लागत की परियोजनाएं हैं। इसमें पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन की चार परियोजनाएं, जलनिगम नगरीय की दस, लोक निर्माण विभाग की 27, यूपीपीसीएल की सात, आवास एवं विकास परिषद की 21, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की दो, यूपी सिडको की सात, प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ की तीन, राजकीय निर्माण विभाग की एक, सीएंडडीएस की एक, नगरपंचायत कोटरा की 12, लघु सिंचाई की 11, नगरपालिका उरई की 24, नगरपालिका जालौन की चार, नगरपालिका कालपी की एक, डूडा की चार, नगरपंचायत एट की एक परियोजना शामिल है।*

### कालपी-मदारीपुर मार्ग का चौड़ीकरण होगा

*कालपी के जोल्हूपुर मोड़ से मदारीपुर व औरैया मार्ग को जोड़ने वाले मार्ग के मरम्मत कार्य का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। यह काम 49 करोड़ से होगा। इस मार्ग के बनने से 50 गांवों के लोगों को सीधा लाभ होगा। इसके साथ ही उरई-कोंच -नदीगांव मार्ग का चौड़ीकरण भी होगा।*

---

## एंटी करप्शन की टीम सीतापुर व बदायूं में दो को दबोचा

# 20 हजार की रिश्वत लेते ग्राम विकास अधिकारी व सचिव को पकड़ा

एजेंसी ▶▶ सीतापुर/बदायूं

यूपी में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई लगातार जारी है। गुरुवार को बदायूं में हुई कार्रवाई के बाद अब सीतापुर में एंटी करप्शन टीम ने कार्रवाई की है। यहां ग्राम विकास अधिकारी को 20 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। पैसे उनकी जेब से बरामद हुए हैं। ग्राम विकास अधिकारी ने निर्माण कार्य का बकाया भुगतान देने के ऐवज में ये रिश्वत मांगी थी, लेकिन पीड़ित ने एंटी करप्शन में शिकायत कर दी। सीतापुर जिले के बिसवां ब्लॉक में तैनात आलोक कुमार गोस्वामी ग्राम विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। वीडियो ने क्षेत्र में हुए निर्माण कार्य का बकाया भुगतान कराने के लिए पीड़ित से 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। पीड़ित ने इस मामले को लेकर 26 सितंबर को एंटी करप्शन विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत की पुष्टि होने के बाद एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाने की योजना बनाई। गुरुवार को पीड़ित के हाथों वीडियो को रिश्वत दिलाई।

## हवा में झूल रहा 5 करोड़ की लागत से बना पुल

एजेंसी ▶▶ कटिहार

बिहार के कटिहार जिले के डंडखोरा प्रखंड स्थित महेशपुर पंचायत में प्रधानमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत 5 करोड़ से अधिक की लागत से बनाया गया एक पुल, अब एप्रोच पथ (पहुँच मार्ग) के अभाव में 'सफेद हाथी' बनकर रह गया है। यह पुल लगभग एक दर्जन पंचायतों के करीब दस हजार लोगों को जिला मुख्यालय से जोड़ने की उम्मीद लेकर शुरू किया गया था, लेकिन लगभग चार साल बाद भी यह अपनी उपयोगिता साबित नहीं कर पाया है।

# निर्माण के चार साल बाद उठा उपयोगिता पर सवाल

### निजी जमीन मामला

*पुल का जो एप्रोच पथ निजी जमीन से जुड़ना था, उसके लिए जमीन अधिग्रहण किए बिना ही डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) बनाकर काम शुरू कर दिया गया था। नतीजतन, निजी जमीन अधिग्रहण का कार्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है, और एप्रोच पथ का हिस्सा बनने वाला एक पिलर/पाया का कार्य शुरू नहीं हो सका है। इस गंभीर सिस्टमैटिक चूक के कारण पुल केवल एक ढांचा बनकर खड़ा है, जिससे इलाके के लोगों की परेशानी बढ़ गई है।*

### जिलाधिकारी ने दिए जांच के निर्देश

*इस अधूरी विकास कहानी और सरकारी राशि के दुरुपयोग के संबंध में जब कटिहार के जिलाधिकारी मानेश कुमार मीणा से बात की गई, तो उन्होंने स्वीकार किया कि यह मामला काफी पुराना है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के कारण नया कंस्ट्रक्शन वर्क शुरू नहीं किया जा सकता, लेकिन वह इस पूरे मामले की जाँच करवाएंगे और जल्द ही उचित निर्णय लिया जाएगा।*

# अयोध्या में जोरदार धमाके के साथ गिरा मकान, 5 की मौत, कई घायल

एजेंसी, अयोध्या

अयोध्या में एक बड़ा हादसा हो गया। दरअसल, पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के पगला भारी गांव में एक घर में जोरदार विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में पूरा मकान क्षतिग्रस्त हो गया। वही पांच लोगों की मौत हो गई दो अन्य अभी घायल हैं।

शुरुआती जानकारी के अनुसार यह विस्फोट पटाखों से होने की संभावना जताई जा रही थी। लेकिन, पुलिस को मौके से फटा हुआ कुकर और सिलेंडर मिला है जिससे घटना



को नया रूख दे दिया है। अयोध्या में एक घर में भीषण विस्फोट से पूरा क्षेत्र दहल गया। यह घटना प्रभु श्रीराम मंदिर से लगभग 28 किमी की दूरी पर बीकापुर कोतवाली से चंद कदम दूर हुई। विस्फोट में दो घर मलबे के ढेर में तब्दील हो गए।

LOVED IN 70 COUNTRIES
BAJAJ THE WORLD'S FAVOURITE INDIAN

सूचना

समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचना दी जाती है कि

जीएसएम सेल्स (जीएसएम बजाज)
प्लॉट नंबर 632, दूसरी मंजिल, लक्ष्मी गार्डन,
डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सामने, खंडसा रोड, गुरुग्राम, हरियाणा
जो प्रिंसिपल-टू-प्रिंसिपल आधार पर हमारे अधिकृत डीलर के रूप में काम कर रहे थे, 30 अप्रैल 2025 से सेल्स और सर्विस के लिए हमारे डीलर नहीं है।
(मोटरसाइकिल बिज़नेस यूनिट)

केवल सार्वजनिक सूचना के लिए

बजाज ऑटो लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : मुंबई-पूना रोड, आकुर्डी, पूना - 411035.

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तगण **1. स्वेता शर्मा, डीआईएन नंबर 07097927, 2. अजय चंगानी, डीआईएन नंबर 06431387, 3. विजय कुमार सोनी, डीआईएन नंबर 06783012, आईएसीएम स्मार्ट लर्न लिमिटेड के अतिरिक्त निदेशक, पता:- एच-9, साउथ एक्सटेंशन -1, दिल्ली** ने **CC No. 23507/2019, U/s: 138 NI Act, पुलिस थाना साउथ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किये है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. स्वेता शर्मा, 2. अजय चंगानी, 3. विजय कुमार सोनी** मिल नही रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. स्वेता शर्मा, 2. अजय चंगानी, 3. विजय कुमार सोनी** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना साउथ रोहिणी, दिल्ली** के अभियुक्तगण **1. स्वेता शर्मा, 2. अजय चंगानी, 3. विजय कुमार सोनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.11.2025** या इससे पहले हाजिर हो। **आदेशानुसार**
**श्री गौरव कटारिया**
**जेएमएफसी-07, उत्तर-पश्चिम, द्वितीय तल, कमरा संख्या 208, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**
**DP/13634/RD/2025**

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82(2)(ii) Cr. P.C. देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू पुत्र** कमलेश कुमार **निवासी:** H-41, गली नं. 2, अमन विहार, दिल्ली ने **FIR No. 111/2020, 3208/2023 U/s 380/457/411/34 IPC. थाना: कंझावला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सोनू** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 111/2020, 3208/2023 U/s 380/457/411/34 IPC. थाना: कंझावला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मो0 सलीम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।
**आदेशानुसार**
**श्री अपूर्व भारद्वाज**
**DP/13627/RD/2025** जेएमएफसी, (नोर्थ-वेस्ट), कमरा नं. 113
**(Court Notice)** पहला तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

एन बी सी सी NBCC नवरत्न सीपीएसई
एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
CIN-L74899DL1960GO1003335
एनबीसीसी निम्नलिखित ग्रुप हाउसिंग भूखंडों की बिक्री की घोषणा करता है:
1) वेदव्यासपुरी मेरठ (एनआईटी सं.: एनबीसीसी/सीजीएम/मेरठ /2025/09)
2) कोयल एन्क्लेव, गाजियाबाद (एनआईटी सं.: एनबीसीसी/सीजीएम/जीजेडबी/2025/10)
3) सूर्य नगर अलवर (एनआईटी सं.: एनबीसीसी/सीजीएम/अलवर /2025/11)
बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से तथा "जैसा है जहां है" के आधार पर होगी।
निबंधन और शर्तों सहित नीलामी दस्तावेज "संपत्तियां खरीदें" खंड के तहत www.nbccindia.in पर उपलब्ध हैं।
ई-नीलामी हेतु पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 24.10.2025 को अपराह्न 11:00 बजे (2300 बजे) तक है।
अनुशेष । शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) को केवल उपर्युक्त वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।
एसबीजी (डीओपी), एनबीसीसी रियल एस्टेट कार्यालय
एनबीसीसी प्लेस, प्रगति विहार, भीष्म पितामह मार्ग, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
संपर्क करें: 8527960986 ई-मेल: sbg.dop@nbccindia.com
CBC 20109/12/0006/2526



पर्व उद्देश्य / डॉ. मोनिका शर्मा

गणेशोत्सव के बाद नवरात्र, दशहरा और अब दीपावली आ रही है। त्योहारों की यह श्रृंखला हमें उत्सवी उल्लास में रंगकर आपस में जोड़ती है, हम नई ऊर्जा-उमंग से भर उठते हैं। इसलिए हम हर पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाएं, इसके उद्देश्य और संदेश को जानें-समझें और अपने जीवन में नए रंग भरें, ऊर्जावान हों।

# आओ रंग जाएं उत्सवी रंग में

प्यारे बच्चो, भारत को त्योहारों का देश कहा जाता है। साल भर यहां किसी ना किसी त्योहार की धूम रहती है। हर राज्य, हर क्षेत्र के लोगों के पास किसी न किसी पर्व या उत्सव के रंग में रंग जाने का मौका देखा जा सकता है। हमारी कल्चरल डायवर्सिटी (सांस्कृतिक विविधता) के चलते ये सतरंगी उत्सव जीवन में खुशियों की सौगात लेकर आते हैं। इन दिनों भी तुम्हें अपने आस-पास त्योहारी रौनक दिख रही होगी।

बच्चो, इन त्योहारों की रौनक कोई पूजा-अर्चना भर नहीं है। ना ही स्कूल से मिली त्योहारी छुट्टियां खाने-पीने और मौज उड़ाने का मौका भर हैं। हमारे पर्व और उनको मनाने से जुड़े विधि-विधान बहुत कुछ सीखने-समझने का सुनहरा अवसर होते हैं। ऐसे उत्सव अपने परिवार से मिलने-जुड़ने की मनभावन परंपराएं साथ लाते हैं। बच्चो, इस बार भी तुम त्योहारों की धूम की खूब खुशियां बटोरो, उत्सवीय रंगों में रंग उठो।

## त्योहारों का लो आनंद

बच्चो, इस साल के त्योहारी सीजन के कुछ पर्व तो हमने मना लिए हैं, कुछ त्योहार आने अभी बाकी हैं। पहले खूब धूमधाम से गणपति की पूजा हुई फिर नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा की गई, दशहरा पर रामलीलाएं और रावण दहन भी तुमने देखा। अब सबको धनतेरस, दीपावली और भैया दूज जैसे त्योहारों की रौनक का इंतजार है। तुम भी इस त्योहारों की श्रृंखला का खूब आनंद लो। हमारे देश में साल के ये दिन खुशियां मनाने और बांटने का अवसर लेकर आते हैं। इसीलिए दीपावली और इससे जुड़े अन्य त्योहारों को सबके साथ हंसी-खुशी मनाओ, अपनों के संग समय बिताओ। बड़ों का आशीर्वाद लो। सबसे प्यार से मिलो और उनको खूब प्यार बांटो। त्योहार के मौके पर आने वाले सगे संबंधियों, रिश्तेदारों का खूब प्यार से स्वागत करो। इस मेल-जोल से तुम्हें एक खुशी मिलेगी। सबसे बातचीत करने का सलीका आएगा।

## कुछ नया सीखो

बच्चो, त्योहार नई चीजें सीखने का सुंदर मौका होते हैं। दीपावली की साफ-सफाई में मम्मा की मदद करना कई लाइफ स्किल्स सिखाता है। अपनी चीजों को संभालकर रखने से लेकर कमरे को क्लटर फ्री करने तक, कई काम और एक्टिविटीज सीखने को मिलती हैं। घर की सजावट करना हो या किसी फेस्टिवल पर किया जाने वाला खास नृत्य, सब कुछ स्किल्स ही तो हैं। जैसे नवरात्र में गरबा नृत्य किया जाता है तो दीपावली में रंगोली बनाने का रिवाज है। बच्चो, अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ मिलकर त्योहार मनाना, ट्रेडिशनल ड्रेस पहनना, परंपरागत रिवाज निभाना, ये सब कुछ सीखने में रुचि लेनी चाहिए। त्योहारों से जुड़ी पुरानी बातें भी तुम्हारे लिए तो नई ही हैं। हमारे त्योहार तो खुशियां मनाना ही नहीं अलग-अलग ढंग से दूसरों की मदद करना भी सिखाते हैं।





## स्क्रीन से तो दूरी भली

बच्चो, त्योहारी रौनक में अपना टाइम, स्मार्टफोन, टैब या लैपटॉप की स्क्रीन में झांकते हुए बिताने की गलती तुम्हें नहीं करनी है। चमकती स्क्रीन में ऑनलाइन गेम्स खेलने या दूसरी एक्टिविटिज में गुम रहने के बजाय रीयल वर्ल्ड की रौनक देखने में रुचि लो। स्मार्ट गैजेट्स लेकर बैठने के बजाय पूजा की तैयारियों और घर में सजावट के छोटे-मोटे काम करने में बड़ों की मदद करो। रोशनी के त्योहार दीपावली पर रंग-बिरंगी रंगोली बनाने या घर की लाइटिंग करने में भी मदद कर सकते हो। त्योहारी छुट्टियां अपनों के साथ बिताने के लिए होती हैं। बच्चो, सेलिब्रेशन के इस उजास में घर सजाने, दीये जलाने, परिवार के सदस्यों के साथ रीति-रिवाज अपनाने का एक बहुत अच्छा अवसर है। *

## परंपराओं के बारे में जानो

बच्चो, अपने पर्वों को हर्षोल्लास के साथ मनाने के अलावा इनके बारे में जानने में भी रुचि लो। हमारे सभी त्योहारों से कोई ना कोई कहानी जुड़ी है, इसके पीछे कोई बड़ा संदेश भी छुपा है। इसीलिए त्योहारों का आनंद लेते हुए घर के बड़ों से इन पर्वों की कहानियों के बारे में जरूर जानो, ताकि त्योहारों के महत्व को और अच्छे से समझ सको। जैसे दीपावली का पर्व अंधकार पर उजाले की जीत का पर्व है। वैसे ही हर त्योहार से जुड़ी परंपराएं अच्छी और सच्ची सीख ही देती हैं। बच्चो, घर के बड़े-बुजुर्ग हों या अध्यापक, इन सभी को पर्वों से संबंधित सवालों का जवाब देने में खुशी ही मिलती है। वे बहुत मन से सारी कहानियां बताने में रुचि लेते हैं। यह बातचीत तुम्हें इन त्योहारों को गहराई से जोड़ेगी।

यूजफुल इंस्ट्रूमेंट

# सब कुछ कर दे क्लीन वैक्यूम क्लीनर

बच्चो, त्योहार का सीजन हो या कोई आम दिन, साफ-सफाई के दौरान डस्टिंग-क्लीनिंग को ईजी और इफेक्टिव बनाता है वैक्यूम क्लीनर। जानो, वैक्यूम क्लीनर से जुड़ी कुछ रोचक बातें।



बच्चो, दिवाली आने में कुछ ही दिन शेष हैं। तुम्हारे घर में भी जोर-शोर से दिवाली की सफाई चल रही होगी। साफ-सफाई के दौरान जमी हुई धूल-मिट्टी और गंदगी को दूर करने में वैक्यूम क्लीनर काफी मददगार होता है। आजकल घरों में, ऑफिस में, स्कूलों में, लाइब्रेरीज या सार्वजनिक स्थानों, जैसे- एयरपोर्ट, मेट्रो आदि स्थानों पर साफ-सफाई के लिए इलेक्ट्रिक वैक्यूम क्लीनर का इस्तेमाल किया जाता है। यह बहुत ही आसानी से धूल कणों और गंदगी को साफ कर देता है।

**कुछ ऐसा था शुरुआती वैक्यूम क्लीनर:** वैक्यूम क्लीनर के आविष्कार का प्रयत्न सन 1800 के अंतिम दिनों से शुरू हो गया था। घर के काम में आने वाले उपकरणों के आविष्कारकर्ताओं ने पहले भी इलेक्ट्रिक क्लीनर बनाया था, लेकिन यह आधुनिक वैक्यूम क्लीनर से कई मामलों में अलग था। इन इलेक्ट्रिक क्लीनर से निकलने वाली तेज हवा धूल को खींचने के बजाय बाहर की तरफ उड़ा देती थी, जिससे ये धूल उड़ कर चारों ओर रखी चीजों पर जम जाती थी।



**आधुनिक वैक्यूम क्लीनर:** सन 1901 में ब्रिटेन के एच.सी. बोथ ने पहला ऐसा वैक्यूम क्लीनर बनाने में सफलता पाई, जो धूल को उड़ाने के बजाय अपने अंदर खींच लेता था। उसके बाद से इसकी बनावट और कार्यप्रणाली में समय-समय पर कई बदलाव और सुधार किए जाते रहे हैं। अब तो आधुनिक तकनीकों से लैस रोबोटिक और एआई तकनीक वाले वैक्यूम क्लीनर्स भी बाजार में आ चुके हैं।

**पोर्टेबल और बहुत ही उपयोगी:** इन दिनों यूज की जाने वाली वैक्यूम क्लीनर, बिजली से चलने वाली एक ऐसी छोटी सी मशीन है, जिससे कार्पेट्स और फर्श पर पड़ी धूल, कागज के छोटे-छोटे टुकड़े, किताबों पर जमी धूल आदि की सफाई आसानी से की जा सकती है। इस मशीन को कोई भी व्यक्ति आसानी से हाथ में उठाकर सफाई कर सकता है। इसकी सहायता से दीवारों, पर्दों और नुकीली सतहों की सफाई भी की जाती है। सफाई करने के लिए यह एक बहुत ही उपयोगी मशीन है। *

- एफएमएन

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# जंगल में बन गया पुल

बच्चो, तुमने नदियों पर बने पुल जरूर देखे होंगे। पुल के जरिए ही हम ट्रेन या अपने वाहन से नदी को आसानी से पार कर लेते हैं। सोचो, अगर पुल न होते तो किसी नदी को पार करना कितना मुश्किल होता? इस छोटी सी कहानी की किताब 'जानवरों ने पुल बनाया' में भी तुम पढ़ सकते हो कि नंदन वन में रहने वाले जानवरों के द्वारा एक नदी पर कैसे पुल बनाया जाता है? दरअसल, नंदन वन के बीच से एक नदी बहती थी। जब उसमें पानी का बहाव तेज हो जाता तो जंगल के जानवर नदी के उस पार नहीं जा पाते थे। इस समस्या के समाधान के लिए राजा शेर सिंह सारे जानवरों की सभा बुलाता है। फिर वहां सारे जानवर क्या-क्या बातें करते हैं, कैसे पुल बनाने की तैयारी होती है, कौन सा जानवर क्या काम करता है और पुल कैसे बनता है? यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। इस रंगीन चित्रों वाली किताब को पढ़कर तुम जानोगे कि अगर सब मिलकर काम करें तो बड़े-कठिन काम भी आसानी से पूरे हो सकते हैं। *



**पुस्तक:** जानवरों ने पुल बनाया, **लेखक:** डॉक्टर घमंडीलाल अग्रवाल, **मूल्य:** 90 रुपए, **प्रकाशक:** सूर्य भारती प्रकाशन, दिल्ली

## हंसगुल्ले



**सोनू :** यार, ये दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
**मोनू :** तुम्हें इतना भी नहीं पता! 'दर्दनाक' का मतलब होता है 'नाक में दर्द'।
-मुस्कान, बिलासपुर

**नव्या :** रात को सूरज क्यों नहीं दिखाई देता है?
**नैंसी :** क्योंकि वह पूरे दिन आसमान में घूम-घूमकर थक जाता है, इसलिए रात को सो जाता है।
-खुशबू, ई-मेल से

**टीचर :** न्यूटन का नियम बताओ।
**राजू :** सर, पूरा तो याद नहीं, लास्ट की लाइन याद है।
**टीचर :** चलो, लास्ट की ही सुनाओ।
**राजू :** ...और इसे ही न्यूटन का नियम कहते हैं।
-तनुजा, रायपुर

## जीके क्विज-174

1. आईसीसी की ताजा रैंकिंग के अनुसार दुनिया का नंबर वन टी-20 बैट्समैन कौन बना है?
2. छत्तीसगढ़ का कौन-सा जिला आधिकारिक रूप से भारत का पहला बालविवाह मुक्त जिला घोषित किया गया है?
3. जिम कार्बेट नेशनल पार्क किस राज्य में स्थित है?
4. छत्रपति शिवाजी की मां का नाम क्या था?
5. संयुक्त राष्ट्र दिवस कब मनाया जाता है?
6. रेडियो की खोज किसने की थी?
7. कौन-सा विटामिन रक्त का थक्का बनने में सहायक होता है?
8. दूध में कौन-सा एसिड पाया जाता है?
9. ओडिशा की राजधानी कहां है?
10. थार मरुस्थल भारत के किस राज्य में स्थित है?



**बच्चो, जीके क्विज-174 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-173 का उत्तर :** 1 अग्नि-पी, 2.रानी मुखर्जी, 3.ह्वांगहो, 4.यमुना, 5.काला, 6.इटली, 7.चीन में, 8.बोधगया, 9.किडनी, 10.मैलिक अम्ल

**जीके क्विज-173 का सही उत्तर देने वाले :** ज्योति-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, ललित-रायपुर, अंकिता-रोहतक, कुसुम-भोपाल, कनिष्क-बिलासपुर, रोशन-बलौदा बाजार, रमेश-बैकुंठपुर, अजय-महासमुंद, राशि-बालोद, विकास-बेमेतरा, राजू-दुर्ग, अंकित-कांकेर, हर्ष-दिल्ली, साकेत-धमतरी, सृष्टि-हिसार



कहानी
सुधा रानी तैलंग

घर में पपी आया तो गट्टू का क्या, दादाजी का भी प्यारा साथी बन गया। गट्टू खाली समय में पपी के साथ खेलता तो दादाजी भी इस खेल में शामिल हो जाते। कुछ ही दिनों में नन्हा पपी पूरे परिवार का लाडला बन गया। एक प्यारी-सी कहानी।

# गट्टू को मिला नया दोस्त

छह साल का गट्टू अपने दादाजी के संग पार्क से लौट रहा था। रास्ते में ही उसे छोटा-सा प्यारा पपी दिखा। उसके एक पैर से खून बह रहा था। वह दर्द से कराहते हुए कूं.. कूं कर रहा था।

गट्टू ने दादा जी से कहा, 'दादू, पपी को हम अपने घर ले चलते हैं। देखिए, बेचारे को कितनी चोट लगी है।'

'हां बेटा, हमें इसे अपने घर ले चलना चाहिए।' कहते हुए दादाजी ने पपी को अपनी गोद में उठा लिया।

घर आकर दादाजी ने गुनगुने पानी में एंटिसेप्टिक लिक्विड डाल कर पपी के पैर की कॉटन से सफाई की फिर कपड़े से पैर पोछकर उसके घाव पर दवाई लगाई।

गट्टू ने अपना हाथ आगे बढ़ाया तो पपी ने अपना दूसरा पैर उसके हाथ में दे दिया। गट्टू बोला, 'देखिए दादाजी, पपी तो मुझसे दोस्ती कर रहा है।' गट्टू की बात सुनकर दादाजी ने मुस्कुराते हुए उसके गालों पर प्यार से थपकी लगाई। तभी गट्टू की मम्मी, पपी के लिए एक कटोरी में दूध-रोटी लेकर आ गईं। पपी बहुत भूखा था, उसने झटपट दूध-रोटी चट कर दिया। शाम को जब पापा ऑफिस से लौटे तो गट्टू ने पपी के मिलने, उसके चोटिल होने और उसे घर लाने की पूरी कहानी उन्हें बताई। पापा बोले, 'शाम हो रही है। पूरी तरह अंधेरा होने से पहले चलो इसे पार्क में वापस छोड़ आते हैं, इसकी मां परेशान हो रही होगी।'

'पर पापा मैं तो इसे घर पर ही अपने साथ रखूंगा।' गट्टू रोनी सूरत बनाकर बोला।

'नहीं बेटा, जिद नहीं करते।' गट्टू को समझाते हुए पापा पपी को लेकर पार्क में चले गए। वहां चारों तरफ ढूंढा पर पपी की मां कहीं नहीं मिली। पापा और गट्टू पपी को साथ लेकर वापस घर आ गए। आते ही गट्टू चहकते हुए दादाजी से बोला, 'दादू, अब तो पपी हमारे साथ ही रहेगा। इसकी मां तो मिली ही नहीं।' दादाजी हंसते हुए बोले, 'बहुत बढ़िया! चलो तुम्हें खेलने के लिए एक नया दोस्त मिल गया। पर एक शर्त है कि तुम्हें अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान देना होगा।'

'ओके दादू!' गट्टू ने खुश होते हुए कहा।

बस फिर क्या था, पूरे घर में ही एक नए मेहमान पपी के आने से खुशी का माहौल बन गया। पपी के लिए एक छोटा और सुंदर सा गले का पट्टा आ गया। उसके लिए नरम कपड़े का बिछौना तैयार हो गया। कुछ ही दिनों में पपी का पैर भी ठीक हो गया और वह पूरे घर में उछल-कूद करने लगा।




दादाजी और गट्टू नन्हे पपी के साथ खूब खेलते थे। आगे-आगे पपी, फिर दादा जी, पीछे-पीछे गट्टू। कपड़े की बनी गेंद से पपी के साथ खेलने में गट्टू के साथ दादाजी को भी खूब मजा आता।

यह सब देखकर एक दिन पापा बोले, 'पपी के आ जाने से एक बात तो अच्छी हुई कि पहले बाबूजी पूरे दिन लेटे रहते थे, अब देखो कितनी दौड़ लगाते हैं। कितने खुश रहते हैं। लगता है अब उनकी सेहत पहले से अच्छी हो जाएगी और उनकी दवाइयां भी धीरे-धीरे कम हो जाएंगी।'

यह सुनते ही दादाजी हंसते हुए बोले, 'तुम सच कह रहे हो बेटा। पपी के आने से पूरे घर में कितनी रौनक आ गई है। मेरे बूढ़े शरीर में ताकत आ गई है। क्या करूं बेटा, तुम और बहू दोनों सुबह ऑफिस चले जाते हो और गट्टू अपने स्कूल। आखिर मैं अखबार कब तक पढ़ूं और टीवी भी कब तक देखूं? पहले तो मेरा समय ही नहीं कटता था। अब इस पपी के आने के बाद से समय कैसे बीत जाता है, पता ही नहीं चलता।'

'हां, यह बात तो सच है बाबूजी।' पापा ने कहा।

सचमुच वह नन्हा-नटखट पपी, दादाजी और गट्टू का बहुत ही प्यारा साथी बन गया था। गट्टू जब स्कूल जाता तो पपी उसे बाहर तक छोड़ने जाता। उसके लौटते समय दरवाजे पर बैठ जाता और पूंछ हिला कर गट्टू का स्वागत करता। सुबह जब न्यूज पेपर आता तो पपी मुंह में दबाकर सबसे पहले जाकर दादाजी को देता। कुछ ही दिनों में वो क्यूट पपी पूरे परिवार का लाडला बन गया। गट्टू तो बहुत ही खुश था, क्योंकि उसे एक प्यारा दोस्त जो मिल गया था। *

कविता
शादाब आलम



## बस्ता बोले

बस्ता बोले, आओ जी
हंसकर मुझे उठाओ जी।
बोझ नहीं हूं साथी हूं मैं
मुझपे मत गुस्साओ जी।
मुझमें कितनी चीज तुम्हारी
गिनकर जरा बताओ जी।
इमली, चूरन, सौंफ, चने, गुड़
मुझमें कहीं छुपाओ जी।
लंच ब्रेक में मित्रों के संग
खूब मजे से खाओ जी।
कभी किसी दिन टीचर जी से
अगर इजाजत पाओ जी।
अपने सभी खिलौने भरकर
विद्यालय ले जाओ जी।

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां पानी में तैरती हुई एक नन्ही जलपरी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में सात अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये सात अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी सात अंतर खोजो।



उत्तर: 1. जलपरी के बाएं हाथ में मोती वाला सीप बंद है। 2.पीछे बायीं तरफ दो के बजाय तीन मछलियां तैर रही हैं। 3.दाहिनी तरफ सी-हॉर्स के बॉडी पर ब्लैक स्पॉट्स है। 4.ऊपर दायीं तरफ तैर रही नन्ही मछलियां गायब है। 5.आगे बायीं तरफ दो के बजाय तीन पिंक कोरल है। 6.पिंक कोरल्स के बगल में दायीं तरफ छोटी-सी केव दिख रही है। 7.आगे दिख रहे व्हील में एक रॉड कम है।

## सही मिलान करो

बच्चो, दिए गए चित्र में अलग-अलग जानवरों के शरीर का आधा हिस्सा बायीं तरफ और बाकी आधा हिस्सा दायीं तरफ दिया गया है। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से इनका सही मिलान करो और जानो कौन-सा जानवर है?




उत्तर : A-3, B-4, C-2, D-1



कलेक्टर्स-एसपी कांफ्रेंस के बाद समूह छायाचित्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ मुख्य सचिव अनुराग जैन, डीजीपी कैलाश मकवाना और संभाग आयुक्त, आईजी, कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षक।

## डीजीपी मकवाना ने कहा- रिव्यू में आंकड़े नहीं, सुधार करने की जरूरत, आईजी भी फील्ड में जाकर लोगों से संवाद करें

### ब्रीफिंग के बीच एसपी ने किया डॉ. यादव के सवालों का सामना

# सीएम बोले- फाइलें देखने के लिए नहीं बुलाया, घटना को रोकने का प्लान दें एसपी, हालातों पर नियंत्रण रखना उनकी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दो दिनों तक मध्य प्रदेश में हुई कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस का बुधवार आखिरी दिन रहा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकार की प्राथमिकता के साथ-साथ 2047 का विजन भी बताया। इसके साथ ही नॉन परफॉर्मिंग अफसर को फटकार भी लगी। मुख्यमंत्री ने विजन डॉक्यूमेंट के साथ-साथ लोगों की समस्याओं को सुलझाने पर अफसर को हिदायत दी। साथ ही मध्य प्रदेश में नक्सलवाद को खत्म करने की डेट लाइन को भी याद दिलाया। एसपी को खासतौर पर निर्देश दिए कि वह अपना लोकल इंटेलिजेंस मजबूत रखें, क्योंकि अगर लोकल इंटीलिजेंस मजबूत रहेगा तो अपराधी के बारे में पुलिस को जरूर पता रहेगा। 2 दिन के कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में 7 से 8 सत्र के बीच अफसर से चर्चा हुई।

प्रेजेंटेशन से लेकर अफसर के नवाचार और सुशासन पर डॉ. मोहन ने चर्चा की। उन्होंने कहा कि कमजोर परफॉर्मेंस रहने पर जिले का विकास रुकता है, इस बारे में अधिकारी ध्यान रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अफसर का काम है कि जिले का विजन डाक्यूमेंट तैयार करें। जनप्रतिनिधियों से संवाद लगातार होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जिलों में जो बेहतर काम हो रहा है, उसे प्रदेश भर में लागू करना चाहिए। इधर, डीजीपी कैलाश मकवाना ने भी अफसरों को दो टूक कहते हुए बोले कि हम आकड़ों पर नहीं जाते हैं। रिव्यू में सुधार करने जरूरत होती है। एसपी तो फील्ड पर रहते ही हैं, लेकिन आईजी भी लोगों के बीच जाकर बातचीत करें। सरकार की मंशा से लोगों के बीच जाने पर फीडबैक सही मिलता है।

### *प्रेजेंटेशन से लेकर अफसरों के नवाचार सुशासन पर मुख्यमंत्री ने चर्चा की*




### मुख्यमंत्री ने पूछा, कोरेक्स कहां से आता है ?

सीएम ने कहा कि कोरेक्स कहां से आता है। पता है या फिर मुझे ही पता लगाना होगा। मामला नियंत्रण में आ जाए नहीं तो दूसरी टीम भिजवाकर पुलिस के लोगों के खिलाफ कार्रवाई करवा देता हूं। डीजीपी ने जवाब दिया कि हम इस मामले में गंभीर है। पड़ोसी राज्यों से भी जो दवाइयां आ रही है हम बैरियर के माध्यम से चेक करते हैं काफी हद तक नियंत्रण में है. मुख्यमंत्री ने कहा यह आवश्यक है।

### मुख्यमंत्री ने कलेक्टर और एसपी से कहा, माफिया पर एक्शन लें

- चंबल में अवैध खनन को रोकने को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि अफसर की जब भूमिका संदिग्ध हो जाती है तो उन पर सवाल उठते हैं, इसीलिए सुशासन को लागू करने के साथ-साथ अधिकारी माफिया पर एक्शन लेने के लिए कहा जाता है। इस बीच मुख्य सचिव ने कहा कि एनजीटी ने भी बार-बार निर्देश दिए हैं तो फिर अधिकारी पुलिस बल के साथ खनन क्यों नहीं रोक पाते हैं।
- आदिवासी अंचलों में लगातार मारपीट की घटनाओं को लेकर कहा कि यह प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि समान रूप से लोगों को न्याय मिले। अगर कोई मारपीट आदिवासियों के साथ करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए जंगल माफिया हो या फिर अवैध खनन करने वाले हो। सरकार पूरी तरीके से उनको लगाम लगाना चाहती है यह अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इस बीच मुख्यमंत्री ने कलेक्टर और एसपी अब तक हुई कार्रवाई का ब्यौरा भी दे।
- नर्मदापुरम और विंध्य में कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को लेकर भी अधिकारियों को तलब किया गया मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े-बड़े आंकड़े और रिपोर्ट लेकर आए हैं लेकिन हकीकत तो यह है जब घटना हो जाती है बाद में पता चलता है कि गलती किसकी है। स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर प्रमुख सचिव से पूछा कि कितने मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग कम कर रहा है। क्योंकि दवाइयां की टेस्टिंग तक नहीं हो पाती है। इस पर ड्रग कंट्रोलर को भी जवाब तलब किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप नए आए हैं लेकिन पुराने रिकॉर्ड भी निकाल कर एक रिव्यू रिपोर्ट बताइए।

#### *केंद्रीय बलों के संपर्क में रहें पुलिस अधीक्षक*

*बालाघाट मंडला और डिंडोरी के पुलिस अधीक्षक से कहा कि आप केंद्रीय बल के संपर्क में रहिए। जब भी नक्सली मूवमेंट होता है तुरंत ही सक्रिय हो जाना चाहिए छत्तीसगढ़ से आ रहे हो या फिर दूसरे रास्ते मध्य प्रदेश में घुसपैठ होनी नहीं चाहिए जो भी मौजूद है उनको मार गिरा देना चाहिए.।*

#### *दूसरे जिलों में भी लागू होगा कमिश्नर सिस्टम*

*गुना शिवपुरी भोपाल इंदौर पुलिस कमिश्नर सिस्टम की भी मुख्यमंत्री ने तारीफ की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कुछ और बड़े जिले हैं। जहां पर पुलिस कमिश्नर सिस्टम को लागू करना चाहिए इस पर डीजीपी एक प्लान तैयार करके सरकार को काम करना चाहते हैं।*

### *खनन, आदिवासियों से मारपीट और ड्रग्स पर मांगा जवाब*

### जबलपुर के राजस्व अभिलेखागार का नवाचार उपयोगी और अनुकरणीय

#### ***नवीनीकृत अभिलेखागार से रिकॉर्ड की सुरक्षा उपलब्धता हुई सुनिश्चितः जनसंपर्क आयुक्त***

कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन प्रथम सत्र में जबलपुर में राजस्व विभाग के रिकॉर्ड रूम को लेकर हुए नवाचार को उपयोगी तथा अनुकरणीय बताते हुए सराहा गया। इस नवाचार ने जनसामान्य के राजस्व रिकॉर्ड देखने के अनुभव को पूर्णतः बदल दिया है। आयुक्त जनसंपर्क एवं तत्कालीन कलेक्टर जबलपुर दीपक सक्सेना ने लघु फिल्म के प्रस्तुतिकरण में बताया कि जबलपुर के नवीनीकृत राजस्व अभिलेखागार का वातावरण अब बैंक के लॉकर रूम जैसा है। इस पहल से जनसामान्य के साथ रिकॉर्ड रूम के कर्मचारियों को भी गंदे-बदबूदार वातावरण से मुक्ति मिली है और वे रिकॉर्ड ढूंढ़ने की मशक्कत से मुक्त हुए हैं। जनसंपर्क आयुक्त सक्सेना ने कहा कि परिवारों की पीढ़ियों के लिए विशेष महत्व रखने वाला यह राजस्व रिकॉर्ड न केवल अब सुरक्षित है, अपितु रिकार्ड कहां रखा है, इसके संबंध में भी पारदर्शिता आई। आवश्यक जानकारियां अब सभी के लिए सुलभ हैं। इसके तैयार किए गए पोर्टल पर चंद एंट्रियों से पता चल जाता है कि रिकॉर्ड किस रैक-शेल्फ-बॉक्स में किस नंबर पर रखा हुआ है। आवेदक घर बैठे भी यह जानकारी प्राप्त कर सकता है। रिकॉर्ड रूम के बाहर लगाए गए कियोस्क से भी रिकार्ड में केस की लोकेशन का पता लगा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर प्रवास के दौरान जनसामान्य के जीवन को आसान बनाने वाले इस नवाचार की सराहना करते हुए जबलपुर जिला प्रशासन को इस पहल के लिए बधाई दी थी।




#### ऑनलाइन एप्लीकेशन में डाली जानकारी

*आयुक्त जनसंपर्क सक्सेना ने बताया कि प्रायः राजस्व विभाग के रिकॉर्ड रूम की स्थिति सभी जगह एक समान रहती है। बस्तों में दम तोड़ती फाइलों के बारे में जानकारी प्रायः कुछ बाबुओं और भृत्यों तक सीमित रहती थी। इस स्थिति में बदलाव के लिए रिकॉर्ड रूम को रेनोवेट किया गया। लोहे के रैक्स की मरम्मत कर उनका रंग-रोगन और रिकॉर्ड रखने के लिए कपड़े के बस्ते की जगह प्लास्टिक बॉक्स का उपयोग किया गया। बॉक्स पर रंगीन स्टीकर की मदद से तहसीलवार कलर कोडिंग की गई। रैक और उसकी शेल्फ को यूनिक नंबर दिया गया।*

### नवाचारी प्रयासों से तलाशें समस्याओं के वैकल्पिक समाधान, विलेज एक्शन प्लान शीघ्र तैयार करेंः सीएस

#### *राष्ट्रव्यापी जनजाति गौरव दिवस 15 नवंबर से पहले पीएम जनमन के कार्य पूरा करें*

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि नवाचारी प्रयासों से समस्याओं के वैकल्पिक समाधान तलाशें। इसके लिए आदर्श प्रक्रियाएं अपनाएं। जनजातीय विकास की योजनाएं संवेदनशील प्रकृति की होती हैं, इसलिए समय-सीमा का ध्यान रखा जाए। मुख्य सचिव जैन कलेक्टर कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन जनजातीय विकास कार्यों, आदि कर्मयोगी अभियान, पीएम जनमन योजना, धरती आबा जनजाति उत्कर्ष अभियान, वन अधिकार अधिनियम संबंधी विषयों पर कलेक्टर-कमिश्नर से यह बात कही। प्रमुख सचिव जनजाति कार्य गुलशन बामरा ने प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने कहा आदि कर्मयोगी अभियान के तहत सभी जिले शीघ्र ही प्रत्येक ग्राम का विलेज एक्शन प्लान तैयार कर ग्राम सभा से अनुमोदन करवाएं। विलेज एक्शन प्लान के आधार पर डिस्ट्रिक्ट एक्शन प्लान तैयार होगा और डिस्ट्रिक्ट एक्शन प्लान के आधार पर स्टेट एक्शन प्लान तैयार होगा। इस प्रकार तैयार हुए प्लान का नई दिल्ली में प्रस्तुतिकरण होगा और सर्वश्रेष्ठ प्लान को पुरस्कृत किया जाएगा।

#### पीएम जनमन योजना में मप्र अव्वल

प्रतुतिकरण में बताया गया कि पीएम जनमन योजना के तहत हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन में मप्र में उत्कृष्ट कार्य हुआ है। आधार कार्ड, जनधन बैंक खाता, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि और राशन कार्ड जैसे दस्तावेज उपलब्ध कराने में 100 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। आयुष्मान कार्ड जारी करने में शिवपुरी, मैहर, रायसेन, कटनी और भिंड ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। लंबित जाति प्रमाण पत्र जारी करने में जबलपुर, रायसेन और सिवनी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। सभी जिलों से अधोसंरचनात्मक कार्य जैसे हॉस्टल निर्माण, सड़क निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण, बहुउद्देशीय सेंटर निर्माण जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।

#### आदि कर्मयोगी अभियान में 14 हजार 40 लक्षित गांव

कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि आदि कर्मयोगी अभियान में 14 हजार 40 लक्षित गांव के 10 हजार 893 विलेज एक्शन प्लान बन चुके हैं। इन गांवों में 11 हजार 394 आदि सेवा केंद्र स्थापित हो चुके हैं। आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान जन धन, जाति प्रमाण-पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड जैसे जरूरी दस्तावेज जारी किए गए उनकी संख्या 17 लाख 70 हजार 745 है।

## सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता शत-प्रतिशत होः मुख्य सचिव अनुराग

- शालाओं में बच्चों के नामांकन की दर में करें सुधार
- शाला विकास समिति में बच्चों के पालक सहित शिक्षा में रूचि रखने वाले हों शामिल
- शिक्षा के गुणात्मक सुधार के लिए अन्य विभागों के लोगों को भी जोड़ें

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने शिक्षा में गुणात्मक सुधार सत्र में जोर देकर कहा कि विकसित भारत के रोडमेप में शिक्षा एक मूलभूत मुद्दा है। इसके बगैर विकास के लक्ष्यों को हासिल नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। शिक्षा में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्कूलों में नामांकन दर में और सुधार की आवश्यकता बताई। मुख्य सचिव अनुराग जैन भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन बुधवार को अधिकारियों को राज्य शासन की प्राथमिकताओं की जानकारी देते हुए संबोधित कर रहे थे।

### ई-अटेंडेंस एप का उपयोग

सत्र की शुरूआत में सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल ने बताया कि विकसित मध्यप्रदेश-2047 के प्रमुख बिन्दु में प्रत्येक बच्चे को उच्च गुणवत्ता, रोजगारोन्मुखी समावेशी और मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करना शामिल है। शिक्षा के गुणात्मक सुधार के लिए सरकारी शिक्षकों के ई-अटेंडेंस एप के माध्यम से 100 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। राजगढ़ जिले में ई-अटेंडेंस का प्रतिशत 94 प्रतिशत है। सत्र में बोर्ड परीक्षा परिणाम पर चर्चा करते हुए बताया गया कि वर्ष 2024-25 में 87 प्रतिशत से अधिक बच्चों ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में और कक्षा 12वीं में करीब 83 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। सचिव महिला एवं बाल विकास सुश्री जीवी रश्मि ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में किए जा रहे नवाचारों के बारे में जानकारी दी। आंगनबाड़ी में दर्ज 3 से 6 वर्ष के बच्चों को सिखाने के लिए राष्ट्रीय फ्रेमवर्क आधारशिला तथा 3 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए नवचेतना फ्रेमवर्क को बनाया गया है। निपुण भारत मिशन में आंगनबाड़ी केन्द्रों में शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जा रहा है।

### *शिक्षकों के प्रशिक्षण पर जोर*


सत्र में गुणवत्ता सुधार के लिए शिक्षकों के प्रशिक्षण पर जोर दिया गया। दुर्गम क्षेत्रों के सरकारी स्कूल भवन की मरम्मत कार्य में शाला विकास समिति और शिक्षा में रूचि रखने वाले व्यक्तियों की मदद लिए जाने पर बल दिया गया। मुख्य सचिव जैन ने निर्देश दिए कि शिक्षा के श्रेष्ठ कौशल रखने वाले शिक्षकों का ग्रुप तैयार कर उनके माध्यम से प्रशिक्षण का निश्चित शेड्यूल तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों की ट्रेकिंग का कार्य आंगनबाड़ी से शुरू कर स्कूल की आखरी क्लास तक सतत रखा जाए। अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल और संजय दुबे ने शिक्षा में गुणात्मक सुधार के संबंध में जनशिक्षकों की भूमिका पर सुझाव दिए।

### 75 मीटर ऊंचाई की जगह 40 मीटर पर ही टूटकर गिरी, 7

# आरकेएम पावर प्लांट में बड़ा हादसा लिफ्ट टूटकर गिरी, तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के डभरा थाना क्षेत्र के उच्चपिंडा स्थित आरकेएम पॉवर प्लांट में बड़ा हादसा हो गया। पावर प्लांट में लिफ्ट टूटकर गिरने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में सात से अधिक घायल बताए जा रहे हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, मजदूर बॉयलर मशीन की मरम्मत कार्य के लिए लिफ्ट से ऊपर जा रहे थे। लिफ्ट को करीब 75 मीटर ऊंचाई तक जाना था, लेकिन लगभग 40 मीटर की ऊंचाई पर ही लिफ्ट अचानक टूटकर नीचे गिर गई। इस हादसे में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल मजदूरों को रायगढ़ जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रशासन ने हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। प्रारंभिक जांच में लिफ्ट में तकनीकी खराबी को कारण बताया जा रहा है।



#### पुलिस ने संभाला मोर्चा, मजदूरों में आक्रोश

*सक्ती एडिशनल एसपी हरीश यादव ने बताया कि लिफ्ट गिरने से तीन मजदूरों की मौत हुई है और कई घायल हैं। सभी मजदूर बॉयलर मरम्मत कार्य में लगे हुए थे। पुलिस मौके पर मौजूद है, स्थिति नियंत्रण में है। हादसे की खबर फैलते ही प्लांट में कार्यरत मजदूरों में भारी आक्रोश फैल गया। एहतियातन डभरा पुलिस बल को मौके पर तैनात किया गया है ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। इस हादसे मृतक की पहचान अंजनी कुमार, मिश्रीलाल, रविंद्र कुमार के रूप में हुई है, जबकि घायलों में बबलू प्रसाद गुप्ता, राम सिंह, विजय सिंह, संजय कुमार, राम केश, रतन, बलराम शामिल हैं।*

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 7, एम.सी. रोहतक में किला रोड सेंट्रल वर्ज पर स्थित शौचालय का निर्माण और किला रोड का सौन्दर्यीकरण + 4 कार्य। | 08.10.2025 15.10.2025 | 58,42,838/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 21, एम.सी. रोहतक में एकता कॉलोनी में सूरजमल किलोई पूर्व एम.सी. के मकान से महानंद मलिक के मकान तक गली का निर्माण और अन्य विविध कार्य। | 08.10.2025 15.10.2025 | 25.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | जियो लैब के लिए एचपी प्लॉटर हेतु 728 ईंक सैट की खरीद करना। | 08.10.2025 15.10.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/39362/I/88/7 दि. 09.10.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना


| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में सेक्टर-9 में 200 बिस्तर वाले नागरिक अस्पताल का निर्माण (11 केवी सब स्टेशन, डीजी सैट और स्ट्रीट/सिक्योरिटी लाइट्स का प्रावधान केवल)। | 06.10.2025 06.11.2025 | 606.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | गांव समैण, फतेहाबाद में राजीव गांधी खेल परिसर / स्टेडियम की मरम्मत (ई.आई. केवल)। | 06.10.2025 16.10.2025 | 2.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में गांव जमाल में राजकीय पशु चिकित्सालय के पुनर्निर्माण हेतु डीएनआईटी (जीएसटी के बिना)। | 08.10.2025 15.10.2025 | 33.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में गांव बकरियांवाली के राजकीय पशु चिकित्सालय के निर्माण हेतु डीएनआईटी (जीएसटी के बिना)। | 08.10.2025 15.10.2025 | 33.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प नरवाना | जीन्द जिले में नरवाना में नवदीप स्टेडियम की विशेष मरम्मत। | 09.10.2025 21.10.2025 | 130.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प नरवाना | सब डिवीजन नरवाना जिला जीन्द में ज्यूडिशियल ऑफिसर्स के आवास और ज्यूडिशियल कॉम्पलैक्स की सुरक्षा चारदिवारी के ऊपर कंसरटिना कॉयल की फिक्सिंग। | 08.10.2025 14.10.2025 | 10.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 7 | सिविल सर्जन, जीन्द | मेडिकल ऑक्सीजन सिलिंडर गैस की आपूर्ति। | 09.10.2025 26.10.2025 | ईएमडी 85000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015444191 cds.jind@gmail.com |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, फतेहाबाद | फतेहाबाद कस्बा :- फतेहाबाद कस्बे में सरकारी निर्देश के अनुरूप सुरक्षा मानक सहित सभी प्रकार से पूर्ण चालक, हैल्पर, ऑपरेटर और ईंधन समेत सुपर सक्कर मशीन द्वारा 350 मिमी आई/डी से 600 मिमी आई/डी तक मेन सीवर लाइंस की गाद निकालने के लिए डीएनआईटी। | 03.10.2025 17.10.2025 | 158.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466645029 eepfatehabad@gmail.com |
| 9 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, फतेहाबाद | फतेहाबाद कस्बा :- खैरती खेड़ा रोड पर एमपीएस समेत एसबीआर टेक्नोलॉजी पर आधारित 5.00 एमएलडी एसटीपी के प्रचालन व रखरखाव हेतु डीएनआईटी। (5.00 एमएलडी एसबीआर टेक्नोलॉजी एसटीपी खैरती खेड़ा रोड, फतेहाबाद टाउन में क्लोरिन गैस सिलिंडरों की रिफिलिंग और गैसियस टाइप फुल वेक्यूम क्लोरीनेशन सिस्टम का व्यापक रखरखाव, बागवानी, सिविल कार्य, इलैक्ट्रिक और मैकेनिकल की स्थापना, देखरेख हेतु और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य (36 माह के लिए)। | 03.10.2025 15.10.2025 | 114.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466645029 eepfatehabad@gmail.com |
| 10 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सिरसा | सिरसा कस्बा :- रानियां रोड प्वाइंट-बी से एसटीपी केलनिया सिरसा टाउन में मशीन वाउंड स्पाइलर लाइनिंग (एमडब्ल्यूएसएल) द्वारा आकार 1800 मिमी आई/डी सीवर लाइन के मौजूदा मेन ट्रंक सीवर का मजबूतीकरण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 07.10.2025 28.10.2025 | 1179 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 11 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सिरसा | सिरसा कस्बा :- विभिन्न स्थानों अर्थात नोड नं. 1867 से 5129 (प्वाइंट ए-बी) अतिरिक्त मण्डी, सीएमके कॉलेज रोड, नोड नं. 1868 से 1874 (प्वाइंट सी-डी) पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और नोड नं. 1420 से 4020 (प्वाइंट ई-एफ) सरकुलर रोड से परशु राम चौक तक आकार 600×900 मिमी अण्डाकार ब्रिक सीवर लाइन के मौजूदा मेन ट्रंक सीवर का मजबूतीकरण (सीआईपीपी द्वारा) और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 07.10.2025 28.10.2025 | 1331.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | आरडी 32935 लोहारू फीडर पर वीआर ब्रिज का पुनर्निर्माण + 3 कार्य। | 04.10.2025 23.10.2025 | 673.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1250297003 xenlwsdadri@gmail.com |
| 13 | कृषि एवं किसान कल्याण नूह | गांव कुतुबगढ़ / मेलावास, छचेरा, खेरली दौसा, छापरा / गजरपुर, रिठोडा, हिरमाथला में वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम। | 08.10.2025 17.10.2025 | 450.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416354802 ascomewat@gmail.com |
| 14 | कृषि एवं किसान कल्याण नूह | गांव रेवासन में वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम। | 08.10.2025 17.10.2025 | 180.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416354802 ascomewat@gmail.com |
| 15 | खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग निदेशालय, हरियाणा | फोर्टिफाइड राईस केरनल (एफआरके) की खरीद हेतु ई-निविदा। | 04.10.2025 18.10.2025 | 25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8427441122 foodproc2@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/300/39369/I/88/7 दि. 09.10.25

## चिंतन

# अफगान विदेश मंत्री के भारत आने के मायने

एक ही दिन में दो खबरें आईं, दोनों का मजबून अलग-अलग है, लेकिन मूल एक ही है। पहली खबर है कि अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पत्र लिखकर आगाह किया है कि भारत से तुरंत संबंधों को सुधारें नहीं तो वो रूस और चीन के नजदीक चला जाएगा। दूसरी खबर है कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी भारत दौरे पर पहुंचे। हालांकि भारत ने अभी तक अफगान की तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है। इसके बावजूद दोनों देशों के रिश्तों में लगातार सुधार हो रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जिस तरह अफगान की तालिबान सरकार भारत के समर्थन में खड़ी हुई, उसे पूरी दुनिया ने देखा। भारत ने भी क्रिकेट से लेकर निर्माण तक में अफगान की मदद की। भारत, पाकिस्तान को अलग-थलग करने की रणनीति पर काम कर रहा है। अब अफगानिस्तान के करीब आने से साउथ एशिया में भारत की स्थिति मजबूत होगी। भारत दौरे से पहले अफगानी मंत्री रूस की राजधानी मॉस्को भी पहुंचे। यहां वे 'मॉस्को फॉर्मेट कंसल्टेशन' की बैठक में शामिल हुए, जिसमें भारत उनके सपोर्ट में दिखा। भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस प्लान का विरोध किया है, जिसमें उन्होंने अफगानिस्तान से बगराम एयरबेस वापस लेने की बात कही थी। 2021 में अमेरिका के अफगानिस्तान छोड़ने और तालिबान की सरकार बनने के बाद भारत ने काबुल में अपना दूतावास बंद कर दिया था। तब से दोनों देशों के बीच कोई औपचारिक रिश्ता नहीं रहा। भारत ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को ऑफिशियली मान्यता भी नहीं दी है। हालांकि भारत लंबे वक्त से अफगानिस्तान के साथ बैकडोर डिप्लोमेसी करता रहा है। अब तालिबान सरकार के करीब 5 साल के शासन के बाद विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी भारत दौरे पर हैं। माना जा रहा है कि उनकी विदेश मंत्री एस.जयशंकर से भी मुलाकात होगी, जिसमें दोनों के देशों के संबंधों के अलावा अफगान को मान्यता देने पर भी बात होगी। इससे साफ संदेश जाता है कि भारत अब तालिबान सरकार को गंभीरता से ले रहा है और उसे अफगानिस्तान के प्रतिनिधि संस्था के तौर पर स्वीकार कर रहा है। भारत को ये अंदाजा हो गया है कि तालिबान अफगानिस्तान में लंबे वक्त तक रह सकता है इसलिए उनके साथ बातचीत जरूरी है। ऐसा लग रहा है कि अफगानिस्तान में आंतरिक संघर्ष खत्म हो चुका है और तालिबान की सत्ता को स्वीकार कर लिया गया है। अब ऐसा तालिबान सत्ता में आया है, जो करीब-करीब सारे गुटों को साथ लेकर चल रहा है। इससे पहले हामिद करजई की सरकार थी। उसके बारे में यही कहा जाता था कि वो काबुल के चेयरमैन हैं, उससे ज्यादा कुछ नहीं। वो पूरी तरह से विदेशी सहायता पर निर्भर थे। इसी के चलते पाकिस्तान को अफगान में दखल का मौका मिल रहा था। अब तालिबान सरकार पूरी तरह से एकजुट दिख रही है। इसके चलते पाक को अफगान से सीधा मुकाबला भी मिल रहा है। अब जबकि अफगानी विदेश मंत्री भारत दौरे पर है तो पाकिस्तान की नींद हराम होना तय है। वहीं, अफगान के जिस बगराम एयरबेस को वापस लेने का भारत ने विरोध किया है, उस पर चीन और पाकिस्तान ने भी भारत का समर्थन करके अमेरिका की नींद उड़ा दी है। अमेरिका को लग रहा है कि अगर भारत से संबंधों में सुधार नहीं किया गया तो साउथ एशिया में उसके लिए हालात विकट हो सकते हैं। भारत के मुकाबले कमजोर पाकिस्तान पर भरोसा करना उसे महंगा पड़ सकता है। चीन पहले से ही अमेरिका को आंखें दिखा रहा है।



# बढ़ती दुश्वारियां बनी किसानों की नियति

प्राकृतिक आपदा
अखिलेश आर्येन्दु

> इस साल बरसात से जान-माल, बादल फटने और बाढ़ से जो नुकसान हुआ, इसका अभी सरकारी अनुमान लगाया जा रहा है। खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की रिपोर्ट के मुताबिक बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के कारण दुनियाभर के किसानों के ऊपर हर साल आर्थिक, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक असर पड़ रहा है। इससे वह कई बीमारियों की चपेट में आ जाता है। यह चपत किसान को बर्बादी के कगार पर खड़ा होने के लिए मजबूर कर रही है। किसानों पर पड़ रही यह भयंकर मार वैश्विक स्तर पर कृषि-क्षेत्र के वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद के करीब पांच फीसदी है। गौरतलब है प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं पिछले तीस वर्षों में तेजी से बढ़ी हैं जो चिंता पैदा करने वाली हैं।

इस साल पंजाब, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, असम, राजस्थान, दिल्ली सहित दक्षिण के तमाम राज्यों में औसत से ज्यादा बरसात हुई है। इसकी वजह से सैकड़ों गांव बाढ़ की चपेट में आ गये और हजारों हेक्टेयर खरीफ की फसल बर्बाद हो गई। लाखों-करोड़ों के नुकसान का अनुमान है। पहाड़ी राज्यों में बादल फटने की घटनाओं से जान-माल का नुकसान तो हुआ ही, लाखों हेक्टेयर खेत में खड़ी फसल व फल बर्बाद हो गए। केंद्र ने पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश सहित अतिवृष्टि व बाढ़ प्रभावित राज्यों को राहत कार्यों और लोगों के क्षतिग्रस्त मकान–दुकानों के लिए जरूरी राहत धनराशि मुहैया कराई है, जिससे उनको फिर से बगैर जोखिम उठाए बरसात से हुए नुकसान से उबारा जा सके। फिर भी, किसानों को इससे थोड़ी ही राहत हुई है। जितना नुकसान हुआ और परिवार को जो पीड़ाएं और परेशानियां हुई, उनको समझने वाला कोई नहीं है। इसे किसानों की नियति कहेंगे या कुछ और। एक समस्या खत्म नहीं होती, दूसरी सामने मुंह बाए खड़ी दिखती है।

पिछले साल वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन (डब्ल्यू.डब्ल्यू.ए) और क्लाईमेट सेंट्रल की संयुक्त रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी। इसके मुताबिक मानव-जनित जलवायु परिवर्तन की वजह से उच्च तापमान के कारण 2024 में बाढ़ तूफान, सूखा, जंगल की आग और गर्मी की लहरों का आगाज लगातार बना रहा। रिपोर्ट के मुताबिक 24 मौसम घटनाओं में 3,700 लोगों की मौत हुई और लाखों लोग विस्थापित हुए। इस रिपोर्ट से समझा जा सकता है कि जलवायु परिवर्तन कितना खतरनाक है। इस साल बरसात से जान-माल, बादल फटने और बाढ़ से जो नुकसान हुआ, इसका अभी सरकारी अनुमान लगाया जा रहा है। खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की रिपोर्ट के मुताबिक बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के कारण दुनियाभर के किसानों के ऊपर हर साल आर्थिक, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक असर पड़ रहा है। इससे वह कई बीमारियों की चपेट में आ जाता है। यह चपत किसान को बर्बादी के कगार पर खड़ा होने के लिए मजबूर कर रही है। किसानों पर पड़ रही यह भयंकर मार वैश्विक स्तर पर कृषि-क्षेत्र के वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद के करीब पांच फीसदी है। गौरतलब है प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं पिछले तीस वर्षों में तेजी से बढ़ी हैं जो चिंता पैदा करने वाली हैं। ऋतु-चक्र में आया यह बदलाव कई तरह की दुश्वारियां, संकट, परेशानियां और बीमारियां पैदा कर रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के प्राकृतिक कारणों से दुनिया में तमाम तरह की दुश्वारियां, बीमारियां, संकट और ऋतु-चक्र में अनुमान से ज्यादा बदलाव देखे जा रहे हैं। जो प्राकृतिक कारण जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा दे रहे हैं उनमें वायु प्रदूषण, सूर्य में परिवर्तन, ज्वालामुखियों में उत्सर्जन और लगातार कार्बन डाइऑक्साइड के बढ़ते जाना, जीवाश्म ईंधन का अधिक मात्रा में जलना, वनों की कटाई, पहाड़ों का लगातार क्षरण, औद्योगिक-क्षेत्र से लगातार बढ़ता जहरीला कचरा, खेती प्राणालियों से ग्रीनहाउस गैसों का बढ़ते जाना और वाहनों की बढ़ती तादाद प्रमुख है। इतनी सारी वजहों के अलावा लगातार युद्धों से जहरीली गैसों का उत्सर्जन, परमाणु कचरा, प्लास्टिक व माइक्रोप्लास्टिक भी ऋतु-चक्र और मौसम का लगातार बेईमान होने की वजह बन रहा है। वैज्ञानिकों



का मानना है कि कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन ग्रीन हाउस गैसों की वजह से ग्लोबल वार्मिंग की समस्या लगातार बढ़ रही है।

सवाल यह है जलवायु परिवर्तन के दौर में ऐसी प्राकृतिक आपदाओं से हुए जान-माल और खेती-बागवानी के नुकसान का रहनुमा कौन है? और सवाल यह भी है जिस किसान के ऊपर अन्न, सब्जी, फल, दूध, ऊन पैदा करने की जिम्मेदारी है उस किसान की हालात कब तक ऐसी बनी रहेगी? क्या सरकारी राहत से किसानों के नुकसान की पूरी भरपाई हो पाती है? भारत में तो नहीं होती। जलवायु परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर किसानों पर हुआ है। कृषि-क्षेत्र में किसानों की रुचि वैश्विक स्तर पर लगातार कम हो रही है। एफएओ के आंकड़े बताते हैं कि पिछले 23 वर्षों में कृषि में श्रम बल 40 से घटकर 26 फीसदी पहुंच गया। आंकड़े के अनुसार जहां साल 2000 में करीब 102.7 करोड़ लोग यानी वैश्विक श्रम बल का करीब 40 फीसदी हिस्सा कृषि से जुड़ा था, वह 2021 में घटकर महज 26 फीसदी ही रह गया। यानी अब केवल 87.3 करोड़ से कम लोग अपनी जीविका के लिए खेती पर निर्भर हैं। भारत में जिस तेजी से लोगों में खेती-बागवानी और पशुपालन में रुचि और रोजगार की निर्भरता लगातार कम हो रही है, भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए बहुत चिंता की बात है।

खाद्य एवं कृषि संगठन की नई स्टैटिस्टिकल ईयर बुक : वर्ल्ड फूड एंड एग्रीकल्चर 2023 के अनुसार 1991 से 2021 के दौरान किसानों को बाढ़, तूफान, ओला, अकाल और बादल फटने की घटनाओं से फसलों के नुकसान और पशुधन की मौत से करीब 321,6 लाख करोड़ रुपये का नुकसान झेलना पड़ा है। इन आपदाओं का सबसे ज्यादा खामियाज़ा भारत सहित पूरे एशिया के किसानों को भुगतना पड़ा। यह बहुत बड़ी चपत है। 2021-25 के अगस्त माह तक तकरीबन 200 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। किसी और सेक्टर में इतनी बड़ी चपत आमतौर पर देखने में नहीं आती। यदि आती भी है तो, उन देशों की सरकारें उनके साथ हर हालत में खड़ी रहती हैं। इसलिए उन देशों में कृषि घाटे का कार्य नहीं है। इसलिए पलायन की समस्या वहां के गांवों में न के बराबर है। कृषि के अलावा दूसरे सेक्टरों में काम कर रहे व्यक्ति को घाटा लगने पर सरकार उसका पूरा भरपाई करती है, लेकिन भारत के किसानों को भरपाई के नाम पर लॉलीपाप थमाया जाता है। आजादी के सतहत्तर सालों में किसानी सबसे मजबूरी वाला क्षेत्र रहा है। किसान और खेतिहर मजदूरों की दशा सबसे अधिक दयनीय रही है।

यही वजह है सबसे अधिक घाटे वाला, पीड़ादायक और खून सुखा देने वाला रहा है। आत्महत्या सबसे ज्यादा किसान और उसके परिवारी-जन करते हैं। लागत, मेहनत, परेशानी, अनिश्चितता सबसे ज्यादा और इज्जत के नाम पर प्रताड़ना किसान की नियति का खेल नहीं तो क्या है? रिपोर्ट बताती है कि भारत सहित एशिया के किसानों को पिछले तीन दशकों के दौरान करीब 143.2 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं पर अमेरिका और यूरोप अपने कृषि क्षेत्र के संबंध में आनुपातिक रूप से अधिक प्रभावित हुए हैं। भारत के लाखों किसान जहां तमाम आर्थिक समस्याओं में उलझे रहते हैं वहीं पर पारिवारिक समस्याओं से भी परेशान रहते हैं। खेती की तरफ किसानों की रुचि लगातार कम होने को लेकर सरकारों ने ऐसा कोई कदम नहीं उठाया कि लोगों में कृषि की तरफ रुचि फिर से पैदा हो और बेरोजगारी की विकराल समस्या से लोगों को छुटकारा मिले। कृषि में छुपी लागत किसान के लिए सबसे चिंता का विषय है। इसलिए सरकार को विशेषज्ञों से सलाह ले ऐसी नीति बनानी चाहिए जिससे इस बाबत किसानों को होने वाली परेशानियां कम से कम हो।

( लेखक पर्यावरण संरक्षण से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे

विवेक शुक्ला



# सबको ठीक करने वाले ही खुद हो रहे बीमार

क्या आपने कभी सोचा है कि जो लोग हमें बीमारियों से बचाते हैं, वो खुद कितने बीमार हो रहे हैं? जी हां, भारत के मेडिकल प्रोफेशनल्स, डॉक्टरों, नर्सों और दूसरे हेल्थ वर्कर्स भी मेंटल हेल्थ का शिकार हो रहे हैं। ये लोग दिन-रात मरीजों की सेवा करते हैं, लेकिन खुद की मेंटल हेल्थ पर ध्यान नहीं दे पाते। हाल के सालों में ये समस्या इतनी बढ़ गई है कि कई डॉक्टर डिप्रेशन, एंग्जाइटी और यहां तक कि सुसाइड तक के शिकार हो रहे हैं। ये कोई छोटी-मोटी बात नहीं है; ये एक बड़ा मुद्दा है जो पूरे हेल्थ सिस्टम के लिए चुनौती बन गया है। ये समस्या क्यों हो रही है? डॉक्टरों की जिंदगी आसान थोड़े ही है। लेडी हॉर्डिंग मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली से जुड़े रहे प्रख्यात मनोचिकित्सक डॉ. सुनील मित्तल कहते हैं कि अस्पतालों में ड्यूटी के घंटे इतने लंबे होते हैं कि नींद पूरी नहीं हो पाती। कभी-कभी 36-48 घंटे की लगातार शिफ्ट! सोचिए, इतने समय तक काम करने से इंसान कितना थक जाता होगा। ऊपर से मरीजों की भीड़, इमरजेंसी केस, और वो सारा प्रेशर कि हर मरीज को बचाना है। एक स्टडी में पाया गया कि कोविड के दौरान 37% हेल्थ वर्कर्स को एंग्जाइटी हुई, 33% डिप्रेशन और 23% स्ट्रेस। ये आंकड़े डराने वाले हैं, क्योंकि ये लोग हमारी जान बचाते हैं, लेकिन खुद की सेहत का क्या? और सिर्फ काम का प्रेशर ही नहीं, मेडिकल एजुकेशन का सिस्टम भी बड़ा दोषी है। एमबीबीएस स्टूडेंट्स और रेजिडेंट डॉक्टरों को एग्जाम की इतना टेंशन रहती है कि नींद उड़ जाती है। मेडिकल कॉलेजों में हैरासमेंट भी कम नहीं। सीनियर-जूनियर का ईगो क्लैश, बुलिंग, और वो 'सुपीरियर-इनफीरियर' वाला ऐटिट्यूड। आरटीआई से मिली जानकारी से पता चला कि पिछले 5 सालों में 191 मेडिकल स्टूडेंट्स ने सुसाइड किया, और 1166 ने कॉलेज छोड़ दिया। ये आंकड़े बताते हैं कि कॉलेज 'हब ऑफ हैरासमेंट' बन चुके हैं। अब आंकड़ों की बात करें तो हालत और भी बुरी लगती है। भारत में साइकिएट्रिक डिसॉर्डर्स की दर 9.5 से 370 प्रति 1000 लोग है, लेकिन डॉक्टरों में ये ज्यादा है। एक सर्वे में पाया गया कि 34.9% डॉक्टर अनलाद के शिकार हैं, 39.5% को एंग्जाइटी और 32.9% को स्ट्रेस। इन सब का असर क्या होता है? सबसे पहले, डॉक्टरों की पर्सनल लाइफ बर्बाद। फैमिली टाइम नहीं, लव लाइफ नहीं, यहां तक कि पैरेंट्स की उम्र बढ़ने का टेंशन। तो समाधान क्या? सबसे जरूरी है जागरूकता। डॉक्टरों के लिए अस्पतालों में काउंसलिंग सेंटर बनें। गवर्नमेंट को पॉलिसी चेंज करनी चाहिए, ड्यूटी घंटे कम करें, जैसे यूरोप में 48 घंटे का मैक्सिमम। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि ये याद रखा जाना चाहिए कि डॉक्टर भी इंसान हैं। अगर वो खुश और सेहतमंद नहीं रहेंगे, तो हम कैसे रहेंगे? सरकार, अस्पताल और हम सबको मिलकर इस समस्या को हल करना होगा। छोटे-छोटे कदम जैसे दोस्तों से बात करना, योग करना, या हेल्पलाइन पर कॉल करना – ये सब मदद कर सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोग ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अवसाद, चिंता और अन्य मानसिक विकारों से अधिक प्रभावित होते हैं। शहरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के बढ़ने के प्रमुख कारणों में से एक है पर्यावरणीय प्रदूषण। वायु प्रदूषण, शोर प्रदूषण और विषाक्त पदार्थों का संपर्क मस्तिष्क पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, जिससे तनाव और अवसाद बढ़ता है। दूसरा महत्वपूर्ण कारण है सामाजिक अलगाव। शहरों में लोग व्यस्त जीवनशैली के कारण परिवार और दोस्तों से दूर हो जाते हैं, जिससे अकेलापन बढ़ता है। अपराध दर, असमानता और हिंसा जैसे कारक भी चिंता को बढ़ावा देते हैं। इसके अलावा, तेज गति वाला जीवन, लंबे काम के घंटे, ट्रैफिक जाम और आर्थिक दबाव मानसिक थकान पैदा करते हैं। शहरों में हरे-भरे क्षेत्रों की कमी भी एक बड़ा मुद्दा है, क्योंकि प्रकृति से संपर्क मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है। गरीबी और बेरोजगारी जैसे सामाजिक कारक पूर्व-मौजूदा जोखिमों को बढ़ाते हैं, विशेष रूप से युवाओं में। शहरीकरण के साथ लोगों का गांवों से शहरों की ओर पलायन बेहतर अवसरों की तलाश में होता है, लेकिन यहां का तनावपूर्ण वातावरण उन्हें मानसिक रूप से कमजोर बनाता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि नियमित व्यायाम, ध्यान और योग जैसे अभ्यास तनाव कम करने में मददगार हैं। सामाजिक संपर्क बढ़ाना, जैसे क्लब ज्वाइन करना या दोस्तों से मिलना, अकेलेपन को दूर करता है। शहरों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ानी चाहिए, जैसे किफायती काउंसलिंग सेंटर और हेल्पलाइन। कुल मिलाकर, बात ये है कि मेंटल हेल्थ एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। इसकी चपेट में डॉक्टर भी आ रहे हैं।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संकीर्णता अधर्म है विष है



संकलित
**दर्शन**

पानी छोटे से पोखर में भी पाया जाता है किन्तु वह प्रायः गन्दा और दुर्गन्ध पूर्ण होता है किन्तु सरोवर में पाया जाना वाला पानी स्वच्छ और अधिक उपयोगी होता है। पोखर छोटा और सरोवर विशाल होता है। मानव का मन भी प्रायः दो तरह का होता है। क्षुद्र और विशाल। क्षुद्र हृदय व्यक्ति बहुत सीमित दायरे में सोचता है। ऐसे व्यक्ति प्रायः कट्टर होते है वे औरों के प्रति असहनशील और ईर्ष्या ग्रस्त होते हैं। सरोवर की तरह उदार हृदय व्यक्ति विशाल दृष्टि कोण लेकर चलते हैं सहिष्णुता उनकी मुख्य विशेषता होती है। वे अपना ही नहीं सभी का अभ्युदय चाहते हैं। संकीर्ण मनोवृत्ति से दूर रहते हैं। ऐसे व्यक्ति समाज और मानवता के लिए वरदान स्वरुप होते हैं। धर्म मूलत, विशाल हृदयी व्यक्ति तैयार करने का काम करता है। मित्ति में सव्व भूएसु, सर्वे भवन्तु सुखिनः, वसुधैव कुटुम्बकम् जैसे धर्म के मौलिक सूत्र है जिन में संकीर्णता का कोई नामो निशान नहीं है किन्तु जब से धर्म में संप्रदायें प्रबल हुई है। धर्म के स्वरुप को भी संकीर्ण बनाने का प्रयत्न किया जाने लगा। संकुचित मनोवृत्ति वाले व्यक्ति साम्प्रयादिकता के ज्यादा पक्ष घर बने रहे उन्होंने धर्म की सारी व्यवस्थाओं को कट्टरता और संकीर्णता के घेरे में बांध लिया। केवल हम और हमारा ये ही ठीक है शेष सभी व्यर्थ है। संकीर्णता की इस भावना ने धर्म की सार्वभौमिकता को तोड़ कर जन जन में भेद भाव की खाई खड़ी कर दी। अन्य धर्म संप्रदायों की बात छोड़िये।

## ईर्ष्यालु व्यक्ति सुखी-संपन्न नहीं देख सकता



संकलित
**प्रेरणा**

एक महिला कुबड़ी थी जिसकी वजह से वह झुककर चलती थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।' महिला बोली, 'भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए।' नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा।' बुढ़िया बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी-संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा ग्रहण नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है। बुढ़िया का मनोरथ पूरा करने का उनका कोई इरादा नहीं था।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### दुखदायी है आत्महत्या की घटना

कभी-कभी किसी घटना की ख़बर केवल एक व्यक्ति की मृत्यु नहीं होती, बल्कि वह पूरे समाज के भीतर छिपे हुए असंतुलन, दबाव और संवेदनहीनता का दर्पण बन जाती है। हरियाणा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वाई पूरन कुमार की आत्महत्या ऐसी ही एक घटना है, जो केवल पुलिस विभाग की त्रासदी नहीं, बल्कि उस मानसिक, प्रशासनिक और सामाजिक ढांचे की विफलता का प्रतीक है जिसमें पद और प्रतिष्ठा के बावजूद इनसान अकेला और असहाय महसूस करने लगता है। पूरन कुमार का शव चंडीगढ़ स्थित उनके घर के तहखाने में मिला, जहां बताया गया कि वह कमरा पूरी तरह ध्वनि-रोधक था। उनके पास से सरकारी पिस्तौल बरामद हुई। उनकी पत्नी अमनीत कौर एक भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी हैं, जो उस समय जापान में थीं। आत्महत्या की यह घटना दुखदायी है। *– पंकज सक्सेना, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# गाजा में 55,000 बच्चों के कुपोषित होने की आशंका

इजराइल और हमास के बीच दो साल से जारी युद्ध और भोजन की भारी कमी के कारण गाजा में पांच साल से कम उम्र के संभवतः 54,600 से ज्यादा बच्चे कुपोषण का शिकार हैं और इनमें से 12,800 से अधिक बच्चे गंभीर रूप से प्रभावित है। संयुक्त राष्ट्र के एक नये अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। फलस्तीनी शरणार्थियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं देने वाली संस्था 'यूएन रिलीफ एंड वर्क्स एजेंसी फॉर पैलेस्टाइन रिफ्यूजीज इन द नियर ईस्ट' के विश्लेषण के अनुसार, अगस्त की शुरुआत तक गाजा में छह महीने से लेकर पांच साल तक के लगभग 16 प्रतिशत बच्चे कुपोषण के एक जानलेवा रूप से पीड़ित थे। इस जानलेवा कुपोषण को 'अत्यधिक दुर्बलता' (वेस्टिंग) कहा जाता है।




इनमें से लगभग चार प्रतिशत बच्चे 'गंभीर दुर्बलता' का शिकार हैं।दुर्बलता (वेस्टिंग) के इलाज के लिए कई हफ्तों तक विशेष पोषण वाले भोजन की जरूरत होती है और कभी-कभी अस्पताल में भर्ती भी होना पड़ता है। लेखकों के अनुसार, बुधवार को 'द लैंसेट' पत्रिका में छपा यह अध्ययन इस इलाके में भुखमरी से पीड़ित बच्चों के संबंध में किया गया अब तक का सबसे व्यापक अध्ययन है। यह जनवरी 2024 से लेकर अगस्त के मध्य तक गाजा के दर्जनों स्वास्थ्य केंद्रों और चिकित्सा स्थलों पर लगभग 2,20,000 बच्चों की जांच पर आधारित था।

## ऑफ बीट

# बाथरूम की ये तीन चीजें बिल्कुल भी साझा न करें

कल्पना कीजिए कि आप घर से बाहर हैं, लेकिन अपना तौलिया, रेज़र या टूथब्रश पैक करना भूल गए हैं। क्या आपको दूसरों का यह सामान इस्तेमाल करना चाहिए? यहां बताया गया है कि इसकी आदत न डालना ही बेहतर है। सूक्ष्मजीव कुछ समय तक सक्रिय रह सकते हैं। बाथरूम में इस्तेमाल होने वाली वस्तुएं जैसे कि तौलिया, रेज़र और टूथब्रश पर लंबे समय तक जीवित रहने वाले रोगजनक बैक्टीरिया, वायरस और फफूंद मौजूद हो सकते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, ये सूक्ष्मजीव कपड़े, प्लास्टिक और धातु की सतहों पर कई दिनों से लेकर महीनों या वर्षों तक सक्रिय रह सकते हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि एस्परजिलस नामक फफूंद का बैक्टीरिया कपड़े और प्लास्टिक पर एक महीने से अधिक समय तक जीवित रह सकता है, जबकि कुछ बैक्टीरिया वर्षों तक सक्रिय रह सकते हैं। कई वायरस सिरेमिक, धातु, कपड़े और प्लास्टिक जैसी सतहों पर घंटों से लेकर महीनों तक संक्रमण फैलाने में सक्षम रहते हैं। तौलिया साझा करना जोखिमपूर्ण अध्ययन बताते हैं कि उपयोग किए गए तौलिये को साझा करने से त्वचा के संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। अमेरिका में हाईस्कूल फुटबॉल खिलाड़ियों के एक समूह में स्टेफाइलोकॉकस ऑरियस (स्टैफ) के संक्रमण का प्रकोप सामने आया।



## ट्रेंड

### नतीजे उत्साहवर्धक



जब देशवासियों का जीवन अधिक से अधिक आसान बनाने की इच्छाशक्ति हो, तो नतीजे भी बहुत उत्साहवर्धक मिलते हैं। बीते 11 वर्षों में हमारी हवाई सेवा से जुड़ी इंडस्ट्री का विकास और विस्तार इसका बहुत बड़ा प्रमाण है।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### क्वांट



पुरानी सरकारों ने पंजाब के घर-घर में नशा पहुँचाया, पंजाब की जवानी बर्बाद कर दी। अब भगवंत मान सरकार ने नशे के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया है। बड़े-बड़े तस्कर जेल में हैं। जो पंजाब में नशा बेचेगा, वो बख्शा नहीं जाएगा।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### जिले का नाम क्यों बदला



मैं सपा मुखिया अखिलेश यादव से पूछना चाहती हूं कि अगर मान्यवर कांशीराम साहब के प्रति इतना ही आदर सम्मान था तो आपने उनके नाम पर रखे जिले का नाम बदलकर कासगंज क्यों कर दिया?
**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### गेस्ट हाउस कांड



यूपी ही नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति में सपा शासन में गेस्ट हाउस कांड निहायत ही एक ऐसा काला धब्बा है जिसे सपा की लाल टोपी से ढका नहीं जा सकता और न ही उसे किसी प्रकार के मुशायरों से भुलाया जा सकता है।
**-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# किसको कितनी सीटें? इसे लेकर राजग और इंडी गठबंधन में मशक्कत जोरों पर

## अधिसूचना आज काउंटडाउन हो जाएगा शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव आयोग शुक्रवार को अधिसूचना जारी करेगा, इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। पहले चरण में कुल 121 सीटों पर 6 नवंबर को मतदान होना है। उम्मीदवारों को नामांकन के लिए 17 अक्टूबर तक का समय मिलेगा। इसके बाद 18 अक्टूबर नामांकन पत्रों की जांच होगी। 20 अक्टूबर को उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। 4 नवंबर शाम 5 बजे पहले चरण का चुनाव प्रचार थम जाएगा। इस चरण में नामांकन दाखिल करने के बाद प्रत्याशियों को प्रचार के लिए अधिकतम 15 दिन का समय मिलेगा।

## सीटों को लेकर एनडीए में लौटी मुस्कान नित्यानंद से मिलकर 'मान' गए पासवान

### एनडीए के सीट शेयरिंग का फॉर्मूला



एनडीए में सीट बंटवारे की जो चर्चा है उसमें जदयू-102, भाजपा -101, लोजपा- 22 से 25, हम-7 से 9, रालोसपा- 7 से 8 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। हालांकि सीट बंटवारे को लेकर एनडीए के नेता अंतिम घोषणा से पहले कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं। लेकिन बताया जा रहा कि पार्टियों के बीच में यह सहमति बन चुकी है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने कहा है कि सीट आवंटन पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख चिराग पासवान का फैसला अंतिम होगा।

### चिराग नाराज नहीं: नित्यानंद

राय चिराग के आवास पर पहुंचे। राय ने चिराग से उनके आवास पर मुलाकात की। बताया जा रहा है कि सीट बंटवारे से नाराज चिराग दिल्ली जाने वाले थे, इससे पहले भाजपा ने राय को उन्हें मनाने की जिम्मेदारी दी। मुलाकात के बाद राय ने कहा कि चिराग नाराज नहीं है।

### मांझी बोले- कोई विरोध नहीं

जीतनराम मांझी ने कहा कि हर कदम पर आपको, एनडीए को मदद किए हैं। अगर नहीं चाहते हैं तो हमारा जैसा 60 परसेंट स्कोरिंग रेट है, 7 में 4 जीते थे तो आप 15 दे दीजिए, 7-8 जीत जाएंगे। हमारा मान्यता प्राप्त सीट (दर्जा) मिल जाएगी। यही तो मांग है।

### ये सख्त हिदायतें दी

- चुनावों की घोषणा के साथ ही उम्मीदवारों और दलों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट और डिजिटल प्रचार शुरू हो गया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि एआई से जुड़ी कोई भी सामग्री आचार संहिता के दायरे से बाहर नहीं होगी।
- आयोग ने याद दिलाया कि किसी भी दल या नेता की आलोचना केवल नीति, कार्यक्रम, रिकॉर्ड और कार्यों तक सीमित रहे। विपक्षी नेताओं या उनके परिवार के निजी जीवन पर टिप्पणी करने से बचा जाए।
- राजनीतिक दलों को हिदायत दी गई है कि असत्यापित आरोपों या तोड़े-मरोड़े तथ्यों के आधार पर विरोधियों या उनके कार्यकर्ताओं पर हमला न करें।
- चुनावी माहौल को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पार्टियों से जुड़े पेजों और लोगों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और ऑनलाइन प्रचार सामग्री पर सख्त निगरानी रखी जा रही है।

### पीएम की रैलियों के लिए खास नारा- 25 से 30 नरेंद्र और नीतीश

बिहार चुनाव में पीएम मोदी की रैलियों में इस बार '25 से 30 नरेंद्र और नीतीश' का नारा देखने को मिल सकता है। यह नारा एनडीए के चुनाव अभियान का हिस्सा होगा, जिसमें नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार दोनों की तस्वीरों का इस्तेमाल किया जाएगा।

### चुनाव आयोग ने नेताओं को चेताया
### फर्जी पोस्ट, फेक वीडियो और एआई के गलत इस्तेमाल पर होगी कार्रवाई



बिहार में पारदर्शी चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों को एआई ) के इस्तेमाल को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं.आयोग ने कहा है कि प्रचार के दौरान कोई भी पार्टी या उम्मीदवारएआई वीडियो, ऑडियो या अन्य सामग्री का इस्तेमाल भ्रम फैलाने या विरोधियों को निशाना बनाने के लिए न करें।

### नेताजी के खाते में जुड़ेंगे 50 रुपए, रसगुल्ला 15 का

आयोग ने प्रत्याशियों की खर्च सीमा तय कर दी है। प्रचार के दौरान खाने-पीने से लेकर अन्य खर्चों पर आयोग की नजर रहेगी। एक प्लेट पूरी-जलेबी खिलाने पर 50 और एक रसगुल्ला खिलाने पर 15 रुपए प्रत्याशी के खाते में जुड़ेंगे। वाहनों, प्रचार सामग्री और अन्य सेवाओं की दरें भी निर्धारित की गई हैं। प्रत्याशी अधिकतम 40 लाख रुपए खर्च कर सकेंगे।

## बिहार में राहुल के झूठे अभियान का पर्दाफाश खुद आरजेडी-कांग्रेस के कार्यकर्ता ने किया: भाजपा

### जीरो अपील से स्पष्ट हो गया एसआईआर प्रक्रिया में कोई विरोधाभास नहीं था

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव आयोग द्वारा जारी सूची पर कांग्रेस और आरजेडी की ओर से जीरो अपील का हवाला देते हुए कहा कि इससे यह स्पष्ट हो गया है कि एसआईआर प्रक्रिया में कोई विरोधाभास नहीं था और राहुल गांधी के झूठे प्रचार को उनके कार्यकर्ताओं ने ही ध्वस्त कर दिया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए यूपीए सरकार में विदेश सचिव रहे शिवशंकर मेनन द्वारा लिखी किताब 'चॉइसेज' का भी उल्लेख किया जिसमें उन्होंने 26/11 हमले के दौरान पाकिस्तान के विरुद्ध कार्रवाई का समर्थन किया था। भंडारी से प्रश्न किया कि गांधी-वाड्रा परिवार उत्तर दे कि क्या सोनिया गांधी ने वोट बैंक की राजनीति के लिए पाकिस्तान के विरुद्ध कार्रवाई न करने को लेकर निजी तौर पर हस्तक्षेप किया था। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि राहुल ने बिहार में एक झूठा प्रोपगेंडा अभियान चलाया था। राहुल बिहार की गली-गली घूमकर यह झूठे आरोप लगा रहे थे कि वोट चोरी हो रही है और उन्होंने एसआईआर का विरोध किया था। भाजपा ने तब भी कहा था कि राहुल गांधी एसआईआर का विरोध इसीलिए कर रहे हैं क्योंकि वह घुसपैठियों को संरक्षण देते हैं। कल 8 तारीख को बिहार के निर्वाचन आयोग ने और वहां के आला अधिकारियों ने एक सूची सार्वजनिक की। इस सूची में करीब 38 जिलों के भीतर पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, जमुई, गया, औरंगाबाद और अन्य जिलों के बारे में जानकारी दी गई है। जब से एसआईआर के बाद बिहार की फाइनल सूची सामने आई, उसके बाद अपील का मौका भी दिया गया था। यह सूची स्पष्ट करती है कि आरजेडी और कांग्रेस के किसी भी कार्यकर्ता या बूथ स्तर के एजेंट ने बिहार में फाइनल इलेक्टोरल लिस्ट पर अपील दायर नहीं की। इसका मतलब यह हुआ कि राहुल गांधी के पूरे झूठे अभियान को बिहार में खुद आरजेडी और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पर्दाफाश कर दिया है। उन्होंने जीरो अपील करके स्पष्ट कर दिया कि पूरी एसआईआर की प्रक्रिया में उन्हें कोई विरोधाभास नहीं दिखा। उन्होंने यह भी साबित कर दिया कि जो मुद्दा राहुल गांधी ने बिहार चुनाव में बनाने की कोशिश की थी, वह जमीन पर कोई वास्तविक मुद्दा नहीं है।

### तेजस्वी का ऐलान
### सरकार बनने पर हर घर के सदस्य को सरकारी नौकरी देंगे

चुनाव में विपक्षी गठबंधन के सारे दल तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा मान रहे हैं। इस बीच तेजस्वी यादव ने राजद नेताओं के साथ बैठ मीडिया से बात की और बड़ा ऐलान कर दिया।



उन्होंने ऐलान किया कि उनकी सरकार बनते ही 20 दिन के अंदर कानून बनाकर हर घर में एक सरकारी नौकरी दी जाएगी। यादव ने कहा कि पिछले 17 महीनों के काम से मैं संतुष्ट नहीं हूं। बिहार की जनता अब बदलाव चाहती है। लोगों को सिर्फ सामाजिक नहीं, बल्कि आर्थिक न्याय भी मिलेगा। तेजस्वी यादव ने जो वादा किया है, उसे वो जरूर पूरा करेंगे।

### जनसुराज ने जारी की प्रत्याशियों की पहली सूची
### 51 उम्मीदवारों में ट्रांसजेंडर को भी मौका



प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने चुनाव के लिए अपने पहले 51 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में 7 सुरक्षित और 44 सामान्य सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की गई है। इनमें (16 हिंदू और 1 मुस्लिम), अन्य पिछड़ा वर्ग से 11, सामान्य वर्ग से 9 और अल्पसंख्यक वर्ग से 7 उम्मीदवार उतारे हैं। एक कन्नर को भी टकट दिया है।

### कार्यालय में हंगामा
### खून हम जलाएं, टिकट दूसरे को थमाया

जन सुराज पार्टी में बड़ा बवाल हो गया है। ब प्रत्याशियों की सूची जारी होते ही पटना के जन सुराज कार्यालय में भारी हंगामा हो गया। बेनीपट्टी विधानसभा क्षेत्र से अवध किशोर झा को टिकट नहीं मिलने पर उनके समर्थकों ने टिकट बंटवारे में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। समर्थकों ने नारेबाजी की कि बेनीपट्टी में जन सुराज पार्टी को खड़ा करने में हमने खून जलाया है।

## खबर संक्षेप

### हरिद्वार-ऋषिकेश के बीच आज से चलेगी ट्रेन

**नई दिल्ली।** लंबे इंतजार के बाद राजगीर-हरिद्वार स्पेशल ट्रेन फिर से शुरू हो रही है। गाड़ी संख्या



03223 हर शुक्रवार सुबह 4:05 बजे राजगीर से रवाना होगी और अगले दिन हरिद्वार पहुंचेगी। राजगीर और आस-पास के श्रद्धालुओं में इस बहाली को लेकर उत्साह है। यह ट्रेन विशेष रूप से उन श्रद्धालुओं के लिए लाभकारी होगी।

### ट्रेलर ने कार को मारी टक्कर, परिवार तबाह

**भीलवाड़ा।** जिले के आसींद क्षेत्र से गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। नेशनल हाईवे-158 पर



पालड़ी गांव के पास एक ट्रेलर ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में आसींद और उनकी पत्नी वरुणा देवी जैन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। परिवार के तीन सदस्य पुत्री, बेटा और पुत्रवधू गंभीर रूप से घायल हो गए।

### अयोध्या: घर में विस्फोट 5 लोगों की मौत

**अयोध्या।** जिले की नगर पंचायत भदरसा भरतकुंड के महाराणा प्रताप वार्ड के पगलाभारी गांव में धमाके की आवाज के साथ एक मकान गिर गया। इस घटना में 5 लोगों की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। कई लोग घायल हुए हैं। इनमें बच्चे भी शामिल हैं।

### मुंबई में ब्रिटेन के पीएम के साथ ग्लोबल फिनटेक फेस्ट के छठे संस्करण को संबोधित करते बोले पीएम

## भारत को ऐसे फिनटेक वर्ल्ड की दरकार, जहां तकनीक लोगों और ग्रह दोनों को समृद्ध करे: प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट-2025 के छठे संस्करण को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एक ओर इस मंच से ब्रिटेन समेत दुनिया के अन्य देशों को भारत के विकास के साथ भागीदारी के जरिए आगे बढ़ने के लिए आमंत्रित किया। वहीं, दूसरी ओर अपने आह्वान के साथ उन्होंने एक ऐसे फिनटेक वर्ल्ड की कल्पना दुनिया के सामने रखी। जहां तकनीक, आम लोगों और ग्रह दोनों को समृद्ध करे। साथ ही कहा कि नवाचार का लक्ष्य केवल विकास नहीं बल्कि भलाई भी हो। जहां वित्त का अर्थ केवल अंकों तक नहीं बल्कि मानव प्रगति से जुड़ा हुआ होना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। बताते चलें कि इस आयोजन में भारत के साथ इस वर्ष ब्रिटेन एक भागीदार देश के रूप में शामिल हुआ है।

### एआई के लिए बनाई ट्रस्ट लेयर

पीएम ने कहा कि आज दुनिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के लिए विश्वास, सुरक्षा नियमों को लेकर परिचर्चा चल रही है। लेकिन भारत इसके लिए पहले ही ट्रस्ट लेयर बना चुका है। देश का एआई मिशन डेटा व प्राइवेसी दोनों विषयों को संभालने का सामर्थ्य रखता है। हम एआई में भी ऐसे प्लेटफार्म विकसित करना चाहते हैं। जिस पर नवाचार प्रवर्तक समावेशी एप्लीकेशन विकसित कर सकें। भुगतान में हमारी प्राथमिकता गति और भरोसे पर है। क्रेडिट में हमारा लक्ष्य मंजूरी और सुलभता के साथ पहुंच पर है। बीमा में समयबद्ध भुगतान और निवेश में हमें पहुंच, पारदर्शिता में सफल होना लक्ष्य रखा गया है। एआई इस क्रांतिकारी बदलाव की ताकत बन सकता है। जिसके लिए एप्लीकेशन का डिजाइन लोगों को केंद्र में रखकर करना होगा। मिसाल के तौर पर जो व्यक्ति पहली बार डिजिटल फाइनेंस का इस्तेमाल कर रहा है। उसे ये भरोसा होना चाहिए कि बाधाएं जल्द ही दूर होंगी। यही विश्वास वित्तीय सेवाओं में डिजिटल समावेश, विश्वास को बढ़ाएगा।




### 2026 में भारत में होगा एआई सम्मेलन

*उन्होंने कहा, कुछ साल पहले ब्रिटेन में एआई सुरक्षा सम्मेलन शुरू हुआ था। 2026 में एआई प्रभाव सम्मेलन भारत में होगा यानी सुरक्षा पर चर्चा ब्रिटेन से शुरू हुई थी और अब प्रभाव पर संवाद भारत में होगा। दोनों देशों ने वैश्विक व्यापार को लेकर सफल भागीदारी का रास्ता दुनिया को दिखाया है। एआई, फिनटेक भागीदारी में भी यही भाव झलकता है। यूके का शोध, वैश्विक फिनटेक विशेषज्ञता व भारत का कौशल, प्रतिभा का मिश्रण दुनिया के लिए संभावनाओं के नए द्वार खोल सकता है। आज हमने स्टार्टअप, संस्थानों, इनोवेशन हब के बीच संपर्क को मजबूत करने का निर्णय लिया है। यूके-इंडिया फिनटेक कॉरिडोर नए स्टार्टअप को पायलट करने, आगे बढ़ाने के लिए अवसर बढ़ाएगा। जिससे लंदन स्टॉक एक्सचेंज और गिफ्ट सिटी के बीच नए सहयोग के रास्ते खुल सकते हैं। दोनों देशों के बीच यह वित्तीय एकीकरण हमारी कंपनियों को एफटीए का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने में उपयोगी होगा।*

### एआई मतलब 'ऑल इनक्लूसिव'

भारत ने हमेशा से ही एआई के लिए वैश्विक नैतिक तंत्र का पक्ष लिया है। हमारे डिजिटल पब्लिक ढांचे का अनुभव दुनिया के लिए लाभप्रद हो सकता है। हम अपने इसी स्तर को एआई में भी आगे बढ़ाना चाहते हैं। हमारे लिए एआई का अर्थ 'ऑल इनक्लूसिव' है। इस क्षेत्र में हमारी सोच के साथ तीन सिद्धांत जुड़े हुए हैं। जिसमें समान पहुंच, आबादी से जनसंख्या का आकलन और जिम्मेदारी वाला विकास शामिल है। इंडिया-एआई मिशन के तहत हम उच्च प्रदर्शन वाली कंप्यूटिंग क्षमता विकसित कर रहे हैं। ताकि हर नवाचार करने वाले और स्टार्टअप को सस्ती और आसान सुविधा मिले।

### चुनाव तक सीमित नहीं लोकतंत्र

भारत लोकतंत्र की जननी है। जब हम इस पर चर्चा करते हैं तो ये केवल चुनाव या नीतियां बनाने तक सीमित नहीं है। भारत ने इस लोकतांत्रिक भावना को प्रशासन का एक मजबूत स्तंभ बनाया है। जिसका बेहतरीन उदाहरण है तकनीक। पीएम ने दुनिया में काफी समय से तकनीक से जुड़े अंतर यानी खाई का जिक्र करते हुए कहा कि वर्तमान में इसे नकारा नहीं जा सकता है। भारत भी इससे अछूता नहीं रहा है। लेकिन बीते एक दशक में काफी बदलाव आया है। आज का भारत तकनीकी रूप से सबसे अधिक समावेशी समाज में से एक है। भारत-ब्रिटेन की ये साझेदारी वैश्विक वित्तीय परिदृश्य को और बेहतर बनाएगी।

### ग्लोबल साउथ का करेंगे विकास

इंडिया स्टेक केवल भारत के विकास की कहानी नहीं है। ये दुनिया के लिए फायदेमंद है। भारत जो कर रहा है। वो खासतौर पर ग्लोबल साउथ के देशों के लिए आशा की एक किरण है। हम अपने डिजिटल नवाचार से दुनिया में सहयोग, डिजिटल भागीदारी बढ़ाने के इच्छुक हैं। जिसके तहत ही हम अपने अनुभव व ओपन सोर्स प्लेटफार्म दोनों को वैश्विक जन की भलाई के लिए साझा कर रहे हैं। भारत में बना मोशिप इसका बड़ा उदाहरण है। 25 से ज्यादा देशों ने अपना संप्रभु डिजिटल पहचान सिस्टम बनाने इसे अपनाया है। हम बाकी देशों को तकनीक साझा करने के साथ ही उसे विकसित करने में भी मदद दे रहे हैं। जो डिजिटल सहायता नहीं है। क्योंकि दुनिया में कई लोगों को शौक है कि हम सहायता दे रहे हैं। समझदार को इशारा काफी है, ये सहायता नहीं डिजिटल जागरूकता है।

## एसआईआर पर सवाल उठाने वाले प्रशांत भूषण ख़ुद आए सवालों के घेरे में सुप्रीम कोर्ट ने फ़र्ज़ी हलफनामा पकड़ा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग द्वारा बिहार में कराए गए एसआईआर के ख़िलाफ़ क़ानूनी लड़ाई लड़ रहे वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण सुप्रीम कोर्ट में ख़ुद ही बुरी तरह घिर गए। प्रशांत भूषण द्वारा दाखिल किए गए एक हलफनामे को सर्वोच्च अदालत ने संदिग्ध करार दिया। उसे फ़र्ज़ी हलफनामा बताया। इस खुलासे के साथ ही चुनाव आयोग को बदनाम करने की कोशिशों पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मामला बिहार में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) यानी विशेष सघन पुनरीक्षण से जुड़ा है। इसमें मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम हटाने के आरोप लगे थे। विपक्षी दलों और याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि लाखों मतदाता, खासकर अल्पसंख्यक समुदाय के लोग, सूची से बाहर कर दिए गए। इस पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमलया बगची की पीठ ने प्रशांत भूषण से उनके दाखिल हलफनामे पर सवाल उठाए। चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत कुछ हलफनामे फ़र्ज़ी हैं और उनकी कोई कानूनी वैधता नहीं है। इस पर अदालत ने कड़ी नाराज़गी जताई और कहा कि किसी भी दस्तावेज़ की विश्वसनीयता परखी जानी चाहिए।

प्रशांत भूषण ने कहा कि उन्होंने यह हलफनामा व्यक्तिगत रूप से तैयार नहीं किया, बल्कि यह किसी अन्य व्यक्ति द्वारा दिया गया था और उन्होंने उसकी सत्यता पर भरोसा किया। लेकिन अदालत ने स्पष्ट किया कि न्यायिक प्रक्रिया में इस तरह की लापरवाही अस्वीकार्य है। अब अदालत अगली सुनवाई में यह तय करेगी कि फ़र्ज़ी हलफनामे के लिए किस स्तर पर ज़िम्मेदारी तय हो। इस घटनाक्रम के बाद विपक्षी दलों में खलबली मच गई है। सत्ताधारी खेमे ने कहा कि यह चुनाव आयोग की साख को धूमिल करने की एक सोची-समझी चाल थी, जो कोर्ट में बेनकाब हो गई। वहीं चुनाव आयोग ने फिर से दोहराया कि उसने मतदाता सूची का पुनरीक्षण पूरी तरह नियमों और पारदर्शिता के साथ किया है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को यह भी निर्देश दिया कि जिन मतदाताओं का नाम सूची से हटाया गया है, उन्हें निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाए ताकि वे अपील कर सकें।

### एस्टीमेट कमेटी की बैठक में अहम विषयों पर की चर्चा

## संसदीय कमेटी की बैठक में सांसद बृजमोहन ने पारदर्शिता गुणवत्ता और नवाचार को लेकर रखे ठोस सुझाव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

शिक्षा हमारे राष्ट्र के भविष्य की नींव है। हमारा उद्देश्य है कि देश के हर बच्चे तक सुलभ, समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचे। भारत को ज्ञान की महाशक्ति बनाने की दिशा में हम सभी का सामूहिक प्रयास आवश्यक है - रायपुर के सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को संसदीय परिसर में आयोजित एस्टीमेट कमेटी की बैठक में उद्गार व्यक्त कर रहे थे।

बैठक में देश में सुलभ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु बजट और नीतिगत पहलू विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर शिक्षा मंत्रालय (स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग) के प्रतिनिधियों द्वारा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की समीक्षा पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया गया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बैठक में शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण जिनमें प्रतिभाशाली एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति योजनाएं, एआई और रोबोटिक्स जैसे नए विषयों को पाठ्यक्रम में शामिल करने की प्रक्रिया और समयरेखा तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध की गई कार्रवाई, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता के ऑडिट के लिए मौजूद तंत्र, शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु स्थापित 18 उत्कृष्टता केंद्रों की भूमिका और उपलब्धियां शामिल रही।

इसके साथ ही पिछले पांच वर्षों में सीबीएसई की आय एवं व्यय का विस्तृत विवरण, उठाए गए सुधारात्मक कदम शामिल रहे। इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि, समिति के माध्यम से शिक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, गुणवत्ता और नवाचार को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में ठोस सुझाव दिए जा रहे हैं। विभिन्न दलों के कई सांसदों ने बैठक में शिरकत किया ।



**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को नई दिल्ली में उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की।

### कांशीराम की पुण्यतिथि पर बसपा ने रैली का आयोजन किया

## समाज हित में काम कर रही बसपा 2027 में बनेगी हमारी सरकार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लखनऊ में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने कांशीराम की पुण्यतिथि पर एक विशाल रैली का आयोजन किया। इस महारैली में पूरे प्रदेश और देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों समर्थक उमड़े। कार्यकर्ताओं ने 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए अपनी पूरी ताकत और उत्साह का प्रदर्शन किया। रैली में मौजूद समर्थकों ने मायावती को 2027 में उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि बसपा की सरकार सर्व समाज के हित में काम करती है और पूर्व की सरकारों की जातिवादी मानसिकता से अलग है।

### लखनऊ में बसपा प्रमुख मायावती ने किया शक्ति प्रदर्शन



### कोई कसर नहीं छोड़ूंगी, 5वीं बार सरकार बनाऊंगी

मायावती ने कहा कि रैली में लोग अपनी खून-पसीने की कमाई खर्च कर आए हैं। इस रैली ने यहां पर हुई पहले सभी रैलियों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इससे लगता है कि 2027 में यूपी में एक बार फिर पूर्ण बहुमत से बसपा की सरकार बनेगी। उन्होंने वादा किया कि वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगी।

## खबर संक्षेप

### रुपया चार पैसे टूटकर 88.79 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** डॉलर की मज़बूत मांग और भारत-अमेरिका के बीच चल रहे व्यापारिक तनाव के कारण निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित रहने से रुपया मामूली नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करते हुए अपने सर्वकालिक निचले स्तर के आसपास मंडराता रहा, अंत में चार पैसे की गिरावट के साथ 88.79 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

### एलिस्टा ने वॉटर प्यूरीफायर बाजार में किया प्रवेश




**नई दिल्ली।** टेक्नोडोम समूह की इकाई एलिस्टा, जो उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरण ब्रांड क्षेत्र में काम करती है, ने वॉटर प्यूरीफायर खंड में प्रवेश की घोषणा की। इस खंड में हाल के वर्षों में तेज़ वृद्धि देखी जा रही है। कंपनी के अनुसार, इसने 'अमृत'' और 'शुद्ध'' - दो एल्कलाइन वॉटर प्यूरीफायर पेश किए हैं, जो लक्जरी और आधुनिक रसोई के पूरक हैं।

### अमेजन इंडिया पर खरीदी जा सकेगी रॉयल एनफील्ड




**नई दिल्ली।** प्रीमियम मोटर साइकिल बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड की 350 सीसी की सभी मोटरसाइकिल अब ऑनलाइन ई-कॉमर्स मंच अमेजन से खरीदी जा सकेंगी। कंपनी ने बयान में कहा कि फिलहाल पांच प्रमुख शहरों अहमदाबाद, चेन्नई, हैदराबाद, दिल्ली और पुणे के ग्राहकों के लिए ही यह सेवा शुरू की गई है।

# गोल्ड 'ईटीएफ' में भारत बना एशिया में नंबर वन, सितंबर में रिकॉर्ड रहा इनफ्लो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के गोल्ड ईटीएफ ने सितंबर में कमाल कर दिया। सोने के ये एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स यानी ईटीएफ ने पिछले महीने रिकॉर्ड 902 मिलियन डॉलर यानी करीब 7600 करोड़ रुपए का इनफ्लो हुआ है।

■ ये लगातार चौथा महीना जब रिकॉर्ड इनफ्लो हुआ

ये आंकड़ा अगस्त के मुकाबले 285 फीसदी ज्यादा है, और ये लगातार चौथा महीना है जब इनमें इनफ्लो अधिक रहा है। ये एशिया में अब तक का सबसे ऊंचा रिकॉर्ड है। उसके मुकाबले ये 285 फीसदी का उछाल है-यानी अगर अगस्त में 235 मिलियन डॉलर आया था, तो सितंबर ने उसे तीन गुना से ज्यादा कर दिया।

## ईटीएफ ने पिछले महीने रिकॉर्ड 7600 करोड़ रुपए का हुआ इनफ्लो

### क्या है गोल्ड ईटीएफ?

ये ऐसे फंड्स हैं जो सोने की कीमतों पर आधारित होते हैं। आप सीधे सोना खरीदने की बजाय स्टॉक एक्सचेंज पर इनके यूनिट्स खरीद लेते हैं। कोई लॉकर की टेंशन नहीं, कोई चोरी का डर नहीं, बस ऐप या ब्रोकर के जरिए ट्रेड करो। लोग महंगाई से बचने के लिए सोने को सेफ इनवेस्टमेंट मान रहे हैं। ग्लोबल अनिश्चितताएं, जैसे जियोपॉलिटिकल टेंशन या करेंसी की अस्थिरता, सब सोने को चमका रही हैं।




### भारत में रिकॉर्ड तोड़ गोल्ड ईटीएफ में निवेश

भारत के गोल्ड ईटीएफ ने सितंबर में अब तक का सबसे ज्यादा पैसा जुटाया, जिससे भारत को एशिया में पहला स्थान मिला है। ये निवेशकों की सोने के प्रति बढ़ती चाहत को भी दिखाता है। भारत के गोल्ड ईटीएफ में इस साल अब तक का निवेश रिकॉर्ड तोड़ चुका है। साल 2025 के जनवरी से लेकर अब तक, यानी ईयर-टू-डेट, इन फंड्स में 2.18 बिलियन डॉलर यानी करीब 18,094 करोड़ रुपए का इनफ्लो हो चुका है। ये अब तक किसी भी एक साल का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। तुलना करें तो 2024 में पूरे साल में 1.29 बिलियन डॉलर यानी लगभग 10,707 करोड़ रुपए का निवेश हुआ था। 2023 में ये सिर्फ 310 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,573 करोड़ रुपये था, और 2022 में तो महज 33 मिलियन डॉलर यानी 274 करोड़ रुपये ही आया था। ये आंकड़े दिखाते हैं कि भारतीय निवेशकों का सोने पर भरोसा तेजी से बढ़ रहा है।

### गोल्ड ईटीएफ में 2.1 बिलियन डॉलर का निवेश

*पूरे एशिया में गोल्ड ईटीएफ में 2.1 बिलियन डॉलर करीब 17,700 करोड़ रुपए का निवेश आया, जिससे तिमाही का अंत अच्छे नोट पर हुआ। सबसे ज्यादा योगदान चीन का रहा, जहां 622 मिलियन डॉलर यानी लगभग 5,200 करोड़ रुपए का इनफ्लो हुआ। जापान में 415 मिलियन डॉलर करीब 3,500 करोड़ रुपए का इनफ्लो हुआ।*

### जर्मनी ने 6800 करोड़ रुपए का इनफ्लो बनाया

*दुनिया भर में सोने के ईटीएफ में अच्छा-खासा निवेश हुआ है। जर्मनी ने सबसे आगे रहते हुए 811 मिलियन डॉलर यानी करीब 6,800 करोड़ रुपए का इनफ्लो रिकॉर्ड किया। कनाडा ने 301 मिलियन डॉलर यानी लगभग 2,500 करोड़ रुपए डाले है। इटली ने 234 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,000 करोड़ रुपए का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने 182 मिलियन डॉलर यानी 1,500 करोड़ रुपए और साउथ कोरिया ने 165 मिलियन डॉलर यानी 1,400 करोड़ रुपए का निवेश किया।*

## टीसीएस के अधिकारी ने कहा, एक प्रतिशत को नौकरी से हटाया गया

# टीसीएस से 6,000 कर्मचारियों को निकाला गया, बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए जा रहे आंकड़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की प्रमुख आईटी सेवा कंपनी टीसीएस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत अपने कुल कार्यबल का एक प्रतिशत यानी 6,000 लोगों को नौकरी से हटाया है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सुदीप कुन्नुमल ने यह भी कहा कि इस बारे में आंकड़ों को काफी बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है।

अधिकारी ने ऐसे आंकड़ों पर ध्यान नहीं देने का आग्रह किया। यह पूछे जाने पर कि 50,000 से 80,000 लोगों की छंटनी की आशंका जतायी जा रही है, कुन्नुमल ने कहा, ये आंकड़े तथ्यात्मक रूप से सही नहीं हैं। इसे बेहद बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है और इसपर ध्यान देने की जरूरत नहीं है।

### पहली तिमाही में संख्या 6,13,069 थी

इस बीच, आईटी कर्मचारियों के संघ, नैसेंट इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉइज सीनेट (एनआईटीईएस) ने एक बयान में कहा कि टीसीएस ने आधिकारिक तौर पर वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में कर्मचारियों की संख्या 5,93,314 होने की सूचना दी है, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में यह संख्या 6,13,069 थी। संगठन ने कहा, ''यह सिर्फ एक तिमाही में 19,755 कर्मचारियों की कमी को बताता है।''

- ■ प्रतिशत के हिसाब से यह आंकड़ा 6000 कर्मचारियों का होता है
- ■ आशंका जताई जा रही कि 50 हजार से 80 हजार की छंटनी की जा रही
- ■ दूसरी तिमाही में कर्मचारियों की संख्या 5,93,314 होने की सूचना दी है

### लगभग 12,261 कर्मचारियों की छंटनी की योजना

अधिकारी ने कहा कि टीसीएस दुनिया की सबसे बड़ी एआई-आधारित तकनीकी सेवा कंपनी बनना चाहती है। टीसीएस ने इस साल जुलाई में कहा था कि वह इस वर्ष अपने वैश्विक कार्यबल के लगभग दो प्रतिशत यानी 12,261 कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रही है, जिनमें से अधिकांश मध्यम और वरिष्ठ स्तर के होंगे।




***40,000 से अधिक नियुक्तियों का लक्ष्य :*** *यह पूछे जाने पर कि क्या टीसीएस वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 40,000 से अधिक नियुक्तियों के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेगी (जैसा कि जुलाई में उल्लेख किया गया है) या वैश्विक बाजार की स्थितियों को देखते हुए संख्या को संशोधित किया गया है, उन्होंने कहा, ''मैं आपको कोई संख्या नहीं देना चाहता...कारोबार की मांग के आधार पर, हम अपने संगठन की यात्रा को आकार देने के लिए अच्छी प्रतिभा लाने का प्रयास करेंगे।'*

**समाप्त तिमाही में 18,500 की नियुक्ति की गई**

अधिकारी ने कहा कि कंपनी ने अभी-अभी समाप्त हुई तिमाही में 18,500 लोगों को नियुक्त किया है। जो भी प्रस्ताव दिये गये हैं, उन सभी प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया गया है। कुन्नुमल ने कहा, ''एक संगठन के रूप में, हम सभी प्रस्तावों को स्वीकार करते रहेंगे। जहां तक कैंपस से आने वाले प्रस्तावों की बात है, कंपनी सही रास्ते पर है।

### कंपनी का लाभ दूसरी तिमाही में बढ़कर 12,075 करोड़ रुपए

टीसीएस का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 1.4 प्रतिशत बढ़कर 12,075 करोड़ रुपए रहा। विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा खंड में व्यापक वृद्धि के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 11,909 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया था।

### परिचालन राजस्व में बढ़ोतरी

टीसीएस ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 2.39 प्रतिशत बढ़कर 65,799 करोड़ रुपये हो गया जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 64,259 करोड़ रुपये था। तिमाही आधार पर लाभ में 5.3 प्रतिशत की गिरावट आई, हालांकि राजस्व में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# चांदी 6,000 रुपये बढ़कर 1.63 लाख रुपये के नए शिखर पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें 6,000 रुपये बढ़कर 1,63,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गईं। विदेशी बाजारों में पहली बार चांदी 50 डॉलर प्रति औंस के स्तर को छू गई। मजबूत औद्योगिक मांग, भू-राजनीतिक, आर्थिक अनिश्चितताओं और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों ने चांदी की मांग को बढ़ावा दिया है।

एक सप्ताह में दूसरी बार चांदी में इतनी तेज उछाल देखा गया। छह अक्टूबर को यह 7,400 रुपये चढ़कर 1,57,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, बुधवार को चांदी 1,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को क्रमशः 1,26,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 1,26,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर अपरिवर्तित रहा।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**
**(ई–टेंडरिंग द्वारा)**

निविदा संख्या: 558–सिगनल–16–टेली–ओपन टेंडर–1022 दिनांक : 09.10.2025

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | दूरसंचार सुविधा का प्रावधान 1) एडीईएन/ई-III के तहत एसएसई/डब्ल्यू/ बीएच के अनुभाग में बड़ौदा हाउस में लेखा भवन (एनेक्सी–II) की दूसरी मंजिल पर कॉन्फ्रेंस हॉल में सुधार। (ई.सं. 107/24-25/डब्ल्यूई)। 2) डी एंड डी कार्यालय कक्ष संख्या-448 एनेक्सी-1, बड़ौदा हाउस के लिए इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल नवीकरण कार्य स्टेशन, फर्नीचर और सहायक उपकरण। (ई.सं.574-सिग-एम ऑफ 2024-25)। 3) एडीईएन/ ई-III के तहत एसएसई/डब्ल्यू/बीएच के कार्यालय में एनेक्सी-II में एनआरएसए (उत्तरी रेलवे खेल संघ) अनुभाग का सुधार/उन्नयन और एनेक्सी-I में चौथी मंजिल के गलियारे में सुधार। (ई.सं. 109/24-25/डब्ल्यूई)। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 65,63,640.37/- मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 1,31,300.00/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक **31.10.2025** 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

3120/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### पूर्व मुखिया पर लगाया आरोप

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड की पूर्व कार्यकारी चेयरपर्सन रश्मि सलूजा के खिलाफ 179.54 करोड़ रुपये के ईएसओपी घोटाले में आरोपपत्र दायर कर दिया है। जांच एजेंसी ने कहा है कि सह-आरोपियों के साथ मिलकर इस घोटाले को अंजाम दिया गया।

## कीट डीम्ड विश्वविद्यालय को मिला पांचवां स्थान

**भुवनेश्वर (ब्यूरो)।** टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 के घोषित परिणामों में भुवनेश्वर कीट डीम्ड विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर पर 501 संस्थानों में आंका गया है।प्रकाशित सूची में कीट पांचवें स्थान पर भारत में सर्वश्रेष्ठ रहा है। गौरतलब है कि कीट ओडिशा का एकमात्र ऐसा तकनीकी संस्थान है जिसे राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष 10 की सूची में जगह मिली है और यह ओड़िशा राज्य के लिए बेहद गर्व की बात है और इसकी बढ़ती शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रत्यक्ष प्रतीक है। वैश्विक स्तर पर कीट को 2,191 विश्वविद्यालयों में 501-600 बैंड में और 128 भारतीय संस्थानों में राष्ट्रीय स्तर पर पाँचवाँ स्थान प्राप्त हुआ है, जो पिछले वर्ष के 601-800 बैंड की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। यह वृद्धि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति और भारत के सबसे गतिशील और विश्व स्तर पर दिखाई देने वाले संस्थानों में से एक के रूप में इसके उभरने को दर्शाती है। भारतीय विज्ञान संस्थान(IISc) भारतीय विश्वविद्यालयों में शीर्ष पर रहा, जबकि KIIT भारत का पाँचवाँ सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय है।

## एसआरएम को क्यूएसआई गेज डायमंड रेटिंग मिली

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** एसआरएम यूनिवर्सिटी-एपी को समग्र संस्थागत उत्कृष्टता के लिए क्यूएस-आई गेज डायमंड रेटिंग प्रदान की गई है - यह मान्यता विश्वविद्यालय के शिक्षण, अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयास को दर्शाती है। विश्वविद्यालय की उन्नत सुविधाओं को प्लैटिनम रेटिंग से प्रमाणित किया गया, जबकि रोजगार क्षमता, शिक्षण और अधिगम, अनुसंधान, विविधता और सुगम्यता, और अंतर्राष्ट्रीयकरण जैसे प्रमुख क्षेत्रों को गोल्ड रेटिंग से सम्मानित किया गया। इसके संचालन और संरचना के लिए सिल्वर रेटिंग प्रदान की गई - जो इस बात की पुष्टि करती है कि विश्वविद्यालय की शिक्षण-अधिगम पद्धतियाँ, बुनियादी ढाँचा, संचालन और छात्र सहभागिता उच्चतम वैश्विक मानकों के अनुरूप हैं। क्यूएस आई-गेज मूल्यांकन एसआरएम एपी की खूबियों और निवेश के क्षेत्रों पर प्रकाश डालता है। हम इन जानकारियों का उपयोग संसाधनों के आवंटन को बेहतर बनाने और शिक्षा क्षेत्र में अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त को मजबूत करने के लिए करेंगे।

# रिलायंस, आईटी शेयरों में खरीदारी से सेंसेक्स 398, निफ्टी 136 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 398 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 136 अंक की बढ़त रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह के बीच आईटी कंपनियों और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 398.44 अंक यानी 0.49 प्रतिशत चढ़कर 82,172.10 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 474.07 अंक यानी 0.57 प्रतिशत बढ़कर 82,247.73 अंक पर पहुंच गया था।



निफ्टी 135.65 अंक यानी 0.54 प्रतिशत बढ़कर 25,181.80 अंक पर पहुंच गया। तिमाही नतीजों की घोषणा से पहले एचसीएल टेक, टीसीएस, इन्फोसिस और टेक महिंद्रा जैसे आईटी शेयरों में तेजी दर्ज की गई। सेंसेक्स में शामिल अन्य कंपनियों में टाटा स्टील, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ☚

**नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आगामी त्यौहारों के दौरान रेलगाड़ियों के प्लेटफॉर्मों में अस्थायी बदलाव**

आगामी त्यौहारों के मद्देनजर, रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर निम्नलिखित रेलगाड़ियों के प्लेटफॉर्म में दिनांक 05.10.2025 से 30.10.2025 तक निम्नानुसार बदलाव करने का निर्णय लिया है:-

रेलगाड़ियों की सूची जिनके प्लेटफार्म में निम्नलिखित बदलाव किया जायेगा

| क्र. सं. | रेलगाड़ी संख्या | रेलगाड़ी का नाम | आगमन समय | प्रस्थान समय | वर्तमान प्लेटफॉर्म | संशोधित प्लेटफॉर्म |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 12562 | नई दिल्ली – दरभंगा जं. | – | 21:15 | 13 | 01 |
| 2. | 12561 | दरभंगा जं. – नई दिल्ली | 15:45 | – | 12 | 07 |
| 3. | 64418 | दिल्ली जं. – गाजियाबाद | निरस्त | निरस्त | – | – |
| 4. | 12260 | बीकानेर जं. – सियालदह | 19:30 | 19:45 | 13 | 09 |
| 5. | 54473 | दिल्ली जं. – सहारनपुर जं. | 18:40 | 18:45 | 15 | 04 |
| 6. | 64110/64429 | गाजियाबाद – नई दिल्ली – अलीगढ़ जं. | 17:20 | 18:05 | 13 | 10 |
| 7. | 14324 | रोहतक जं. – नई दिल्ली | 15:45 | – | 07 | 02 |
| 8. | 12046 | चण्डीगढ़ जं. – नई दिल्ली | 15:20 | – | 02 | 01 |
| 9. | 64425/64432 | गाजियाबाद – नई दिल्ली – गाजियाबाद | 13:30 | 13:50 | 13 | 05 |
| 10. | 12033 | कानपुर सेन्ट्रल – नई दिल्ली | 11:20 | – | 02 | 10 |
| 11. | 12056/57 | देहरादून – नई दिल्ली – दौलतपुर चौक | 11:05 | 14:35 | 10 | 02 |
| 12. | 64052 | गाजियाबाद – पलवल | 12:38 | 12:40 | 02 | 01 |
| 13. | 64057 | पलवल – गाजियाबाद | 12:20 | 12:22 | 02 | 01 |
| इन रेलगाड़ियों के प्लेटफॉर्म में दिनांक 09.10.2025 से 30.10.2025 तक बदलाव है:- | | | | | | |
| 1. | 12445 | नई दिल्ली – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | – | 20:50 | 15 | 08 |
| 2. | 12392 | नई दिल्ली – राजगीर | – | 13:10 | 08 | 01 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.govin अथवा NTES ऐप देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

3122/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** – वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** – आशा–निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** – मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में मान–सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।


**धनु** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## शब्द पहेली - 6014



**बाएँ से दाए**


1.जाति,समाज,बुंधता-4
3.स्वयंवर माला,जीत-4
6.चूहे का घर-2
7.स्थिर,टिका हुआ-3
8.पार्थिव देह,लाश-2
10.सुवासित करना-4
11.थोड़ा,कम-2
13.मोटा आटा,दानेदार-4
15.गौरव,अभिमान-3
17.विष्णु,नारायण-4
20.वाहन,गाड़ी,जहाज-2
21.होशियार,दक्ष-3
23.उचित,सही-3
25.जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26.करिश्मा,करतब-4
29.भर्त्सना,धिक्कार-3
31.गुलाम,परतंत्र-4
32.बेल,लतिका-2
34.आश्चर्य-4
35.नांद,टप-2
37.मग्नता-3
39.मछली-2
40.कुशलपूर्वक,सुरक्षित-4
41.मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**

1.विधेयक,देयक-2
2.विजयादशमी-4
3.जीत,विजय-2
4.जुड़वा-3
5.शव,मृत शरीर-2
6.बंधु,सजातीय,भाई-4
7.एक आंख वाला-2
9.मौजूदा,आधुनिक-4
10.मदमस्त-4
12.धुन,लय,सुर-2
14.इच्छा,कामना-2
16.सुर साधना-3
18.भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19.छुट्टी,अवकाश-2
21.अच्छे कुल का-3
22.भाग्य (अंग्रेजी-2)
24.यम,मृत्यु का देवता-4
25.अपमिश्रण, खोट-4
27.निशा,रात्रि-2
28.कहासुनी,कलह-4
30.तल्ला,पैंदा-2
31.गुलामी,पराश्रित-4
33.शिक्षा(उर्दू-3)
34.अदा करना,चुकाना-2
36.एक सवारी गाड़ी-2
38.झुका हुआ-2
39.दोस्त,सखा-2

### शब्द पहेली- 6013 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | व | न | कु | मा | र | ■ | म | क | ब | रा |
| ला | न | ■ | त | ■ | स | ली | का | ■ | स | त |
| य | ■ | प | र | वा | ना | ■ | न | न | ■ | दि |
| न | का | र | ना | ■ | ■ | क | ■ | म | हा | न |
| वा | ■ | ख | ■ | स | ह | ल | ज | ■ | ज | ■ |
| दी | वा | ना | प | न | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | जि | ■ | र | स | ले | ना | ■ | न | ■ | री |
| ग | ब | न | ■ | नी | ■ | ■ | अ | वा | न्त | र |
| ज | ■ | शा | न | ■ | आ | ब | नू | स | ■ | र |
| रा | ज | ■ | ज | टा | यु | ■ | रू | ■ | क | क्ष |
| ज | ल | च | र | ■ | ध | मों | प | दे | श | क |



# वनडे विश्व कप इतिहास में रिचा सहित इन भारतीय महिला बल्लेबाजों ने खेली सबसे तेज पारियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वनडे विश्व कप 2025 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम ने पहले मैच में श्रीलंका को और दूसरे मैच में पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम को हराते हुए अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की। पाकिस्तान के विरुद्ध रिचा घोष ने आक्रामक पारी खेली। इस बीच वनडे विश्व कप के इतिहास में सबसे तेज पारियां (कम से कम 30 रन) खेलने वाली भारतीय बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।



### झूलन गोस्वामी

**(स्ट्राइक रेट- 171.42 बनाम वेस्टइंडीज, 2013)**

अपनी गेंदबाजी के लिए मशहूर रही झूलन गोस्वामी भी इस सूची में मौजूद है। पूर्व दिग्गज खिलाड़ी ने विश्व कप 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में 21 गेंदों में 171.42 की स्ट्राइक रेट के साथ 36 रन की पारी खेली थी। अपनी इस आक्रामक पारी में उन्होंने 6 चौके लगाए थे। दिलचस्प रूप से उस मैच में गोस्वामी तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी थी।



### हरमनप्रीत कौर

**(स्ट्राइक रेट- 163.63 बनाम वेस्टइंडीज, 2013)**

जिस मैच में गोस्वामी ने बल्लेबाजी में कमाल किया था, उसी मैच में हरमनप्रीत ने 22 गेंदों में 36 रन बनाए थे। उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के भी लगाए थे। भारत ने ब्रेबोर्न स्टेडियम में हुए उस मैच में 284/6 का स्कोर बनाया था। भारतीय सलामी बल्लेबाज थिरुश कामिनी ने 100 रन की पारी खेली थी। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम सिर्फ 179 रन पर ही सिमट गई थी।

### वेदा कृष्णमूर्ति

**(स्ट्राइक रेट- 155.55 बनाम न्यूजीलैंड, 2017)**

विश्व कप 2017 में भारत ने न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम को 186 रन से करारी शिकस्त दी थी। डर्बी में खेले गए मैच में भारत ने 265/7 का स्कोर बनाया था। भारत से कप्तान मिताली राज ने 123 गेंदों में 109 रन बनाए थे। वहीं, वेदा कृष्णमूर्ति ने 155.55 की स्ट्राइक रेट से 45 गेंदों में 70 रन बनाए थे। जवाब में राजेश्वरी गायकवाड़ की घातक गेंदबाजी (5/15) के सामने कीवी टीम 79 रन पर ढेर हुई थी।



## खबर संक्षेप



### जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप आज से

**भुवनेश्वर।** यहां शुक्रवार से शुरू हो रही पांच दिवसीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में विजयी रहने वाले खिलाड़ियों को अगले महीने रांची में दक्षिण एशियाई सीनियर चैम्पियनशिप में खेलने का मौका मिल सकता है। दक्षिण एशियाई सीनियर चैम्पियनशिप रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में 24 से 26 नवंबर तक होगी। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के प्रवक्ता आदिले सुमरिवाला ने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतिभाशाली जूनियर खिलाड़ियों के लिये अच्छा मौका होगी। सीनियर खिलाड़ियों के साथ एएफआई चयन समिति राष्ट्रीय टीम में युवाओं को भी मौका देगी।'' एएफआई के पूर्व अध्यक्ष सुमरिवाला ने कहा कि यहां पांच दिवसीय टूर्नामेंट में 2000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे जिनमे 950 महिला खिलाड़ी हैं।

### रोहित-विराट वनडे विश्व कप की योजनाओं में शामिल : गिल



**नई दिल्ली।** भारत की वनडे टीम के नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल ने गुरुवार को कहा कि सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली टीम की 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप की योजना का हिस्सा बने रहेंगे क्योंकि उनके कौशल और अपार अनुभव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि वह इस महीने के अंत में आस्ट्रेलिया दौरे से इस प्रारूप की कमान संभालने पर अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की तरह ड्रेसिंग रूम में शांत माहौल बनाए रखने और खिलाड़ियों के साथ दोस्ताना व्यवहार करने की कोशिश करेंगे। पहले ही भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी संभाल रहे 26 वर्षीय गिल 19 से 25 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के साथ अपनी एकदिवसीय कप्तानी की शुरुआत करेंगे।

### थिगाला की अच्छी शुरूआत संयुक्त चौथे स्थान पर



**योकोहामा (जापान)।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहिथ थिगाला ने बृहस्पतिवार को यहां पीजीए टूर पर बेकरंट क्लासिक के पहले दौर में एक डबल बोगी के बावजूद तीन अंडर 68 का कार्ड बनाया। इससे वह संयुक्त चौथे स्थान पर हैं और शीर्ष पांच खिलाड़ियों में बने हुए हैं। गर्दन की चोट से परेशान रहे थिगाला ने मुश्किल परिस्थितियों में पांच बर्डी लगाईं और एक डबल बोगी कर बैठे। मैक्स ग्रेसरमन 67 के कार्ड से बुड कॉले और ब्रायन कैंपबेल के साथ बढ़त बनाए हैं।

## भारत-वेस्टइंडीज दूसरा टेस्ट आज से, मैच सुबह 9:30 बजे से

# जीत से लबरेज टीम इंडिया वेस्ट इंडीज को क्लीन स्वीप करने लगाएगी जोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहले मैच में आसान जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत मेजबान भारत आज 10 अक्टूबर से अरुण जेटली स्टेडियम में शुरू हो रहे दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को एक और करारी शिकस्त देने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा हालांकि इस मैच में उसकी निगाहें साई सुदर्शन के धैर्य और घरेलू परिस्थितियों में नीतीश कुमार रेड्डी की उपयोगिता पर टिकी होंगी।

भारत के पास प्रतिभाशाली क्रिकेटरों का शानदार समूह है, जिनमें से प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी शीर्ष टीम में जगह बनाने में सक्षम है। उसका मुकाबला वेस्टइंडीज की उस टीम से होगा जिसका अतीत गौरवशाली रहा है लेकिन जो वर्तमान में टेस्ट क्रिकेट में बने रहने के लिए संघर्ष कर रही है। वेस्ट इंडीज रोस्टन चेज के नेतृत्व में मेहमान टीम प्रदर्शन में सुधार चाहेगी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टेस्ट भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा।



### अब तक 101 टेस्ट में आपस में भिड़ी हैं दोनों

भारत और वेस्टइंडीज के बीच अब तक 101 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम को 24 मुकाबलों में जीत मिली है। वेस्टइंडीज ने 30 मैच अपने नाम किए हैं। दोनों टीमों के बीच 47 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। भारतीय सरजमीं पर भारत और वेस्टइंडीज के बीच अब तक 48 टेस्ट मुकाबले खेले गए हैं। 14 मैच भारतीय टीम ने जीते हैं और 14 में उसे हार मिली है। 20 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं।

### भारतीय एकादश

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, नितीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, और मोहम्मद सिराज।

### ऐसी है वेस्टइंडीज की टीम

वेस्टइंडीज को अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी टैगनारिन चंद्रपॉल, और जॉन कैंपबेल के कंधो पर होगी। पहले टेस्ट में इस सलामी जोड़ी ने निराश किया था। प्रमुख तेज गेंदबाजों की गैरमौजूदगी में जेडेन सील्स भारतीय बल्लेबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश करना चाहेंगे। संभावित एकादशः टैगनारिन चंद्रपॉल, जॉन कैंपबेल, एलिक एथानाजे, ब्रैंडन किंग, शाई होप (विकेटकीपर), रोस्टन चेज (कप्तान), जस्टिन ग्रीव्स, जोमेल वारिकन, खारी पियरे, जोहान लेने, और जेडेन सील्स।

### इनके प्रदर्शन पर होंगी नजरें

गिल इस साल टेस्ट में कमाल कर रहे हैं। उन्होंने 7 टेस्ट की 13 पारियों में 64.38 की औसत के साथ सर्वाधिक 837 रन बनाए हैं। उन्होंने इस बीच 4 शतक भी लगाए हैं। भारतीय तेज गेंदबाज सिराज ने सीरीज के पहले टेस्ट में कुल 7 विकेट लिए थे। वह शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। वहीं वेस्ट इंडीज के बॉलर सील्स ने इस साल अब तक 24.23 की औसत से 17 टेस्ट विकेट लिए हैं।

### अरुण जेटली स्टेडियम में दोनों टीमों का प्रदर्शन

क्रिकइंफो के अनुसार, अरुण जेटली स्टेडियम में भारतीय टीम का दबदबा रहा है। इस मैदान पर भारत ने 35 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 14 में जीत हासिल की है। दूसरी तरफ 6 मैचों में टीम को हार का सामना करना पड़ा है, जबकि 15 मैच ड्रॉ रहे हैं। वेस्टइंडीज ने दिल्ली के इस मैदान पर कुल 7 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 2 में जीत दर्ज की है और 1 में हार (ड्रॉ- 4) का सामना किया है।

## महिला वनडे विश्व कप

# डि क्लर्क के तूफान में उड़ा भारत दक्षिण अफ्रीका 3 विकेट से जीता



एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम


नेदिन डि क्लर्क के तूफानी अर्धशतक और क्लो ट्रायोन के ऑलराउंड प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप में बृहस्पतिवार को भारत को यहां तीन विकेट से हरा दिया। भारत के 252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए डि कलर्क ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 54 गेंद में आठ चौकों और पांच छक्कों से नाबाद 84 रन बनाने के अलावा ट्रायोन (49) के साथ सातवें विकेट के लिए 69 रन जोड़कर दक्षिण अफ्रीका को 48.5 ओवर में सात विकेट पर 252 रन के स्कोर तक पहुंचाकर जीत दिलाई। कप्तान और सलामी बल्लेबाज लॉरा वोलवार्ट ने भी 70 रन की उम्दा पारी खेली। इससे पहले बाएं हाथ की स्पिनरों ट्रायोन (32 रन पर तीन विकेट) और नोनकुलुलेको मलाबा (46 रन पर दो विकेट) ने बीच के ओवरों में भारतीय बल्लेबाजों पर शिकंजा कसते हुए स्कोर छह विकेट पर 102 रन कर दिया लेकिन ऋचा घोष (94 रन, 77 गेंद, 11 चौके, चार छक्के) और स्नेह राणा (33 रन, 24 गेंद, छह चौके) ने आठवें विकेट के लिए 53 गेंद में 88 रन की ताबड़तोड़ साझेदारी की जिससे मेजबान टीम 251 रन तक पहुंचने में सफल रही।

### न्यूजीलैंड का आज बांग्लादेश से मुकाबला

**गुवाहाटी।** आत्मविश्वास से ओतप्रोत बांग्लादेशी टीम का सामना आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के ग्रुप मैच में खराब फॉर्म से जूझ रही पूर्व चैम्पियन न्यूजीलैंड से यहां शुक्रवार को होगा तो उसके स्पिनर अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे। न्यूजीलैंड ने लगातार दो हार का सामना किया है और उसका जीत का खाता नहीं खुल सका है। वहीं बांग्लादेश की नजरें दूसरी जीत दर्ज करके शीर्ष चार में जगह पक्की करने पर लगी होंगी। न्यूजीलैंड ने 2000 में खिताब जीता था और अब लगातार तीसरी हार के साथ उसे जल्दी बाहर होना पड़ सकता है। मैच दोपहर तीन बजे शुरू होगा।

## वुहान ओपन

# सबालेंका, जेसिका ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह



एजेंसी ▶▶| वुहान (चीन)

अमेरिकी ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका और जेसिका पेगुला ने बृहस्पतिवार को यहां वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज सबालेंका ने लियूडमिला समैससोनोवा को 6-3 6-3 से हराकर वुहान ओपन में जीत का सिलसिला जारी रखा और अपनी 19वीं जीत दर्ज की। सबालेंका ने 2018, 2019 और 2024 में वुहान ओपन के खिताब जीते थे।

### अंतिम पांच में से चार गेम जीते

जेसिका पेगुला ने गुरुवार को यहां तीसरे सेट में शुरुआती सर्विस ब्रेक से उबरते हुए एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-5 3-6 6-3 से हराकर वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पिछले सप्ताह चाइना ओपन सेमीफाइनल में हारने वाली पेगुला ने निर्णायक सेट में स्कोर 2-2 से बराबर किया और फिर अंतिम पांच में से चार गेम जीतकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

### बांग्लादेश व वेस्टइंडीज के बीच वनडे और टी-20 सीरीज 18 से

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। कैरेबियाई टीम इस दौरे पर कुल 6 मैच खेलेगी, जिसकी शुरुआत 18 अक्टूबर से 3 मैचों की वनडे सीरीज से होगी। इसके बाद 27 अक्टूबर से 3 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेली जाएगी। शाई होप को दोनों प्रारूपों का वेस्टइंडीज का कप्तान बनाया गया है। तीन वनडे मैचों में से पहला मैच 18 अक्टूबर को ढाका के मीरपुर में खेला जाएगा। अगले दोनों मैच क्रमशः 21 और 23 अक्टूबर को इसी मैदान पर खेले जाएंगे।

**अकीम ऑगस्टे को मिला वनडे में मौका** : बांग्लादेश दौरे के लिए वेस्टइंडीज टीम में गुडाकेश मोटी, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड और ब्रैंडन किंग जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। गौरतलब है कि वेस्टइंडीज के पूर्व अंडर-19 कप्तान अकीम ऑगस्टे को पहली बार वनडे टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, अनुभवी शीर्ष क्रम के बल्लेबाज एविन लुईस कलाई की चोट के कारण इस दौरे से बाहर रहेंगे।

### अश्विन बोले- संन्यास का फैसला मेरा निजी, किसी ने मजबूर नहीं किया

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने स्पष्ट किया है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का उनका फैसला निजी था और पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में टेस्ट क्रिकेट छोड़ने के लिए उन्हें किसी ने मजबूर नहीं किया था। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल ब्रिस्बेन में 2024-25 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के बाद संन्यास की घोषणा करके क्रिकेट जगत को चौंका दिया था। इसके बाद उन्होंने इस साल अगस्त में इंडियन प्रीमियर लीग से भी संन्यास की घोषणा कर दी। इससे वह दुनिया भर की टी20 लीग में खेलने के लिए स्वतंत्र हो गए हैं। वह इस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनेंगे।



#### कुछ ने रोका था मुझे ऐसा करने से

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा रोहित शर्मा (तत्कालीन कप्तान) ने भी मुझे इस बारे में फिर से सोचने को कहा था। गौती भाई (गौतम गंभीर) ने भी मुझे दोबारा सोचने को कहा था लेकिन मैंने इस बारे में (संन्यास के बारे में) अजीत अगरकर (चयन समिति के अध्यक्ष) से ज्यादा बात नहीं की।अश्विन ने कहा, ''जब खेल से संन्यास लेने की बात आती है तो यह निजी फैसला होता है और मेरा फैसला भी निजी था।

# फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंचा सऊदी अरब

एजेंसी ▶▶| जेद्दा

सऊदी अरब ने इंडोनेशिया को 3-2 से हराकर 2026 में होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।

सऊदी अरब अगर अगले मंगलवार को जेद्दा में ही इराक के खिलाफ जीत हासिल कर लेता है तो ग्रुप बी में पहला स्थान और सातवीं बार विश्व कप में प्रवेश सुनिश्चित कर लेगा। एशियाई क्वालीफाइंग के चौथे दौर में तीन-तीन टीम के दो ग्रुप के विजेता ही विश्व कप में स्वतः प्रवेश पा सकेंगे।



### ऐसा रहा इंडोनेशिया संग मैच का हाल

*बुधवार को खेले गए मैच में इंडोनेशिया ने पहला गोल किया जब केविन डिक्स ने 11वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। इसके छह मिनट बाद सालेह अबू अल-शमात ने बराबरी का गोल किया और 37वें मिनट में फिरास अल-बुरैकन के पेनल्टी पर किए गए गोल ने सऊदी अरब को बढ़त दिला दी। अल-बुरैकन ने दूसरे हाफ में फिर से गोल किया, लेकिन डिक्स ने 89वें मिनट में दूसरी पेनल्टी को गोल में बदल दिया। इससे हालांकि हार का अंतर ही कम हो पाया।*

## मिस्र की जिबूती पर 3-0 की जीत में किए दो गोल

# सलाह ने मिस्र को विश्व कप का टिकट दिलाया

एजेंसी ▶▶| कासाब्लांका

स्टार फुटबॉलर मोहम्मद सलाह के शानदार प्रदर्शन की मदद से मिस्र ने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए टिकट हासिल कर लिया। लिवरपूल के सुपरस्टार सलाह ने बुधवार को मिस्र की जिबूती पर 3-0 की जीत में दो गोल किए। इससे यह सुनिश्चित हो गया कि मिस्र एक राउंड शेष रहते अफ्रीकी क्वालीफाइंग के अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहेगा। मिस्र अमेरिका में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली तीसरी अफ्रीकी टीम है। उससे पहले मोरक्को और ट्यूनीशिया ने विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली थी।



### इब्राहिम अदेल ने भी ठोका एक गोल

सलाह के अलावा इब्राहिम अदेल ने भी मिस्र के लिए गोल किया। अफ्रीका से कुल नौ टीम विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। मिस्र ने इससे पहले 2018 में विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन तब उसे अपने तीनों ग्रुप मैच में मेजबान रूस, उरुग्वे और सऊदी अरब से हार का सामना करना पड़ा था।

### बुर्किना फासो दूसरे स्थान पर

बुर्किना फासो सिएरा लियोन पर 1-0 की जीत के बाद ग्रुप ए में मिस्र के बाद दूसरे स्थान पर है, जबकि इथियोपिया ने गिनी बिसाऊ को 1-0 से हराया। इस बीच केप वर्डे ने 3-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लीबिया के खिलाफ 3-3 से ड्रॉ खेला जिससे वह पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

# भारत की पहली यात्रा के तहत नई दिल्ली पहुंचे अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर मुत्ताकी

## 9 से 16 अक्टूबर तक दौरा, विदेश मंत्री जयशंकर और एनएसए डोभाल संग होंगी बैठकें

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार में विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी गुरुवार को अपनी पहली भारत यात्रा के तहत नई दिल्ली पहुंचे। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि करीब चार साल पहले काबुल में तत्कालीन अशरफ गनी सरकार के पतन के बाद यह पहला मौका है। जब तालिबान की अंतरिम सरकार से जुड़ा कोई वरिष्ठ मंत्री भारत की आधिकारिक यात्रा कर रहा है। मुत्ताकी का ये दौरा कुल छह दिवसीय होगा। जिसमें वह भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ उच्च स्तरीय बैठकों में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि नई दिल्ली में अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी का स्वागत है। हम उनके साथ द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय सहयोग के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि करीब चार साल पहले अफगानिस्तान की तत्कालीन सरकार के तख्तापलट के बाद काबुल की सत्ता पर काबिज हुई तालिबान की सरकार को भारत ने आधिकारिक रूप से अभी तक मान्यता प्रदान नहीं की है। लेकिन दुनिया के बाकी देशों की भांति ही उनके साथ संवाद और संबंधों की प्रक्रिया जारी है।



### यूपी में देवबंद मदरसा, ताजमहल देखेंगे मुत्ताकी

अपनी भारत यात्रा के दौरान अफगानिस्तान के विदेश मंत्री उत्तर प्रदेश भी जाएंगे। जहां दारूल उलूम देवबंद के मदरसे और ताजमहल देखने की उनकी योजना है। पूर्व में उन्हें पिछले सितंबर महीने में भारत की यात्रा पर आना था। लेकिन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) द्वारा मुत्ताकी की विदेश यात्राओं पर लगाए गए प्रतिबंध की वजह से तब उनकी यह यात्रा नहीं हो सकी थी। जो कि अब हो रही है। परिषद ने 30 सितंबर को ही आमिर खान मुत्ताकी की विदेश यात्राओं पर लगी हुई पाबंदी को अस्थायी रूप से हटाया है। जिसके बाद ही वह 9 से 16 अक्टूबर तक भारत की यात्रा कर रहे हैं। उनकी इस यात्रा से दोनों देशों के संबंधों में नए आयाम जुड़ने की उम्मीद है। इसी साल जनवरी महीने में विदेश सचिव विक्रम मिस्री और मुत्ताकी के बीच हुई बातचीत के बाद तालिबान शासन ने भारत को एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और आर्थिक शक्ति बताया था। भारत, अफगानिस्तान के विदेश मंत्रियों के बीच भी बीते वक्त में टेलीफोन के माध्यम से संवाद हो चुका है।

### चीनी महिला से रोमांस राजनयिक बर्खास्त

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने अपने देश के एक राजनयिक को एक चीनी महिला से कथित रोमांटिक संबंध रखने के कारण बर्खास्त कर दिया है। महिला पर चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से संबंध होने का आरोप है। इस मामले को हाल में लागू किए गए उस प्रतिबंध के तहत पहली कार्रवाई माना जा रहा है, जिसमें अमेरिकी कर्मियों के चीनी नागरिकों से ऐसे व्यक्तिगत संबंध पर रोक लगाई गई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने इसकी पुष्टि की। हालांकि उन्होंने राजनयिक का नाम उजागर नहीं किया है।




## आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते हैं

# ऑस्ट्रेलिया की धरती से राजनाथ की आतंकवाद पर पाकिस्तान को दो टूक...

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

*ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक में बोले भारत के रक्षा मंत्री*

*बैठकर में 3 रक्षा समझौतों पर हुए हस्ताक्षर, जारी किया गया साझा बयान*

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को अपनी दो दिवसीय यात्रा के तहत कैनबरा में ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड. एम के साथ द्विपक्षीय बैठक की। जिसमें दोनों देशों के बीच तीन रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। सूचना साझा करना, पनडुब्बी खोज-बचाव सहयोग और संयुक्त स्टाफ वार्ता पर सन्दर्भ की शर्तें इसमें शामिल है।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलिया की जमीन से पाकिस्तान का नाम लिए बिना उसे साफ शब्दों से संदेश देते हुए कहा कि आतंकवाद और बातचीत साथ साथ नहीं चल सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद और व्यापार व खून- पानी साथ साथ नहीं बह सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ एकजुट होने का आग्रह किया। बैठक के बाद एक संयुक्त बयान भी जारी किया गया। जिसका संबंध दोनों देशों की व्यापक रणनीतिक साझेदारी के पांच वर्ष पूरे होने के अवसर से संबंधित है। दोनों रक्षा मंत्रियों ने सैन्य अभ्यास, समुद्री सुरक्षा, रक्षा उद्योग सहयोग, विज्ञान- प्रौद्योगिकी में अनुसंधान सहित कई क्षेत्रो में सहयोग को गहरा करने को लेकर प्रतिबद्धता जताई।

### पीएम अल्बानीज ने भारतीय पीएम के नेतृत्व की सराहना की



राजनाथ ने दोनों देशों के संबंधों पर जोर देते हुए कहा कि व्यापक रणनीतिक साझेदारी ने संबंधों की समग्र दिशा के हिसाब से रक्षा सहयोग में उल्लेखनीय विस्तार देखा है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के साथ भी रक्षा मंत्री ने मुलाकात की। जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से उन्हें शुभकामनाओं के साथ मई महीने में चुनावी जीत लेकर दी गई बधाई प्रेषित की। पीएम अल्बानीज ने भारत के प्रधानमंत्री के गतिशील नेतृत्व में भारत की प्रगति की सराहना की। जिसमें रक्षा, सुरक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्र मुख्य हैं। साथ ही उन्होंने लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने के प्रयासों को भी सराहा। आगामी वर्षों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए उत्साह व्यक्त किया। संयुक्त बयान में भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी को परिभाषित करने वाली बढ़ती गहराई और आपसी विश्वास को रेखांकित किया गया है।

